संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 04 जनवरी 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली में एक रैली को संबोधित करते हुए। इस मौके पर पीएम ने आप सरकार को घेरा।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 19 अंकः 04 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group








## आदर्श विचार



"सफलता उसी व्यक्ति को मिलती हैं, जिसका स्वयं की इन्द्रियों पर बस हो।- भगवत गीता"

## मन की बात



"बाहरी प्रकृति केवल आंतरिक प्रकृति बड़ी है।"

-स्वामी विवेकानंद

# दिल्ली एक बड़ी 'आप-दा' से घिरी है: मोदी

● प्रधानमंत्री का केजरीवाल पर तंज, कहा- मैं भी 'शीश महल' बनवा सकता था, लेकिन 4 करोड़ लोगों को घर देकर उनके सपने पूरे किए

**चुनावी शंखनाद**

**पीएम ने अशोक विहार में झुग्गी-झोपड़ी वालों के लिए बनवाए गए स्वाभिमान अपार्टमेंट में 1,675 फ्लैट की चाबी लाभार्थियों को सौंपी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आआपा सरकार को 'आप-दा' की संज्ञा देते हुए कहा कि पिछले 10 सालों से राष्ट्रीय राजधानी आपदा से घिरी हुई है। उन्होंने दिल्लीवालों से इसे बदलने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने अशोक विहार में झुग्गी-झोपड़ी वालों के लिए बनवाए गए स्वाभिमान अपार्टमेंट में 1,675 फ्लैट की चाबी लाभार्थियों को सौंपने के बाद रामलीला मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में रिमोट का बटन दबाकर राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों को 4500 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का तोहफा दिया। इसमें जेजे क्लस्टर के निवासियों के लिए 1,675 फ्लैट, स्कूल और कॉलेजों से जुड़े प्रोजेक्ट हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश अच्छी तरह जानता है कि मोदी ने कभी अपने लिए घर नहीं बनाया। मैं भी अपने लिए शीश महल बनवा सकता था, लेकिन पिछले 10 सालों में मैंने 4 करोड़ से ज्यादा लोगों को घर देकर उनके सपने पूरे किए हैं। प्रधानमंत्री ने झुग्गी के बदले फ्लैट पाने वालों से अपनी बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि स्वाभिमान अपार्टमेंट गरीबों के स्वाभिमान को बढ़ाने वाला है। उनका कहा कि झुग्गी के बदले फ्लैट पाने वाले भले ही दिल्ली के अलग-अलग स्थानों के हैं लेकिन वे सभी मोदी का परिवार हैं। आआपा प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अन्ना हजारे को आगे रखकर कुछ 'कट्टर बेईमान' लोगों ने राष्ट्रीय राजधानी को 'आपदा' की ओर धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली पर एक 'आप-दा' की तरह आई है। ये लोग खुलेआम भ्रष्टाचार करते हैं और इसका जश्न भी मनाते हैं। ये और कुछ नहीं, 'चोरी, ऊपर से सीनाजोरी' है। दिल्ली पर 'आपदा' का संकट आ गया है। इसलिए दिल्ली के लोगों ने इस आपदा के खिलाफ जंग छेड़ दी है।

दिल्ली एक सुर में कह रही है, 'आपदा को नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे'। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों से दिल्ली एक बड़ी आप-दा से घिरी है।

## 10 साल में दिल्ली एक बड़ी आपदा से घिरी है: मोदी

पीएम मोदी ने दिल्ली में चुनावी रैली के दौरान 9 बातों का जिक्र करते हुए आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि बीते 10 साल में दिल्ली एक बड़ी आपदा से घिरी है। अन्ना हजारे जी को सामने करके कुछ कट्टर बेईमान लोगों ने दिल्ली को आपदा में धकेल दिया। शराब ठेकों में घोटाला, बच्चों के स्कूल में घोटाला, गरीबों के इलाज में घोटाला, प्रदूषण से लड़ने के नाम पर घोटाला। पीएम ने कहा था कि दिल्ली में 500 जन औषधि केंद्र बनाए गए हैं। 80 फीसदी दवाओं पर डिस्काउंट मिलता है। 100 रुपए की दवा 15 रुपए में मिलती है। मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली आयुष्मान योजना का लाभ देना चाहता हूं, लेकिन आपदा सरकार को दिल्ली वालों से दुश्मनी है।

**दिल्ली में चुनाव की तारीखों का जल्द ऐलान होगा** : दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी 2025 को खत्म हो रहा है। चुनाव आयोग जनवरी के दूसरे हफ्ते में चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। पिछला विधानसभा चुनाव फरवरी 2020 में हुआ था।

## मतदाताओं ने दिल्ली को 'आप-दा' मुक्त करने का संकल्प लिया



**प्रधानमंत्री** ने कहा कि दिल्ली के मतदाताओं ने दिल्ली को इस आपदा से मुक्त करने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि शराब के ठेकों में घोटाला, बच्चों के स्कूल में घोटाला, गरीबों के इलाज में घोटाला, भर्तियों के नाम पर घोटाला ये लोग दिल्ली के विकास की बात करते थे, लेकिन ये लोग आप-दा बनकर दिल्ली पर टूट पड़े हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली वालों ने आप-दा के विरुद्ध जंग छेड़ दी है। दिल्ली का वोटर, दिल्ली को आप-दा से मुक्त करने की ठान चुका है। वो कह रहा है- आप-दा को नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक बन चुका है। 2025 में भारत की ये भूमिका और भी मजबूत होगी। ये साल दुनिया में भारत की स्थिति को और मजबूत करने का साल होगा। ये साल भारत को दुनिया के सबसे बड़े मैन्यूफैक्चरिंग सेंटर में से एक बनाने का साल होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अशोक विहार आने से उनकी पुरानी यादें ताजा हो गईं। इंदिरा गांधी की तानाशाही सरकार और आपातकाल के खिलाफ संघर्ष के दौरान जब देश उथल-पुथल भरे दौर से गुजर रहा था, तब मैं और मेरे कई साथी भूमिगत आंदोलन का हिस्सा थे।

## आपदा दिल्ली में नहीं, भाजपा में आई: केजरीवाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आपदा दिल्ली में नहीं भाजपा में आई हुई है। भाजपा के पास न तो सीएम फेस है और न ही एजेंडा। पूर्व सीएम ने कहा- हमने दिल्ली में इतने काम किए हैं कि घंटों तक गिना सकते हैं। अपने 43 मिनट के भाषण में वे (पीएम) कोई काम नहीं गिना पाए। केजरीवाल ने यह पलटवार पीएम मोदी की रैली के डेढ़ घंटे बाद किया। दरअसल, मोदी ने शुक्रवार से दिल्ली विधानसभा चुनाव का आगाज अशोक विहार की रैली से किया। उन्होंने आप को दिल्ली के लिए 'आपदा की सरकार' बताया। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के अंदर कानून-व्यवस्था की आपदा है। गैंगस्टर गोलियां चला रहे हैं, व्यापारी रो रहे हैं और सुरक्षा मांग रहे हैं। मोदी और शाह के कानों में आवाज नहीं पहुंच रही है।

## उचित मुआवजा दिए बिना संपत्ति से वंचित नहीं किया जा सकता : कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि संपत्ति का अधिकार एक संवैधानिक अधिकार है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि किसी को भी कानून के मुताबिक उचित मुआवजा दिए बिना उसकी संपत्ति से वंचित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि संपत्ति का अधिकार भले ही मौलिक अधिकार नहीं हो, लेकिन संविधान के अनुच्छेद 300-ए के मुताबिक यह एक संवैधानिक अधिकार है। कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति को बिना उचित मुआवजे के उसे उसकी जमीन से बेदखल नहीं किया जा सकता है।

## नक्सल एनकाउंटर में 3 नक्सली ढेर

**टीम एक्शन इंडिया**
रायपुर: सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के नक्सल प्रभावित सोरनामाल जंगल में तीन नक्सलियों का एनकाउंटर किया है। डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर लिया था। इस नक्सल ऑपरेशन में छत्तीसगढ़-ओडिशा के करीबन 300 जवान मौके पर मौजूद रहे। मौके से शव और आटोमेटिक हथियार बरामद किये गये हैं।

## काउंटी: भारत-चीन फिर आमने-सामने



**विरोध**

**लद्दाख क्षेत्र में नई काउंटी बनाने पर बढ़ी टेंशन; विदेश मंत्रालय ने कहा- मंजूर नहीं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को कहा कि उसने होटन प्रान्त में दो नए काउंटी बनाने पर चीन के समक्ष गंभीर विरोध दर्ज कराया है। भारत का कहना है कि इन क्षेत्रों के कुछ हिस्से भारतीय केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में आते हैं। नई दिल्ली ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नए काउंटी बनाने से न तो क्षेत्र पर अपनी संप्रभुता के संबंध में भारत की दीर्घकालिक और सुसंगत स्थिति पर कोई असर पड़ेगा और न ही चीन के अवैध और जबरन कब्जे को वैधता मिलेगी।

**अवैध कब्जा स्वीकार नहीं: विदेश मंत्रालय**
विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने क्षेत्र में भारतीय क्षेत्र पर अवैध चीनी कब्जे को कभी स्वीकार नहीं किया है। उन्होंने कहा, 'हमने चीन के होटन प्रान्त में दो नए काउंटी बनाने से संबंधित घोषणा देखी है।
इन तथाकथित काउंटी के अधिकार क्षेत्र के कुछ हिस्से भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में आते हैं।' उन्होंने कहा, 'हमने इस क्षेत्र में भारतीय क्षेत्र पर अवैध चीनी कब्जे को कभी स्वीकार नहीं किया है।'

## गरीबी मुक्त गांव बनाने का लें संकल्प: शिवराज



**योजना**

**कोई बेरोजगार ना हो। उनकी न्यूनतम आवश्यकताओं को ठीक ढंग से पूरी कर पाएं: शिवराज सिंह**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक की। शिवराज ने कहा कि वर्ष 2025 को हमें गरीबी मुक्त गांव बनाने का संकल्प लेना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी की इच्छा है कि हर गांव गरीबी मुक्त हो और गरीबी मुक्त गांव का मतलब है गांव का हर भाई-बहन किसी ना किसी आजीविका मूलक काम से जुड़ा हो। कोई बेरोजगार ना हो। उनकी न्यूनतम आवश्यकताओं को ठीक ढंग से पूरी कर पाएं। यह लक्ष्य सभी राज्य एक साथ मिलकर पूरा कर सकते हैं। यह असंभव नहीं है, कठिन जरूर है, लेकिन हम साथ मिलकर काम करेंगे।

## चंदन हत्याकांड: सभी 28 दोषियों को उम्रकैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः उत्तर प्रदेश** का चर्चित चंदन हत्याकांड में एनआईए कोर्ट का फैसला आ गया है। सभी दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। बता दें कि अनुपस्थित रहा सलीम शुक्रवार को न्यायालय में हाजिर हुआ। दोनों पक्षों की तरफ से सजा के बिंदु पर बहस पूरी होने के बाद अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

**यह था पूरा मामला** कासगंज जिले में 26 जनवरी 2018 को तिरंगा यात्रा निकालने के दौरान हुए दंगे में चंदन गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के पिता ने 20 आरोपितों के खिलाफ नामजद समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने परीक्षण के दौरान 180 किमी प्रति घंटे की गति हासिल की



**विश्वस्तरीय**

**देशभर के रेल यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए यह विश्वस्तरीय सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने पिछले तीन दिनों में अपने कई परीक्षणों में 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति हासिल की है। ये परीक्षण इस महीने के अंत तक जारी रहेंगे। उसके बाद देशभर के रेल यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए यह विश्वस्तरीय सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी। कोटा डिवीजन में सफल परीक्षण का एक वीडियो साझा करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर एक पोस्ट में ट्रेन की गति का उल्लेख किया। वीडियो में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के अंदर एक मोबाइल के बगल में पानी से भरा गिलास दिखाया गया है। वीडियो में पानी का स्तर स्थिर देखा जा सकता है। चलती ट्रेन 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम और स्थिर गति प्राप्त करती है। हाई-स्पीड रेल यात्रा में वंदे भारत यात्रियों को आराम का अनुभव कराती है। मंत्रालय के अनुसार, यह पोस्ट तीन दिनों के सफल परीक्षण के बाद आया है, जो 2 जनवरी को संपन्न हुआ, जिसमें वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने अपनी अधिकतम गति को छू लिया था।राजस्थान के बूंदी जिले में गुरुवार को कोटा और लबान के बीच 30 किलोमीटर लंबे ट्रायल रन के दौरान ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की। वर्ष 2025 के पहले दिन रोहल खुर्द से कोटा के बीच 40 किलोमीटर लंबे ट्रायल रन में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की।

इसी दिन कोटा-नागदा और रोहल खुर्द-चौमहला सेक्शन पर 170 किलोमीटर प्रति घंटे और 160 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की।




# मुख्यमंत्री ने गुप्ति सागर महाराज से लिया आशीर्वाद

धाम

▶▶ बागवानी मंडी मेंजो दिक्कत है उसको जल्दी से दूर करके तीव्र गति से निर्माण कार्य पूरा करवाया जाएगा





**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** जी टी रोड स्थित गुप्ति सागर धाम में शुक्रवार को चंडीगढ़ जाते समय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुप्ति सागर धाम में पहुंचे। धाम में पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने गुप्तिसागर महाराज से आशीर्वाद लिया। सैनी ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी मेंजो दिक्कत है उसको जल्दी से दूर करके तीव्र गति से निर्माण कार्य पूरा करवाया जाएगा। मंडी में निर्माण कर रही निर्माण एंजेसी से निर्माण को लेकर फालों लिया जाएगा। रैपिड मैट्रों को लेकर कहा रैपिड मैट्रों करनाल तक जाएगी। ट्रैफिक का बहुत दवाब है। क्षेत्र के लोगों को बहुत लाभ मिलेगा, क्योंकि रैपिड मैट्रों गति से चलने वाली ट्रेन है। गन्नौर में कालेज के भवन के निर्माण को लेकर कहा कि अगर कोई ऐसा मामला है तो वे जल्दी ही गन्नौर में आने वाले है। सभी की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान होगा। हम मिलकर सभी कामों को करेंगे लोगों की उपेक्षाओं पर खरा उतरें उसके लिए चुस्त व दुरूस्त होकर काम करे। सभी काम गति से चलेगे। हरियाणा प्रदेश की लोगों की उपेक्षाओं पर सरकार मजबूती से खरा उतरेगी। हमारे विधायकों व सरकारी अधिकारियों की जनता के कामों के प्रति जवाबदेही है। अधिकारी जनता से अच्छे तरीके से बात करते हुए उन्हें करने काम करे। अगर कोई ऐसे विषय है जो ऊपर लेवल के है तो उन्हें बताए। हमारे विधायक व मंत्रीगण से बात करके उक्त कामों को गति देने की जिम्मेदारी हमारी है। सरकार मजबूती से प्रदेश के लोगों की उपेक्षाओं पर खरा उतरेगी। सोनीपत में पिछल्ले दस वर्षों में आप सोनीपत के आसपास हाइवे व इतने बाईपास निकले हैप्रधानमंत्री का विजन है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा।

उस विकसित राष्ट्र की नींव मजबूत दिखाई दे रही है। लगातार देश आगे बढ़ रहा है। हर वर्ग के लिए मोदी जी की सरकार काम कर रही है। प्रधानमंत्री ऐसे व्यक्तित्व है कि वे हर वर्ग की चिंता करते है। नव वर्ष पर प्रधानमंत्री ने कैबिनेट की बैठक बुलाकार बड़ा निर्णय किया है, जो यूरिया व डीएपी के जो दाम बढ़ते थे। कांग्रेस ने कभी किसानों की चिंता नही कि। 2009 में खाद के रेट बढ़े है। कांग्रेस के समय में 466 का डीएपी खाद का थैला था वो 1200 का और युरिया का 600-700 रुपएं का मिलना शुरू हो गया था।

ये रेट कांग्रेस के समय में डबल हुए। अब मोदी जी ने किसान हित में निर्णय लेते हुए डीएपी व यूरिया खाद के रेट नही बढ़ने दिए। इस मौके पर एसीपी मलकीत सिंह, खरखौदा के विधायक पवन खरखौदा, जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, दिनेश स्वामी, निशांत छौक्कर, बबीता दहिया, अंकित मल्होत्रा, हरीश लूथरा के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

**गुप्ति सागर धाम में पहुंचने पर विधायक ने किया मुख्यमंत्री का पगड़ी पहनाकर स्वागत**- गुप्ति सागर धाम में पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुप्ति सागर से महाराज से आशीर्वाद लिया और इसके बाद विधायक देवेन्द्र कादियान ने पटका व पगड़ी पहनाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

**भारतीय रेल**
भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)
सं. 2024/आरएस (ई)/टीएमएस/2 नई दिल्ली, दिनांक 03/01/2025
भारतीय रेलवे के लिए ट्रैक मशीन हेतु हाइड्रोलिक स्पेयर खरीद के लिए दिनांक 29/01/2025 को बंद होने वाली ई–ओपन स्वदेशी निविदा सं. 2024–टीएमएस–2 सी भारत के राष्ट्रपति के लिए ओर से भारतीय रेलवे के लिए ट्रैक मशीन हेतु हाइड्रोलिक स्पेयर खरीद के लिए इलेक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सुचित किया जाता है कि वे आगे के ब्योरो के लिए, निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने और अपनी ई–बोलियां जमा करने के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर जाएं।
निदेशक, रेल भंडार (एफ) (रेलवे बोर्ड)
32/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82 Cr. P. C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक पुत्र राजवीर सिंह** निवासी : म.नं. सी–495, गली नं. 10, अशोक नगर, मंडोली रोड, दिल्ली ने **FIR No. 79/2018 dt.09.04.2018 U/s 379/356/411/34 IPC** के अंतर्गत **थाना : जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपक** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दीपक** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 79/2018 dt.09.04.2018 U/s 379/356/411/34 IPC थाना : जगतपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 15.02.2025 को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
आयुशी सक्सेना, एलडी. जेएमएफसी–05
कमरा नं. 07, एसएचडी,
कडकडडूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/16947/SHD/2024 (court matter)

# नपा उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव बैठक स्थगित, एसडीएम अचानक हुए बीमार



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** नगरपालिका उपाध्यक्ष दिनेश अदलखा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव स्थगित हो गई। एसडीएम मनीष कुमार फौगाट के अचानक बीमार पड़ने की वजह से वह बैठक में नहीं पहुंचे, जिससे बैठक का संचालन नहीं हो पाया। बैठक में 14 पार्षद उपस्थित रहे, लेकिन लंबे समय तक प्रतीक्षा के बावजूद जब एसडीएम बैठक में नहीं आए तो उन्होंने नगरपालिका के बाहर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पार्षदों का आरोप है कि प्रशासन राजनीतिक दबाव के चलते बैठक नहीं होने दे रहा है। इससे पहले वह दो बार एसडीएम मनीष कुमार फौगाट से भी मिले थे। उन्होंने बैठक में पहुंचने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन अचानक बिना की पूर्व सूचना के वह बैठक में नहीं पहुंचे। उन्होंने हाथों में गंगाजल लेकर प्रण किया कि वे नगरपालिका उपाध्यक्ष दिनेश अदलखा के खिलाफ एकजुट रहेंगे और उन्हें हटा कर एक निष्पक्ष पार्षद को नगरपालिका का उपाध्यक्ष बनाएंगे, ताकि गन्नौर शहर का विकास में बाधा न आए। इसके बाद पार्षदों ने पालिका सचिव पवित्र गुलिया के माध्यम से उपायुक्त को शिकायत दी। इस दौरान वार्ड पार्षद सचिन कुमार, पार्षद कृष्ण लाल, पार्षद ममता पांचाल, पार्षद अजय सरोहा, पार्षद अंकित त्यागी, पार्षद विकास, पार्षद संगीता त्यागी, पार्षद राखी, पार्षद सतबीर शर्मा, पार्षद सोनिया शर्मा, पार्षद राजेश शर्मा, पार्षद शिवानी जैन,पार्षद नरेश वर्मा व पार्षद शमशेर सैनी मौजूद रहे।

**अब हाईकार्ट में आदेशों की अवमानना करने पर अपील करेंगे : पार्षद**
पार्षद एडवोकेट कृष्ण लाल व पार्षद एडवोकेट सतबीर शर्मा ने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और बैठक के लिए तारीख निर्धारित नहीं करने पर उन्होंने हाई कोर्ट में अपील की थी। जिसके बाद अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 13 दिसंबर निर्धारित की। इस बैठक के 15 दिन बाद 29 दिसंबर को प्रशासन द्वारा अविश्वास बैठक की जानी थी, लेकिन प्रशासन ने इसे बढ़ा कर 3 जनवरी कर दिया गया। शुक्रवार को इस मामले में बैठक होनी थी, लेकिन एसडीएम ने बैठक में नहीं पहुंच कर हाईकोर्ट के आदेशों की अवमानना की है। वह अब हाईकार्ट में आदेशों की अवमानना करने पर अपील करेंगे।

**उत्तर रेलवे**
इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 07240460 | ओवरहालिंग किट फॉर इंडिकेटर | 5904 सेट | 30.01.2025 |
| 02 | 04230059A | शैल गेडस एस 5 वी 42 पी 2.5 ग्रीस | 9180 किलो ग्राम | 11.02.2025 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं. 85/2024-2025 दिनांक : 03.01.2025 37/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**भारतीय रेल**
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
सं. 2023/आरएस (ई)/टीएम/3 नई दिल्ली, दिनांक : 02.01.2025
शुद्धिपत्र संख्या 2
विषयः 138 अदद् 'डायनामिक ट्रैक स्टेबलाइजर (डीटीएस)' के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 10.01.2025 को बंद होने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2023–टीएम–3
1. विषय निविदा बंद होने की नियत तिथि 10.01.2025 (शुक्रवार) से 18.02.2025 (मंगलवार) बदल दी गई है।
2. निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें समान रहेंगी।
निदेशक, रेल भंडार (एफ) (रेलवे बोर्ड)
40/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **बिजेन्दर कुमार, पुत्रः बिशन सिंह, निवासीः ए-15, गली नं.1, ए-ब्लॉक, नाथू कॉलोनी ईस्ट, दिल्ली-110093** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **CC No.20772/2018 U/S 138 NI ACT** के तहत एक मामला **थाना राजेंद्र नगर, दिल्ली** में दर्ज किया गया है किया है (या किए जाने का संदेह है) और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **बिजेन्दर कुमार** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **बिजेन्दर कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **बिजेन्दर कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.02.2025** सुबह **10.00 बजे** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
श्रेया सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05,
एनआई एक्ट (केंद्रीय), कमरा नं. 02,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/52/CD/2025

## दो अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद सहित आरोपी को काबू किया

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
सीआईए वन पुलिस टीम ने सेक्टर 18 में निजामपुर पुलिया के पास एक युवक को दो अवैध देसी पिस्तौल व एक जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान विपिन निवासी सनौली खुर्द के रूप में हुई। जिला पुलिस द्वारा अवैध हथियारों की तस्करी पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है।

## घर के कूडा-कर्कट व रसोई में बची हुई खाद्य पदार्थ से कंम्पोस्ट खाद बनाने के बारे में दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
खंड के गांव जानी में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कंम्पोस्ट खाद बनाने के बारे में मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें 35 महिलाओं ने भाग लिया। डाक्टर महा सिंह ने महिलाओं को घर के बचे हुए खाद्य सामग्री व कूड़ा करकट से जैविक खाद बनाने के बारे में जानकारी दी।

उन्हें बताया कि जैविक खाद्य से मनुष्य कहीं बीमारियों से बचता है और हमारे खेत में लाभकारी जीवाणु भी बचे रहते हैं जो हमारी फसलों में लाभ देते हैं। आज किसान ज्यादा दवाइयां व अंग्रेजी खाद डालकर ज्यादा पैदावार ले रहा है। परन्तु यह दवाइयां मनुष्य के शरीर पर भी असर डाल रही है व फसल जहरीली भी हो रही है। उन्होंने बताया कि सरकार भी महिलाओं को जैविक खेती के बारे में अनेकों स्कीमों के तहत योगदान दे रही है। इसकी शुरूआत हमें खेत में व खाली प्लाटों में सब्जियां तैयार कर इसका फायदा उठाना चाहिए ।

**उत्तर रेलवे**
निविदा सूचना
उप मुख्य अभियंता/निर्माण–I, उत्तर रेलवे, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए **दो पैकेट सिस्टम** के अधीन खुली ई–टेंडर आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थल | नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के डी. एल. टी. कॉम्प्लेक्स में कोचिंग अनुरक्षण सह वाशिंग लाइन सं. 3, 4 और 5 पर कवर शेड का निर्माण और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के राजधानी कॉम्प्लेक्स में कोचिंग अनुरक्षण सह वाशिंग लाइन सं. 9 और 10 पर कवर शेड का निर्माण और अन्य कार्य। |
| 2 | कार्यावधि | 18 (अट्ठारह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रुपये 4034.42 लाख (रुपये चालीस करोड़ चौंतीस लाख बयालीस हज़ार मात्र) |
| 4 | धरोहर राशि, जो जमा करानी है | रुपये 21,67,200/– (रुपये इक्कीस लाख सड़सठ हज़ार दो सौ मात्र) |
| 5 | ई–टेंडर जमा करने व खुलने की तारीख व समय | निविदाएँ IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 27.01.2025 को 11.30 बजे तक अपलोड की जा सकती है। निविदा दाता केवल ई–टेंडर में भाग ले सकते हैं। निविदाएँ दिनांक 27.01.2025 को 11.30 बजे खोली जाएंगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र | निविदा प्रपत्र IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 03.01.2025 से 27.01.2025 तक उपलब्ध होगी। उपरोक्त निविदा के संबंध में अन्य सभी नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र में दिये गए हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के सूचना पट पर भी देखी जा सकती है। |

सं.: 220-Acs-1-1267-Shed-NDLS दिनांक: 03.01.2025 30/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82Cr. P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **उदय शर्मा, मैसर्स सुपरटेक इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन, पताः ए–70, गली नंबर 7, नीति विहार, लाल मंदिर के पास, किरारी, नांगलोई, दिल्ली–110041** ने **CT No. 5814/19, U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना माया पुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **उदय शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **उदय शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।
अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **CT No. 5814/19, U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना माया पुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **उदय शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार,
श्री शुभम गुप्ता
महानगर दण्डाधिकारी (एनआई एक्ट)–05
(पश्चिम), कमरा नं. 04, एनेक्सी–I
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/10/WD/2025(Court Matter)

# सेवानिवृत्त हुए अधिकारी का किया सम्मान



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी सतीश शर्मा का जैन गर्ल्ज कालेज में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बीआरसी आजाद सिंह व विभिन्न स्कूलों के मुखिया शामिल हुए। बीआरसी आजाद सिंह ने कहा कि बतौर शिक्षक, प्रधानाचार्य व खंड शिक्षा अधिकारी के तौर पर विभाग में जो योगदान रहा है वह विशेष रूप से सराहनीय है। समारोह में शामिल सभी स्कूल मुखियाओं ने भी सतीश शर्मा के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके अधीन 142 स्कूल रहे, लेकिन उन्होंने कभी भार महसूस नही किया और इस पद पर अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। कार्यक्रम में जैन कालेज की निदेशक भूषण भाटिया, प्राचार्य सुरजीत खोखर, शिक्षक राजबीर देशवाल, दातौली स्कूल प्रधानाचार्य विवेक शर्मा, डा. अतर सिंह, गन्नौर बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान मुकेश कौशिक सहित अन्य उपस्थित थे।

# फ्रूटी में नशा मिलाकर पिलाया, होटल से निकल कार में किया लहूलुहान

**रबूपुरा :** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में छात्र की हत्या के प्रयास के मामले पुलिस ने शुक्रवार को खेड़ा अंडरपास के पास से छात्रा को हिरासत में लिया है। पुलिस को छात्रा के पास से छात्र का मोबाइल बरामद हुआ है।

छात्रा ने फ्रूटी में नशीला पदार्थ पिलाकर गले और हाथ की नस काटकर छात्र को गंभीर रूप से घायल किया था। प्राइवेट वीडियो को वायरल किए जाने के डर से छात्रा ने वारदात को अंजाम दिया था। रौनीजा गांव निवासी छात्र दनकौर क्षेत्र के द्रोणाचार्य डिग्री कॉलेज में बीकॉम प्रथम वर्ष का छात्र है।

**उत्तर रेलवे**
ई–निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या **230-TRS-GZB-2024-25-28** के आधार पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का विवरण | 'Repair, Reconditioning, Rehabilitation, Testing and Supply of 7775 KVA Transformer type LOT- 7775 for WAP-7 locomotive and Repair/Rehabilitation of 7475 KVA Transformer of WAP-7 Loco with conversion of 950 KVA hotel load winding to 2 x 622.5 KVA 960 V Winding' for the period of 12 months at Electric Loco Shed Ghaziabad. |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 2,03,40,790.00 |
| 3. | धरोहर राशि | Rs. 2,51,700.00 |
| 4. | निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समय | 28.01.2025 (11:00 Hrs.) |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि और समय | 28.01.2025 (After 11:00 Hrs.) |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

नोट : (i) निविदाकर्ता को ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों और शर्तो के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं हैं।
संख्या 230-TRS-GZB-2024-25-28 दिनांक : 31.12.2024 28/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।




# सीएम ने स्कूल में किया अकेडमिक ब्लॉक का लोकार्पण



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को पूर्वी दिल्ली के झिलमिल कालोनी में स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को वर्ल्ड-क्लास अकेडमिक ब्लॉक समर्पित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि 10 साल पहले तक सरकारी स्कूलों में ऐसी सुविधाएं किसी सपने की तरह थीं। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के मन में यह टीस होती थी कि काश वे भी प्राइवेट स्कूलों में पढ़ पाते। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में केजरीवाल की शिक्षा क्रांति ने इस टीस को दूर करते हुए बच्चों को यह आत्मविश्वास दिया है कि वे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों से किसी भी तरह कम नहीं हैं। झिलमिल कालोनी स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की 46 कमरों वाली इस नई बिल्डिंग में शानदार क्लासरूम्स, 6 हाई-टेक लैब्स, एमपी हॉल, लिफ्ट समेत तमाम अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। आतिशी ने कहा कि एक दौर में दिल्ली में सरकारी स्कूल टेंट में चलते थे। बारिश के दिनों में बुरा हाल हो जाता था। कई बार बच्चों को करंट लग जाता था। दस साल पहले लैब, लाइब्रेरी और स्पोर्टस ग्राउंड सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए सपना होता था। सरकारी स्कूल के बच्चे पब्लिक स्कूलों के बच्चों के सामने खुद को दोयम दर्जे का महसूस करते थे। केजरीवाल ने जिस तरह से दिल्ली के स्कूलों का उन्नयन किया, उससे आज दिल्ली के सरकारी स्कूल के बच्चे फख्र महसूस करते हैं। इस स्कूल में केमेस्ट्री, फिजिक्स और बॉयो लैब भी है।

**शिक्षा क्रांति**

▶▶ बच्चों को यह आत्मविश्वास दिया है कि वे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों से किसी भी तरह कम नहीं हैं

सीएम ने कहा कि मैं दिल्ली के एक नामचीन स्कूल से पढ़ी हूं लेकिन इतनी बढ़िया और इतनी संख्या में लैब वहां भी नहीं होती थी। आज दिल्ली के सरकारी स्कूलों में उम्दा दर्जे की लैब हैं। साइंस के बच्चों के लिए यहां की लैब में तीन माइक्रोस्कोप हैं। इसका फायदा झिलमिल और आसपास के यहां आकर पढ़ रहे बच्चों को होगा।

## सत्ता में आने पर सभी समस्याओं का समाधान करेगी भाजपाः गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज दिल्ली के अशोक विहार में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिल्ली के विकास के लिए नया विजन और रोड मैप प्रस्तुत करने के लिए उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के संबोधन से दिल्ली वासियों के मन में उम्मीदें जगी हैं और नई आशा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा दिल्ली में जन-जन की सेवा के प्रति संकल्पित है और जनता को आपदा वाली सरकार से मुक्ति दिलाकर केंद्र की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए तैयार है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि विपक्ष दिल्ली सरकार के जिस भ्रष्टाचार और नाकामियों को हर मंच पर उजागर करता रहा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उस पर अपनी मोहर लगा दी है। गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार 'आपदा' सरकार बन चुकी है, क्योंकि पिछले 10 साल के कुशासन में इस सरकार ने दिल्ली वालों को सिर्फ आपदा ही दी है, इसलिए आपदाग्रस्त दिल्ली को अब इस सरकार से मुक्ति दिलाने का वक्त आ गया है।

**दावा**

▶▶ प्रधानमंत्री के संबोधन से दिल्ली वासियों के मन में उम्मीदें जगी हैं और नई आशा का संचार हुआ है

उन्होंने दिल्ली की जनता से कहा कि फरवरी में आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा अपना वनवास खत्म कर सत्ता में लौटने वाली है।






# सावित्री बाई फुले नाम नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण की कहानी : सैनी

## मुख्यमंत्री ने बहादुरगढ़ हल्कावासियों को दी सौगात, बहादुरगढ़ से आसौदा तक मेट्रो लाइन के विस्तार के प्रस्ताव को शीघ्रता से आगे बढ़ाया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज सावित्री बाई फुले जयंती के अवसर पर बहादुरगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने सावित्री बाई फुले को नमन करते हुए कहा कि सावित्री बाई फुले न सिर्फ भारत की पहली महिला शिक्षिका थी, बल्कि एक स्वतंत्र व्यक्तित्व और महिलाओं के अधिकारों की प्रणेता थी। मुख्यमंत्री ने समारोह के दौरान घोषणा करते हुए कहा कि माता सावित्री बाई फुले की जयंती को सरकारी स्तर पर मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फुले के सम्मान में हरियाणा सरकार ने राजकीय महिला कॉलेज, लोहारू, भिवानी का नाम माता सावित्री बाई फुले के नाम पर रखा है। नायब सिंह सैनी ने बहादुरगढ़ हल्कावासियों को सौगात देते हुए कहा कि बहादुरगढ़ से आसौदा तक मेट्रो के विस्तार के प्रस्ताव पर राज्य सरकार द्वारा तीव्र गति से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बहादुरगढ़ नगर परिषद को मानदंड पूरा होने पर नगर निगम बनाया जाएगा

उन्होंने कहा कि लाइन पार फाटक पर अंडरपास के निर्माण, बहादुरगढ़ सड़क के नवीनीकरण, पुरानी कोर्ट के साथ लगती खाली पड़ी जमीन पर पार्क विकसित करने और पुराने बस अड्डे के साथ लगती खाली जमीन पर व्यायामशाला-योगशाला बनाने के संबंध में फिजिबिल्टी चैक करवाकर इन परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधूरे पड़े उत्तरी बाईपास के निर्माण तथा नई अनाज मंडी के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों को सरकार द्वारा नियमित किया जा चुका है और उनमें मुलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं। यदि ऐसी अनधिकृत कॉलोनियों की जानकारी मिलती है तो उन्हें भी मानदंड पूरा करवाकर नियमित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वार्ड- 7 और 10 में छठ पूजा घाट बनाए जायंगे। मुख्यमंत्री ने बहादुरगढ़ के विकास कार्यों के लिए अलग से 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की।





**सम्मान**

सावित्री बाई फुले के सम्मान में राजकीय महिला कॉलेज, लोहारू, भिवानी का नाम माता सावित्री बाई फुले के नाम पर रखा है

## हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिकरण को दिया बढ़ावा

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि सावित्रीबाई ने अपने जीवन को महिला शिक्षा और सशक्तिकरण के प्रति समर्पित किया। उन्होंने अपने जीवन का उद्देश्य ही विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और महिलाओं को शिक्षित करना बना लिया था। महिला उत्थान में सावित्री बाई फुले हमारी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने महिला शिक्षा और उनके उत्थान के लिए अनेक विरोधों के बावजूद डटकर काम किया। उन्होंने 1848 में महाराष्ट्र के पुणे में पहला बालिका विद्यालय खोला। सावित्रीबाई फुले के महिला शिक्षा के संकल्प पर चलते हुए हरियाणा सरकार ने पिछले 10 सालों में उच्चतर शिक्षा प्रदान करने के लिए हर 20 किलोमीटर के दायरे में कॉलेज खोले हैं। इस दौरान 79 सरकारी कॉलेज खोले गये हैं, इनमें 30 कॉलेज केवल लड़कियों के हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी, 2015 में पानीपत से देशव्यापी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की थी। हरियाणा सरकार ने विभिन्न एनजीओ के माध्यम से इस अभियान के तहत बेटियों को बचाने का काम किया। जहां हरियाणा में पहले लिंगानुपात 871 था वहीं आज बढ़कर 916 पहुंच गया है। आज हरियाणा की गिनती बेटियों को मारने वाले प्रदेशों में नहीं होती बल्कि बेटियों को आगे बढ़ाने वाले प्रदेश के रूप में होती है। माता सावित्री बाई फुले को यही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया है। उन्होंने महिलाओं को विधानपालिका में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

महिला

सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अब तक राज्य में 33 महिला पुलिस थाने खोले जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में 5 लाख लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। अब तक 1 लाख 46 हजार महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जा चुका है। राज्य में ड्रोन दीदी योजना के तहत 5 हजार महिलाओं को ड्रोन पायलट का मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत राज्य सरकार 8 लाख रुपये तक की कीमत का ड्रोन मुफ्त देगी। अब तक 100 महिलाओं को ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण देकर मुफ्त ड्रोन दिए गए हैं।

**सावित्री बाई फुले केवल नाम नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण की कहानी**

नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि सावित्री बाई फुले केवल नाम नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण और बेटियों की शिक्षा की एक पूरी कहानी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को शिक्षित करने और सशक्त बनाने के लिए कृतसंकल्प है और इस संकल्प को पूरा करने के लिए निरंतर अथक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक क्रांति की अग्रदूत और महिला सशक्तिकरण की बुलंद आवाज श्रीमती सावित्री बाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका ही नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र व्यक्तित्व और महिलाओं के अधिकारों की प्रणेता थी।

**सैनी के नेतृत्व में हरियाणा हर क्षेत्र में कर रहा उन्नतिः डॉ अरविंद शर्मा**

इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि 2014 से पहले के हालातों के बारे में जनता सब जानती है, लेकिन आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा हर क्षेत्र में उन्नति कर रहा है। उन्होंने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले ने महिला शिक्षा को लेकर एक मुहिम शुरू की थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है, उसकी नींव माता सावित्रीबाई फुले ने ही रखी थी। आज जो महिलाओं को आगे बढ़ाने का अधिकार और समानता का अधिकार मिल रहा है, उसके पीछे ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले दोनों का विशेष योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की यही सोच है कि महिलाएं जिनती अधिक सशक्त होंगी, उतना ही देश व हरियाणा मजबूत होगा।

**महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले के आदर्शों पर चलकर हरियाणा सरकार कर रही जन** सेवा के कार्य- रामचंद्र जांगड़ा

राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि आज हरियाणा के मुख्यमंत्री ऐसे व्यक्ति हैं, जो गरीब, मजदूर, किसान, छोटे दुकानदार सहित हर वर्ग की समस्याओं को समझते हैं और उनका त्वरित निपटान सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले का महाराष्ट्र के गरीब परिवार में छोटे से गांव में जन्म हुआ था। छोटी आयु में ही उनका ज्योतिबा फुले के साथ विवाह हो गया था।

## सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का चुनाव की तैयारियां पूरी



**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद। हरियाणा** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के 19 जनवरी को होने वाले चुनाव की तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय के सभागार में शुक्रवार को एडीसी विवेक आर्य की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गुरुद्वारा कमेटी के वार्ड 24 के निर्वाचन अधिकारी एवं नगर आयुक्त गुलजार मलिक, जींद के एसडीएम सत्यवान मान, जिला परिषद के सीईओ अनिल कुमार दून, सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, सफीदों के तहसीलदार विकास कुमार, चुनाव कार्यालय के नायब तहसीलदार प्रदीप सरोहा मौजूद रहे। एडीसी विवेक आर्य ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी चुनाव के लिए 19 जनवरी को सुबह आठ से सायं पांच बजे तक मतदान करवाया जाएगा। संबंधित अधिकारी चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस चुनाव को लेकर वार्ड नंबर 22 व 24 के लिए इस जिला के कुछ गांवों को शामिल किया गया है, जिनमें चुनाव करवाए जाने है। वार्ड-22 के लिए चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक चुनाव

**बैठक**

नौ से 13 नम्बर तक पांच बूथ बनाए गए हैं तथा वार्ड नंबर 24 के लिए 11 बूथ स्थापित किए गए हैं

कराने को लेकर नरवाना के एसडीएम दलजीत सिंह को एआरओ नियुक्त किया गया है। वार्ड नम्बर-22 के लिए नौ से 13 नम्बर तक पांच बूथ बनाए गए हैं तथा वार्ड नंबर 24 के लिए 11 बूथ स्थापित किए गए है। उन्होंने बताया कि नगरपरिषद नरवाना में बनाए गए बूथ नंबर-9 में नरवाना शहर, गुरथली, हथो सैंथली, दनौदा खुर्द तथा बेलरखा गांव के सिख समुदाय के मतदाताओं द्वारा वोट डाले जाएंगे। इसी प्रकार गढ़ी गांव के राजकीय मिडल स्कूल में बनाए गए बूथ नंबर-10 में गढ़ी, रेवर, ढिंडोली, हंसडेहर, पदार्थ खेड़ा तथा धनौरी गांवों के सिख समुदाय के पात्र व्यक्ति वोट डालेंगे।

ारसीदां गांव में बनाए गए बूथ-11 के लिए रसीदां, धमतान साहिब, ढाबी टेकसिंह, लोन, हरनामपुरा, कालवन तथा जुलहेड़ा गांव के पात्र मतदाता मतदान करेंगे।

## समाज के उत्थान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे युवाशक्तिः राव

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:**

**हरियाणा** के उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि शिक्षा समाज के जागरण में मुख्य भूमिका निभाती है। ऐसे में हमारी युवा शक्ति को सावित्रीबाई फुले के जीवन मूल्यों को आत्मसात करते हुए समाज के उत्थान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भर में यह प्रमाणित हो चुका है कि शिक्षा हर एक नागरिक का सम्पूर्ण विकास करती है। जिसके चलते महिलाओं के लिए शिक्षा का महत्व और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है। यह सर्वविदित है जो समाज जितना अधिक शिक्षित होगा उसके विकास की आधारभूत संरचना उतनी की दृढ़ होगी।

वे आज देश की प्रथम महिला अध्यापक एवं समाज सेविका सावित्री बाई फुले की जयन्ती पर गुरुग्राम जिला के गांव झाड़सा में आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। राव नरबीर सिंह ने माता सावित्री बाई फुले को श्रद्धासुमन अर्पित करने उपरान्त अपने संबोधन में कहा कि समाज का ढांचा जैसा होगा शिक्षा उतनी ही महत्वपूर्ण हो जाती है। सावित्री बाई फुले के द्वारा जलायी गयी ज्योति आज के समय में और अधिक प्रासंगिक है। क्योंकि जिस समाज के भीतर स्त्रियां अधिक जागरूक होती है वह समाज कहीं अधिक विकसित होता है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भी महिलाओं

को उनके अधिकारों के लिए एक लंबा संघर्ष करना पड़ा। ऐसे में जब देश में राजनीतिक गुलामी के साथ-साथ सामाजिक गुलामी का भी दौर था, तब सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा के महत्व को जाना, समझा और महिलाओं की आजादी के नए द्वार खोलकर उनमें नई चेतना का सृजन किया।

## किसानों से बातचीत करके समाधान निकाले बीजेपी सरकार- हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि किसान नेता जगजीत सिंह **डल्ले**वाल की सेहत बहुत नाजुक बताई जा रही है। इसलिए बीजेपी सरकार को अड़ियल रवैया छोड़कर तुरंत उनकी मांगों का समाधान करते हुए अनशन खत्म करवाना चाहिए। उनका जीवन सभी के लिए अनमोल है। क्योंकि वो निजी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि किसानों की उचित मांगों के लिए अनशन कर रहे हैं।

हुड्डा शुक्रवार को अपने आवास पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसानों की मांग पूरी तरह जायज और कई साल पुरानी है। खुद बीजेपी ने एमएसपी का वादा करके किसान आंदोलन को खत्म करवाया था। किसान सरकार को वही वादा याद दिला रहे हैं। कांग्रेस शुरू से ही किसानों को स्वामीनाथन फामूर्ले के तहत एमएसपी देने की पक्षधर रही है। बीजेपी ने भी स्वामीनाथन रिपोर्ट लागू करके किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था। लेकिन सत्ता में आने के बाद वो अपने वादे को भूल गई और किसानों की आय दोगुनी करने की बजाए उसकी लागत को कई गुना बढ़ा दिया।

## कुवि के दूरस्थ एवं ऑनलाइन केंद्र में ओडीएल व ऑनलाइन कार्यक्रमों में दाखिला शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र(सीडीओई) में जनवरी 2025 सत्र के लिए ऑनलाइन मोड और ओपन डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) मोड के माध्यम के स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन करने की दाखिला सूचना जारी की गई है। इन प्रोग्राम्स में दाखिले के इच्छुक आवेदक 31 मार्च 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि ऑनलाइन

**आवेदन**

इन प्रोग्राम्स में दाखिले के इच्छुक आवेदक 31 मार्च 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

कार्यक्रम एनईपी-2020 के तहत यूजी कार्यक्रमों (सेमेस्टर प्रणाली) बी.ए./बी.कॉम/बीबीए, पीजी प्रोग्राम्स (सेमेस्टर सिस्टम) में एम.ए. अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, मास कम्युनिकेशन, एम.कॉम, एमसीए और एमबीए, विदेशी भाषा में प्रमाणपत्र कार्यक्रम (6 महीने) में जर्मन भाषा में सर्टिफिकेट कोर्स, फ्रेंच भाषा में सर्टिफिकेट कोर्स व जापानी भाषा में सर्टिफिकेट कोर्स शामिल हैं। डिप्लोमा कार्यक्रम (1 वर्ष-2 सेमेस्टर) में साइबर सुरक्षा में डिप्लोमा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में डिप्लोमा व डेटा एनालिटिक्स में डिप्लोमा शामिल हैं। 6 महीने के सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन टेक्नोलॉजी में इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), ब्लॉक चेन मैनेजमेंट, फुल स्टैक डेवलपमेंट तथा क्लाउड कम्प्यूटिंग शामिल हैं।

## दलित छात्रा के परिवार को सांत्वना देने पहुंचे मंत्री बेदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः परीक्षा फीस** न चुका पाने को लेकर दलित छात्रा के आत्महत्या करने के मामले में विपक्ष को नाकाम करने के लिए भाजपा ने लगातार हमदर्दी का सिलसिला बनाए रखा है। भिवानी के गांव फरटिया भीमा की अनुसूचित जाति की बेटी द्वारा फीस न भरने के कारण आत्महत्या कर ली गई थी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी शुक्रवार को पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। इस मामले में अब तक कॉलेज संचालक और उसके पुत्र को गिरफ्तार किया गया है।

कृष्ण बेदी ने कहा कि पीड़ित परिवार को डरने व घबराने की जरूरत नहीं है। न्याय किया जाएगा। मंत्री ने इस मामले में एसएचओ को लाइन हाजिर करने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक द्वारा पीड़ित परिवार की अब तक सुरक्षा नहीं सुनिश्चित किए जाने पर भी मंत्री ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने पीड़ित परिवार की सुरक्षा के भी सख्त निर्देश दिए और कॉलेज प्रबंधन में शामिल सभी लोगों को जांच में शामिल करने की भी बात कही।

मंत्री बेदी ने कहा कि पहले कॉलेज की फीस माफ करने के नाम पर समाजसेवी कहलाए विधायक ने बेटी से न्याय नहीं किया।

## सीएम सैनी ने दिल्ली विस चुनाव में भाजपा के लिए मांगा साथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**झज्जर। मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने हरियाणा के लोगों से दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की मदद करने की अपील की है। इस आशय की बात उन्होंने शुक्रवार को बहादुरगढ़ में आयोजित सावित्रीबाई फुले जयंती समारोह में कही। मुख्यमंत्री ने इलाके के लोगों को बहादुरगढ़ से आसौदा तक मेट्रो लाइन के विस्तार के प्रस्ताव को तेजी से आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया।जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम सैनी ने कहा कि बहादुरगढ़, झज्जर, सोनीपत, फरीदाबाद व गुरुग्राम, दिल्ली से सटे हुए हैं। इन इलाकों के लाखों लोगों का

**अपील**

यह जानते भी हैं कि हरियाणा ही नहीं देश में भी भाजपा की सरकार बेहतर कर रही

दिल्ली से हर रोज का संपर्क है। इसके अलावा भी प्रदेश के अन्य तमाम जिलों के लोग दिल्ली में रहते हैं और यह जानते भी हैं कि हरियाणा ही नहीं देश में भी भाजपा की सरकार बेहतर कर रही है। ऐसी स्थिति में प्रदेश के लोगों को जल्द ही होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी की मदद करनी चाहिए। यहां के लोग दिल्ली में रहने वाले अपने मित्र, रिश्तेदारों से संपर्क कर भाजपा का साथ देने की अपील कर सकते हैं। उन्होंने सावित्री बाई फुले को नमन करते हुए कहा कि सावित्री बाई फुले न सिर्फ भारत की पहली महिला शिक्षिका थी, बल्कि एक स्वतंत्र व्यक्तित्व और महिलाओं के अधिकारों की प्रणेता थी।

उन्होंने कहा कि माता सावित्री बाई फुले की जयंती को सरकारी स्तर पर मनाया जाएगा। सरकार ने राजकीय महिला कॉलेज, लोहारू, भिवानी का नाम माता सावित्री बाई फुले के नाम पर रखा है। मुख्यमंत्री ने बहादुरगढ़ से आसौदा तक मेट्रो के विस्तार के प्रस्ताव पर राज्य सरकार द्वारा तीव्र गति से कार्य करने की बात कही और बहादुरगढ़ नगर परिषद को मानदंड पूरा होने पर नगर निगम बनाने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार भी माता सावित्री बाई फुले के पदचिन्हों पर चलते हुए प्रदेश में महिला शिक्षा और महिला उत्थान को पूरे बल के साथ बढ़ावा दे रही है। सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा,

## हिसार में बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा खंडित, तनाव

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार। जिले के** अग्रोहा थाना क्षेत्र के गांव कालीरावण मेंसंविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा खंडित किए जाने का मामला सामने आया है। पंचायत की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि कालीरावण गांव में असामाजिक तत्वों ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को खंडित कर दिया है। मामला सामने आने के बाद ग्राम पंचायत ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को लिखित में शिकायत भेजी और अग्रोहा के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की शिकायत पर अग्रोहा पुलिस ने केस दर्ज किया है। शिकायत में अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत गांव कालीरावण ने एक प्रस्ताव पास करके उनके पास भेजा गया है। इसमें ग्राम पंचायत ने दो जनवरी को लिखित में बताया कि गांव बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की एक प्रतिमा लगी हुई है। रात को किसी असामाजिक तत्वों ने इस प्रतिमा को खंडित कर दिया जो निंदनीय है और इससे ग्रामीणों ने गहरा रोष बना हुआ है। पंचायत ने मांग उठाई है कि इस पूरे मामले की जांच की जाए।

## उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की कार्यवाही 06, 13, 20 और 27 को पंचकूला में की जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। ह्यपूर्ण उपभोक्ता संतुष्टिह्न के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किये गए हैं ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। बिजली निगम के प्रवक्ता ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार प्रत्येक मामले में 1 लाख रुपये से अधिक और 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों नामतः कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, कैथल और यमुनानगर के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 06, 13, 20 और 27 जनवरी को जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच, पंचकूला में उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों के उपभोक्ताओं के गलत बिलों, बिजली की दरों से संबंधित मामलों, मीटर सिक्योरिटी से जुड़े मामलों, खराब हुए मीटरों से संबंधित मामलों तथा वोल्टेज से जुड़े हुए मामलों का निपटान किया जाएगा। उपभोक्ता और निगम के बीच किसी भी विवाद के निपटान के लिए फोरम में वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायत प्रस्तुत करने से पहले पिछले छह महीनों के दौरान उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए गए बिजली के औसत शुल्क के आधार पर गणना की गई प्रत्येक माह के लिए दावा की गई राशि या उसके द्वारा देय बिजली शुल्क के बराबर राशि, जो कम है, उपभोक्ता को जमा करवानी होगी।

## डेरा प्रबंधक हत्या मामले में राम रहीम को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः हरियाणा के सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को सुप्री**म कोर्ट ने डेरा प्रबंधक रणजीत हत्याकांड मामले में नोटिस जारी किया है। डेरा प्रबंधक की सन 2002 में हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने राम रहीम और उसके साथियों को बरी कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की बैंच ने इस मामले को सुनवाई के लिए जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की बैंच को सौंप दिया है।

रणजीत की हतया के मामले में19 साल बाद राम रहीम और उसके साथियों को पंचकूला स्थित सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ वह पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट गया, जहां से 3 साल बाद वह बरी हो गया। मामले की शुरूआत तब हुई थी जबकि 2002 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को एक गुमनाम चिट्ठी भेजी गई थी। इसमें डेरे में साध्वियों के यौन शोषण के आरोप लगाए गए थे।



सी बी आई ने जांच के बाद कोर्ट में कहा था कि राम रहीम को शक था कि गुमनाम चिट्ठी के पीछे रणजीत का हाथ है।

रणजीत सिंह सन 2002 तक डेरा सच्चा सौदा के प्रबंधक थे। रणजीत सिंह कुरूक्षेत्र के रहने वाले थे। उनका पूरा परिवार भी डेरे से जुड़ा हुआ था। सब कुछ ठीक चल रहा था कि अचानक एक गुमनाम चिठ्ठी की वजह से डेरा सच्चा सौदा में हंगामा खड़ा हो गया। उस गुमनाम चिट्ठी में साध्वियो का यौन शोषण किए जाने का खुलासा था। चिठ्ठी सामने आते ही डेरा सच्चा सौदा पर सवाल उठने लगे। डेरे में यौन शोषण के आरोप सामने आने के बाद रणजीत सिंह आहत हो गए। इसी बात को लेकर उन्होंने डेरे के प्रबंधक पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके साथ परिवार के लोग भी डेरे से अलग हो गए। इस चिट्ठी में रणजीत की बहन का भी जिक्र था। इस चिट्ठी के सामने आने के बाद रणजीत को डेरे में बुलाया गया। जहां उसे गंभीर नतीजे भुगतने की चेतावनी दी गई थी। हालांकि, रणजीत ने कहा कि इस चिट्ठी के पीछे उसकी कोई भूमिका नहीं है। जिसके बाद उसकी हत्या हो गई। रणजीत सिंह की हत्या की शुरूआती जांच पुलिस ने की थी। जांच में डेरे को क्लीन चिट दे दी गई। पुलिस जांच से असंतुष्ट रणजीत सिंह के बेटे जगसीर सिंह ने जनवरी 2003 में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सी बी आई जांच की मांग की थी।

**जवाब तलब**

साध्वियो का यौन शोषण किए जाने का खुलासा था। चिठ्ठी सामने आते ही डेरा सच्चा सौदा पर सवाल उठने लगे

# जिला सचिव मनोज गौतम ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से की मुलाकात

## जिले में स्काउटिंग गतिविधियों का निर्वहन शिक्षा विभाग के साथ मिलकर सचिव व पूरी कार्यकारिणी पूरे समर्पण के साथ कर रही है

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स एसोसिएशन हरियाणा इकाई की आगामी गतिविधियों के लिए जिला सचिव मनोज गौतम ने हरियाणा राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ में सीएम हाउस पर मुलाकात की। उक्त संस्था के सचिव मनोज गौतम ने बताया कि हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स एसोसिएशन हरियाणा सरकार के शिक्षा विभाग से 2016 से मान्यता प्राप्त है। सन 2017 से राज्यपाल इस संस्था के संरक्षक हैं। जिला कार्यकारिणी ने बताया कि मनोज गौतम को भी जिला शिक्षा अधिकारी की रिकमेंडेशन से हिंदुस्तान स्काउट्स गाइड्स एसोसिएशन हरियाणा ने 2017 से जिला सचिव का दायित्व दे रखा है। जिले में स्काउटिंग गतिविधियों का निर्वहन शिक्षा विभाग के साथ मिलकर जिला सचिव व पूरी कार्यकारिणी पूरे समर्पण के साथ कर रही है, लेकिन इसी संस्था के मिलते-जुलते नाम से 2018 में जींद में रजिस्ट्रर्ड एक संस्था का लेटर दिखाकर कुछ लोग भ्रम की स्थिति पैदा करना चाह रहे हैं। हिंदुस्तान स्काउट्स गाइड्स एसोसिएशन के नेशनल जॉइंट सेक्रेटरी डॉ. अतुल कुमार के पत्र अनुसार आज भी महेंद्रगढ़ जिले में जिला सचिव का दायित्व मनोज गौतम के पास है। इस संस्था का रजिस्ट्रेशन नंबर एस-33939/98 जो नेशनल लेवल पर 1998 से रजिस्टर्ड है। हिंदुस्तान स्काउट्स गाइड्स एसोसिएशन जिला सचिव मनोज गौतम के मार्ग निर्देशन में कार्यकारिणी एवं ट्रेनर हजारों बच्चों को स्काउटिंग की ट्रेनिंग करवा चुके हैं। महेंद्रगढ़ जिले में भी राज्य स्तरीय कैंपों का आयोजन किया जा चुका है। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स एसोसिएशन महेंद्रगढ़ की कार्यकारिणी इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को भी सूचना दे चुकी कि शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त संस्था हिंदुस्तान स्काउट्स गाइड्स एसोसिएशन है, जिसके जिला सचिव मनोज गौतम और हम सब पदाधिकारी सदस्य स्काउटिंग गतिविधियों करवाने में पूरा सहयोग कर रहे हैं। जबकि दूसरी संस्था जिसका नाम लेकर कोऑर्डिनेटर बनने की बात की जा रही है वह तो 2018 में जींद में 01479 नंबर से रजिस्टर्ड हुई है। एक जनवरी 2025 को हुई हिंदुस्तान स्काउट गाइड एसोसिएशन की मीटिंग में भी आगामी कार्यक्रमों के बारे में कार्यकारिणी ने काफी कार्यक्रम पर चर्चा की है।



**दायित्व**

▶▶ हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स एसोसिएशन हरियाणा सरकार के शिक्षा विभाग से 2016 से मान्यता प्राप्त है

# शहीद भगत सिंह मंडल में जिला अध्यक्ष ने 48 ने बूथ अध्यक्षों का सम्मान किया

**संगठन चुनाव**

▶▶ शहीद भगत सिंह मंडल में जितने भी चुनाव हुए हैं उनमें भाजपा को सबसे अधिक मतों से बूथ अध्यक्षों ने जिताने का कार्य किया है



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: भारतीय** जनता पार्टी संगठन चुनाव पर्व के तहत शहीद भगत सिंह मंडल के 8 शक्ति केंद्र पर जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा की अध्यक्षता में 48 बूथ अध्यक्षों पर नियुक्ति की गई व सभी को पार्टी का पटका पहनकर बधाई दी। जिलाध्यक्ष जसवीर दोदवा ने कहा कि शहीद भगत सिंह मंडल में आज 48 बूथ अध्यक्ष की नियुक्ति की गई। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में हर विधानसभा में बूथ अध्यक्षों की नियुक्ति हो चुकी है। सक्रिय सदस्य बनने के बाद बूथ अध्यक्षों की सर्वसहमति से चुनाव किया जाता है और नियुक्ति की जाती है इस दौरान जिला महामंत्री नवीन मंगला देखा ने कहा कि आज उन्होंने राई विधानसभा में भी अलग-अलग मंडलों में बूथ अध्यक्षों का सर्वसहमति से चुनाव किया है।

मंडल अध्यक्ष निगम पार्षद सुरेंद्र मदान ने कहा कि शहीद भगत सिंह मंडल में जितने भी चुनाव हुए हैं उनमें भाजपा को सबसे अधिक मतों से बूथ अदक्षयो ने जिताने का कार्य किया है। जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा को सुरेंद्र मदान ने आश्वासन देते हो कहा कि आने वाले अगले चुनाव में भी शहीद भगत सिंह मंडल सबसे ज्यादा मतों से भाजपा को विजई बनाने में सहायक होगा। पार्षद सुरेंद्र मदान ने कहा कि आज 48 बूथ अध्यक्षों का सर्वसहमति से चुनाव किया गया है और जल्द ही बाकी बूथ अध्यक्षों का शहीद भगत सिंह मंडल में सर्वसहमति से चुनाव कर दिया जाएगा।

इस मौके पर जिला चुनाव सह अधिकारी संजय सेहरा शक्ति केंद्र महेश शर्मा भोपाल त्यागी राहुल जैन बूथ अध्यक्ष श्री अमित शोनक,रजत जैन,विनोद खत्री, ऋषि प्रकाश, जय भगवान,विनोद प्रजापत, मनीष तिवारी,सुरेश पहलवान, गौरव प्रजापत, हितेश सैनी, अशोक बुद्धिप्रकाश,सचिन वर्मा,पवन दुग्गल,मनीष बंसल, संदीप कपिल,विभोर वधवा, अमन दुडेजा, जसवीर मालिक,पूनम काजला, यशपाल, सुभाष तायल,आरती शर्मा, राजेश प्रभाकर,गुलशन चावला सागर चोपडा, अश्वनी वर्मा, समीर वर्मा, रेखा गर्ग आनंद प्रकाश,लक्षित पुष्करणा, तरुण गुप्ता, सरदार अजित सिंह,निकुंज, विपिन,आशीष कुकरेजा, सरोज आदि मौजूद रहे।

# भाजपा में परिवारवाद को कोई जगह नहीं : रमेश कश्यप



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** संगठनात्मक दृष्टि से पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए पार्टी द्वारा संगठन में बूथों के चुनाव चल रहे हैं। इसी कडी में करनाल भाजपा के शहरी मंडल के बूथ नंबर 153 के चुनाव के लिए हुई बैठक में स्नेह लता को बूथ अध्यक्ष चुना गया। शहरी मंडल के बूथों के चुनाव अधिकारी रमेश कश्यप एवं सह प्रभारी प्रवीण लाठर की मौजूदगी में हुए चुनाव में स्नेह लता को बूथ नंबर 153 का अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर शहरी मंडल अध्यक्ष बिशन सिंह शेखावत, चुनाव संयोजक दीपक शर्मा, शक्ति केंद्र प्रमुख विशाल चनालिया, महामंत्री त्रिलोकीनाथ मौजूद रहे। शहरी मंडल चुनाव प्रभारी पूर्व विधायक रमेश कश्यप ने बताया संगठनात्मक दृष्टि से पार्टी को मजबूती प्रदान करने हेतु आजकल भाजपा ने संगठन के चुनाव करवाने की मुहिम छेड़ी हुई है। पार्टी द्वारा संगठन चुनाव लोकतांत्रिक और पारदर्शी तरीके से करवाये जा रहे हैं।

उन्होंने संगठन में कार्यकताओं की भूमिका को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताया और कहा कि भाजपा की सफलता उनके समर्पण और मेहनत के कारण ही संभव हो पाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जहां परिवारवाद की कोई जगह नहीं है। पार्टी में कार्यकर्ता ही अपनी मेहनत से प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक का सफर तय करते हैं।


**जिम्मेवारी**

▶▶ शहरी मंडल के बूथ नंबर 153 के चुनाव के लिए हुई बैठक में स्नेह लता को बूथ अध्यक्ष चुना गया

# नांगल चौधरी पहुंचने पर मनमोहन का हुआ भव्य स्वागत

**अभिनिंदन**

▶▶ हमारा उद्देश्य हरियाणा प्रदेश को नंबर वन बनाना है। जिसे हम पूरा करके ही रहेंगे: विधायक



**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद गुर्जर**

**नांगल चौधरी से मेरा** पुराना रिश्ता है,भाजपा के कार्यकाल में नए युग का सूत्रपात हुआ है। मेरी ओर से जो भी संभव सहायता होगी,अपने समाज के लिए करता रहूंगा। हमारा उद्देश्य हरियाणा प्रदेश को नंबर वन बनाना है। जिसे हम पूरा करके ही रहेंगे। जब भी नांगल चौधरी हल्के को मेरी आवश्यकता होगी मैं सदैव ही अपनी सेवा देने के लिए तत्पर रहूंगा।"उपरोक्त उद्गार समालखा के विधायक मनमोहन सिंह भड़ाना ने गुर्जर भवन धर्मशाला नांगल चौधरी में व्यक्त किये। वे दनचोली में खेलकूद प्रतियोगिता में बतोर मुख्य अतिथि पहुंचे। गुर्जर कल्याण परिषद के सदस्यों ने कुलदीप भरगढ़ के नेतृत्व में विधायक मनमोहन सिंह भड़ना का नारनौल में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। भरगढ़ ने कहा विधायक मनमोहन सिंह भड़ाना गुर्जर कल्याण परिषद के स्थाई सदस्य हैं। उन्होंने कोरियावास रोड पर गुर्जर कल्याण परिषद की जो गुर्जर छात्रावास व लाइब्रेरी की भूमि खरीदने हेतु पां?च लाख रुपए की सहायता राशि की घोषणा की। इससे पहले भी वे गुर्जर प्रतिभा सम्मान समारोह में ढाई लाख रुपए खर्च कर चुके हैं व उन्होंने हमें आश्वासन दिया है जब भी समाज को मेरी दरकार होगी मैं उपलब्ध रहूंगा। इस अवसर पर-भड़ाना के पूर्व साथी प्रवेश सांगवान, जोगिंदर सिंह, वीर गुर्जर विकास समिति के अध्यक्ष रामनिवास प्रोफेसर, ख्यालीराम मैनेजर,इंद्राज फॉरेस्टर, रघुवीर सिंह मास्टर, अमीलाल मास्टर, नवनीत एड्वोकेट,सुनीता गुर्जर अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की महिला प्रदेश अध्यक्ष,सुभाष छोकर, बंसी नंबरदार, महेश सोडा,सुरेश रावत पूर्व प्रधान,आत्माराम थानेदार ,दयाराम टहला, देशराज सरपंच, जगमाल थानेदार, ,नरेश कसाना सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन ने दंपति को मारी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के सौंकड़ा गांव के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने दंपति को टक्कर मार दी। दोनों घर का सामान लेकर गांव से पैदल अपने घर लौट रहे थे। टक्कर लगने से पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक की पहचान बिहार निवासी 33 वर्षीय सुनील के रूप में हुई है।


मृतक तरावड़ी के पड़वाला के पास ईंट भट्टे पर काम करता था। हादसे में घायल पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजन भीम ने बताया कि सुनील रात को पत्नी के साथ बाइक पर घर लौट रहा था। सौकड़ा गांव के पास तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सडक पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।



# शहर की चार मुख्य सड़कें घोषित हुई नो वेंडिंग जोन, नहीं लगा सकेंगे रेहड़ी-

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर की मुख्य सडकों से भीड़-भाड़ कम करने व यातायात व्यवस्थित करने के मकसद को लेकर चार मुख्य सडकों को नगर निगम द्वारा नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। अब सडकों के किनारे, फुटपाथ या पटरी पर कोई भी रेहड़ी-फड़ी नहीं लगा सकेगा। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने शुक्रवार को दी। यह सडकें बनी नो वेंडिंग जोन- निगमायुक्त ने बताया कि महाराजा अग्रसेन चौक से श्रीमद् भगवद् गीता द्वार तक, अम्बेडकर चौक से लोक निर्माण विश्राम गृह, पुराने कमेटी चौक से रणबीर हुड्डा चौक (कर्ण कैनाल पुलिया) तथा



आई.टी.आई. चौक से सेक्टर-9 पुलिया तक सडकों को नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि आमजन की सहूलियत को देखते यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि बीते दिसम्बर माह में हुई सडक सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में उपायुक्त करनाल द्वारा निर्देश दिए गए थे कि उपरोक्त सडको नो वेंडिंग जोन घोषित किया जाए। इन निर्देशों की अनुपालना में चारों सडकों को नो वेंडिंग जोन बनाया गया है। इन क्षेत्रों के सम्बंधित सफाई निरीक्षक व दरौगा यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी व्यक्ति इन सडकों पर रेहड़ी-फड़ी न लगा पाए। अधिकारियों को निर्देश दिए कि आदेशों की दृढ़ता से पालना की जाए। यदि उपरोक्त चारों मार्गों पर किसी भी प्रकार की रेहड़ी-फड़ी पाई जाती है, तो उसके लिए सम्बंधित सफाई निरीक्षक व दरौगा स्वयं जिम्मेवार होंगे। निगमायुक्त ने ट्रीगर मास्टर गुरदेव ढ्ढसह को निर्देश दिए कि उपरोक्त चारों मार्गों पर नो वेंडिंग जोन के फ्लैक्स बोर्ड प्रदर्शित किए जाएं तथा इन सडकों पर मुनादी भी करवाई जाए।

# धर्मशाला की ग्रांट में घोटाले को लेकर बीडीपीओ, पूर्व सरपंच-सहित पांच के खिलाफ मामला दर्ज

**खानापूर्ति**

▶▶ धर्मशाला की नई बिल्डिंग बनाने के बदले पुरानी को ही मरम्मत कर खानापूर्ति कर दी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के गांव काछवा में धर्मशाला की बिल्डिंग बनाने में 14 लाख का घोटाला उजागर हुआ है। इसमें पूर्व सरपंच ने बीडीपीओ और तीन अन्य अधिकारियों से मिलकर धर्मशाला बनाने के लिए ग्रांट ली। इसके बाद धर्मशाला की नई बिल्डिंग बनाने के बदले पुरानी को ही मरम्मत कर खानापूर्ति कर दी। यही नहीं, जब इसकी शिकायत सीएम विंडो तक पहुंची और इनको पता चला तो उन्होंने पूरी बिल्डिंग को गिराकर नए सिरे से बना दी। हालांकि उसमें भी इन्होंने पुरानी ईंटे लगा नई इंटों के फर्जी बिल बना दिए। सीएम ने इसकी विजिलेंस जांच कराई, जिसमें आरोप सही पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। काछवा गांव में करीब 40 साल पहले कश्यप धर्मशाला बनाई गई थी, जिसकी हालात काफी जर्जर थी। इसकी दीवारें गारे-मिट्टी की बनी हुई थी, दीवारें भले ही कच्ची थी, लेकिन इस पर लेंटर डला हुआ था। इसके नवनिर्माण के लिए सरकार ने 14 लाख रुपए ग्रांट किए। उस समय सरपंच अजय कुमार थे। अजय कुमार ने पंचायत सचिव मुकेश धीमानए पूर्व ग्राम सचिव महेंद्र सिंह, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी और समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी ने साथ मिलीभगत कर कमजोर दीवारों वाली चौपाल की दीवारें नई बनवा छत को ऊपर उठा दिया, जबकि फंड तो नवनिर्माण के लिए आया था। 14 लाख में से 5 से 10 लाख तो जर्जर हालत वाली चौपाल की छत को ऊपर उठाने में ही खर्च कर दिए गए। 2021 में काछवा गांव के ही हवा सिंह कांगर ने सीएम विंडो के माध्यम से इस पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि कमजोर दीवार वाली चौपाल का लेंटर पांच फुट ऊंचा उठाया गया और इसे करने के लिए किसी प्रशासनिक अधिकारी की अनुमति भी नहीं ली गई। पंचायती फंड को खराब कर दिया गया, जबकि फंड चौपाल के नवनिर्माण के लिए आया हुआ था। जब मुख्यमंत्री के संज्ञान में मामला आया तो इसको तत्कालीन सरपंच अजय कुमार ने पंचायत के अधिकारियों के साथ मिलकर आनन-फानन में बिना किसी अथॉरिटी की अनुमति के बगैर गिरा दिया। सरपंच ने फिर नए सिरे से चौपाल का निर्माण करवाया, लेकिन इसमें भी उन्हीं पुरानी ईंटों को लगाया गया जो पहले से ही लगी हुई थी, जबकि बिल में उन्होंने दिखाया कि हमने नई ईंटे लगाई हैं।

साथ ही बिल में मैटीरियल की भी झूठी खरीद दिखाई गई। शिकायतकर्ता हवा सिंह अपने हाथ में शिकायत की कॉपी पकड़े हुए। इनकी शिकायत के कारण ही ये पूरा घोटाला सामने आया है। हवा सिंह ने बताया कि शिकायत के बाद मुख्यमंत्री ने मामले की जांच विजिलेंस को सौंपी। विजिलेंस ने जांच के बाद अपनी रिपोर्ट में शिकायत को सही ठहराया। रिपोर्ट आने के बाद करनाल के डीसी ने मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया।

# किसानों की हितैषी सरकार है भाजपा : विधायक योगेन्द्र राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** असंध विधानसभा क्षेत्र की परियोजनाओं व विकास कार्यो की समीक्षा की तथा सम्बन्धित अधिकारियों को कार्यों में शीघ्रता लाने हेतु असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने आज स्थानीय रेस्ट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने विभागों के अधिकारियों को निर्देश कि वे जनता को निर्धारित समय पर अपने विभाग से संबंधित योजनाओं व सेवाओं का लाभ सरल पोर्टल पर दें। यदि कोई विभाग इन कार्यों में आनाकानी करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि विकास कार्य कई वर्षों से पेंडिंग पड़े हुए हैं। संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा आपसी तालमेल के साथ कार्य नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विकास के सभी कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाएं, ताकि आमजन को योजनाओं को लाभ मिल सके। सभी विकास कार्य तय सीमा पर हों तथा विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसी दौरान विधायक योगेन्द्र राणा ने फफडाना शुगर मिल का निरक्षण भी किया और गन्ना पिराई सत्र के दौरान चल रहे कार्यों को देखा।


☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ☛

**कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां**

आगामी कुम्भ मेला–2025 के मद्देनजर, रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार चलाई जाएंगी:–

**04526/04525 बठिण्डा जं. – फाफामऊ जं. – बठिण्डा जं. कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 12 फेरे**

| गाड़ी सं. 04526 आगमन | गाड़ी सं. 04526 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04525 आगमन | गाड़ी सं. 04525 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:30 | बठिण्डा जं. | 01:10 | ---- |
| 23:55 | ---- | फाफामऊ जं. | ---- | 06:30 |

चलने के दिन: 04526 बठिण्डा जं. से दिनांक 19.01.2025, 22.01.2025, 25.01.2025, 08.02.2025, 18.02.2025 एवं 22.02.2025 तथा 04525 फाफामऊ जं. से दिनांक 20.01.2025, 23.01.2025, 26.01.2025, 09.02.2025, 19.02.2025 एवं 23.02.2025 को।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
ठहराव: रामपुरा फूल, बरनाला, धूरी, पटियाला, राजपुरा, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, रूड़की, लक्सर, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली जं., शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन।

**04528/04527 अम्ब अन्दौरा – फाफामऊ जं. – अम्ब अन्दौरा कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 12 फेरे**

| गाड़ी सं. 04528 आगमन | गाड़ी सं. 04528 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04527 आगमन | गाड़ी सं. 04527 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 22:05 | अम्ब अन्दौरा | 17:50 | ---- |
| 12:45 | 12:55 | लखनऊ | 02:00 | 02:10 |
| 18:00 | ---- | फाफामऊ जं. | ---- | 22:30 |

चलने के दिन: 04528 अम्ब अन्दौरा से दिनांक 17.01.2025, 20.01.2025, 25.01.2025, 09.02.2025, 15.02.2025 एवं 23.02.2025 तथा 04527 फाफामऊ जं. से दिनांक 18.01.2025, 21.01.2025, 26.01.2025, 10.02.2025, 16.02.2025 एवं 24.02.2025 को।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
ठहराव: ऊना हिमाचल, नंगल डैम, आनन्दपुर साहिब, रूप नगर, मोरिंडा, चंडीगढ़, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, रूड़की, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन।

**04316/04315 देहरादून – फाफामऊ जं. – देहरादून कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 12 फेरे**

| गाड़ी सं. 04316 आगमन | गाड़ी सं. 04316 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04315 आगमन | गाड़ी सं. 04315 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 08:10 | देहरादून | 21:30 | ---- |
| 18:30 | 18:35 | लखनऊ | 10:40 | 10:50 |
| 23:50 | ---- | फाफामऊ जं. | ---- | 06:30 |

चलने के दिन: 04316 देहरादून से दिनांक 18.01.2025, 21.01.2025, 24.01.2025, 09.02.205, 16.02.2025 एवं 23.02.2025 तथा 04315 फाफामऊ जं. से दिनांक 19.01.2025, 22.01.2025, 25.01.2025, 10.02.2025, 17.02.2025 एवं 24.02.2025 को।
स्थान: 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
ठहराव: हरिद्वार, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली जं., लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन।

**04066/04065 दिल्ली जं. – फाफामऊ जं. – दिल्ली जं. कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 14 फेरे**

| गाड़ी सं. 04066 आगमन | गाड़ी सं. 04066 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04065 आगमन | गाड़ी सं. 04065 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:25 | दिल्ली जं. | 13:40 | ---- |
| 14:15 | ---- | फाफामऊ जं. | ---- | 23:30 |

चलने के दिन: 04066 दिल्ली जं. से दिनांक 10.01.2025, 18.01.2025, 22.01.2025, 31.01.2025, 08.02.2025, 16.02.2025 एवं 27.02.2025 तथा 04065 फाफामऊ जं. से दिनांक 11.01.2025, 19.01.2025, 23.01.2025, 01.02.2025, 09.02.2025, 17.02.2025 एवं 28.02.2025 को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
ठहराव: गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली जं., शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एंव रायबरेली जं. स्टेशन।

**04662/04661 अमृतसर – फाफामऊ जं. – अमृतसर कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| गाड़ी सं. 04662 आगमन | गाड़ी सं. 04662 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04661 आगमन | गाड़ी सं. 04661 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:10 | अमृतसर | 04:15 | ---- |
| 19:00 | ---- | फाफामऊ जं. | ---- | 06:30 |

चलने के दिन: 04662 अमृतसर से दिनांक 09.01.2025, 19.01.2025 एवं 06.02.2025 तथा 04661 फाफामऊ जं. से दिनांक 11.01.2025, 21.01.2025 एवं 08.02.2025 को।
स्थान: 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
ठहराव: ब्यास, जालंधर सिटी, ढंडारी कलां, सरहिंद, राजपुरा, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, देवबंद, मुज़फ्फरनगर, मेरठ सिटी, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन।

**04664/04663 फिरोजपुर – फाफामऊ जं. – फिरोजपुर कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| गाड़ी सं. 04664 आगमन | गाड़ी सं. 04664 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04663 आगमन | गाड़ी सं. 04663 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 13:25 | फिरोजपुर | 16:45 | ---- |
| 11:30 | ---- | फाफामऊ जं. | ---- | 19:30 |

चलने के दिन: 04664 फिरोजपुर से दिनांक 25.01.2025 तथा 04663 फाफामऊ जं. से दिनांक 26.01.2025 को।
स्थान: 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
ठहराव: फरीदकोट, कोट कपूरा, बठिण्डा जं., धूरी जं., पटियाला, राजपुरा, अम्बाला छावनी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# महाकुंभः प्रयागराज बनाएं सबके बिगड़े काज

**प्रयागराज** में महाकुंभ मेले की शुरूआत 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के दिन होगी। मान्यता है कि महाकुंभ के दौरान संगम स्नान करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। श्रद्धालुओं के संकल्प पूरे होते हैं। महाकुंभ मेले का समापन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन होगा। प्रयागराज में हर 12 साल के अंतराल पर महाकुंभ का आयोजन होता है। इससे पहले 2013 में यह शुभ अवसर आया था। महाकुंभ मेले का इंतजार पूरी दुनिया में रह रहे सनातनी हिंदुओं को रहता है। महाकुंभ का आगाज होते ही देश में हलचल मच जाती है। लाखों पग प्रयाग की तरफ बढ़ने लगते हैं। करोड़ों सनातनी अपनी आस्था को लेकर यहां डुबकी लगाने पहुंचते हैं। कुंभ को सनातन धर्म का प्रतीक माना जाता है। यहां लोग पापों के क्षय और पुण्य कमाने की लालसा लेकर जाते हैं। संपूर्ण मेला क्षेत्र में धमार्चार्यों के शिविरों में धर्म की त्रिवेणी कल-कल बहती है। बीते कुछ वर्षों में हिंदू अपने धर्म के प्रति बहुत जागरूक हुआ है। वैसे तो अब सभी हिन्दू तीर्थस्थलों बहुत भीड़ होती है। इस बार के महाकुंभ में करीब 40 करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज पहुंचने का अनुमान लगाया गया है।पिछले महाकुंभ में लगभग 25 करोड़ और उससे पहले 15 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे थे। आजादी के बाद पहले महाकुंभ में करीब डेढ़ करोड़ श्रद्धालु पहुंचे थे। 12 वर्ष के अंतराल को धर्मपरायण श्रद्धालु एक युग की तरह मानते हैं। और गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम में स्नान करने के साथ सत्संग और दान भी करते है। मान्यता है कि इससे उनके पाप खत्म हो जाते हैं और दोबारा से तरोताजा होकर संसार की यात्रा में लग जाते हैं। कुंभ की उत्पत्ति समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी हुई है। कहते हैं कि देवताओं और असुरों ने मिलकर समुद्र मंथन किया। इससे अमृत निकला। इसके पान के लिए दोनों पक्षों में 12 दिन युद्ध हुआ। यह 12 दिन पृथ्वी पर 12 वर्ष के बराबर थे। इसलिए महाकुंभ का मेला 12 साल में लगता है। संतों का कहना है कि कुंभ के बारे में सुनकर वहां बहुत सारे लोग आते हैं लेकिन वह पूरा लाभ नहीं उठा पाते। कुंभ धार्मिक पर्व है। घूमने-फिरने की जगह नहीं। इसलिए अगर महाकुंभ का पुण्य कमाना है तो धार्मिक आस्था के प्रयागराज पहुंचे और सात्विकता के नियमों का पालन करें। कुंभ मेला क्षेत्र में जो कुछ भी हो, उससे संतुष्ट हों। एक संन्यासी के आध्यात्मिक जीवन की तरह जीयें। प्रयागराज के महाकुंभ की तैयारियों की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी पल-पल की जानकारी लेते हैं। प्रयागराज सनातन संस्कृति के प्राचीनतम नगरों में से एक है। प्रयाग की महत्ता और प्राचीनता का विवरण ऋग्वेद से लेकर पुराणों और रामायण- महाभारत जैसे महाकाव्यों में मिलता है। सनातन के आराध्य प्रभु श्रीराम के जीवन और वनवास प्रसंग से भी प्रयाग का विशेष संबंध है। रामचरित मानस में वर्णन मिलता है कि वनवास के लिए अयोध्या से निकल कर प्रभु श्रीराम प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम पहुंचे। यहां उन्होंने रात काटकर निषादराज की मदद से गंगा पार की। यहां से भारद्वाज मुनि के आश्रम पहुंचे। 142 साल में महाकुंभ के आयोजन के स्वरूप में निरंतर बदलाव देखा जा रहा है।

# आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर भारत की अंतरिक्ष में लंबी छलांग

**मृत्युंजय दीक्षित**

> "मार्च से पहले गगनयान मिशन के लिए क्रू एस्केप सिस्टम के परीक्षण की भी योजना है। 2025 के मध्य या 2026 के प्रारम्भ में ही हमारी मानव अंतरिक्ष उड़ान - गगनयान को लांच किया जायेगा। गगनयान मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्रियों को 400 किमी कक्षा में भेजा जायेगा और उन्हें भारतीय समुद्री क्षेत्र में उतारा जायेगा। जनवरी 2025 में ही पीएसएलवी मिशन के साथ 100वीं लांचिंग भी होने जा रही है। कुल मिला कर आने वाला समय भारत के सूर्य के अंतरिक्ष में उदय होने का है"

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नेतृत्व में अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत लगातार प्रगति के पथ पर बढ़ते हुए आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की ऐतिहासिक यात्रा 1962 में डा.विक्रम साराभाई के नेतृत्व में गठित भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति की स्थापना के साथ आरम्भ हुई । भारत के पहले साउंडिंग रॉकेट का प्रक्षेपण 1963 में केरल के थुंबा से हुआ था। इसरो के वर्तमान स्वरूप की स्थापना 15 अगस्त 1969 को हुई ओर इसरो का प्रथम उपग्रह आर्यभट्ट 1975 में यूएसएसआर से प्रक्षेपित किया गया। इसरो का प्रथम स्वदेशी उपग्रह एसएलवी -3 था जिसने 1980 में रोहिणी उपग्रह को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया। इसरो अपनी सफलता की यात्रा में अब तक 99 लांचिंग कर चुका है और कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं।

योजनानुसार आगे बढ़ते हुए इसरो वर्ष 2025 तथा आगे आने वाले वर्ष में वह करिश्मा करने जा रहा है जिससे पूरा भारत एक बार फिर गर्व का अनुभव करेगा। आरंभिक दिनों में धनी तथा वैज्ञानिक दृष्टि से आगे माने जाने वाले देशों द्वारा उपहास बनाए जाने, साईकिल व बैल गाड़ी पर लादकर रॉकेट के पुर्जे ले जाने, गरीबी के कारण अंतरिक्ष अनुसंधान पर खर्च को लेकर सवाल उठने के बाद भी भारतीय वैज्ञानिक कभी निराश नहीं हुए वह कठिन दौर अब बहुत पीछे छूट चुका है, आज चन्द्रमा पर शिव शक्ति बिंदु के रूप में तिरंगा फहरा रहा है । इसरो के वैज्ञानिकों की अडिग प्रतिबद्धता और दृढ़ता कभी डिगी नहीं, नवाचार, परिश्रम और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण से उन्होंने संघर्षों को सफलता की गाथा में बदल दिया। भारत के वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि संकल्प और दृष्टि के, साहसिक सपने साकार किए जा सकते हैं।

इसरो ने वर्ष 2014 में प्रथम प्रयास में, सबसे कम लागत में मंगलयान मिशन को सफलतापूर्वक लांच किया। चंद्रयान -1 ने चन्द्रमा पर जल अणुओं की खोज की और वर्ष 2023 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतपूर्वक लैंडिंग की जिसे पूरे विश्व




ने टीवी पर लाइव देखा, आज लैंडिंग का यह बिंदु शिवशक्ति बिंदु के नाम से जाना जाता है । इसरो ने 2024 के आरम्भ में सूर्य का अध्ययन करने के लिए आदित्य एल- 1 का सफलतातपूर्वक प्रक्षेपण किया तथा अंत में स्पैडेक्स मिशन के साथ श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 44.5 मीटर लंबे ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएल वी - सी 60) रॉकेट ने दो छोटे अंतरिक्ष यानों चेजर और टारगेट के साथ सफलतापूर्वक छोड़ा है। अब चेजर और टारगेट को 475 किमीटर की वृत्ताकार कक्षा में स्थापित कर दिया गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी 7 जनवरी तक डॉकिंग प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी। स्पैडेक्स मिशन के साथ ही अब भारत डॉकिंग और अनडॉकिंग क्षमता प्रदर्शित करने वाला चौथा देश बनेगा। इस समय दुनिया के मात्र तीन देश अमेरिका , चीन और रूस के पास अंतरिक्ष यान को अंतरिक्ष में डॉक करने की क्षमता है।अंतरिक्ष यान से दूसरे अंतरिक्ष यान के जुड़ने को डॉकिंग और अंतरिक्ष यानों के अलग होने को अनडॉकिंग कहते हैं।

स्पैडेक्स मिशन भारत के लिए कई दृष्टियों से बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भविष्य के मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए महत्वपूर्ण तकनीक है।यह अतंरिक्ष में डॉकिंग के लिए बहुत ही किफायती प्रौद्योगिकी मिशन है। इसकी सफलता चंद्रमा पर मानव को भेजने व नमूने लाने के लिए जरूरी है।इसकी सफलता से भविष्य में भारत के वैज्ञानिक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण और संचालन में भी आत्मनिर्भर होंगे क्योंकि इसरो की 2035 तक अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की योजना है। वही एक से अधिक रॉकेट लांच करने के लिए भी इस तकनीक की जरूरत है। यह अंतरिक्ष यान दो वर्षों तक पृथ्वी की परिक्रमा करेंगे।दोनों अंतरिक्ष यानों का वजन 220 किग्रा है।इस मिशन की सफलता से अंतरिक्ष कचरे की समस्या से निपटने में भी सफलता मिलेगी। पीओईएम इसरो का प्रायोगिक मिशन है इसके तहत कक्षीय प्लेटफार्म के रूप में पीएस 4 चरण का उपयोग करके कक्षा में वैज्ञानिक प्रयोग किया जाता है।पीएसलवी -चार चरणों वाला रॉकेट है इसके पहले तीन चरण प्रयोग होने के बाद समुद्र में गिर जाते हैं और अंतिम चरण उपग्रह को कक्षा में प्रक्षेपित करने के बाद अतंरिक्ष में कबाड़ बन जाता है। पीओईएम के तहत रॉकेट के इसी चौथे चरण का इस्तेमाल वैज्ञानिक प्रयोग करने में किया जायेगा।

**वर्ष 2025 में और कमाल करेगा इसरो**

अंतरिक्ष क्षेत्र के विशेषज्ञों का मत है कि अभी तक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने जो कुछ किया है वह तो ट्रेलर मात्र है आगामी कुछ वर्षों में इसरो के वैज्ञानिक और भी कमाल करने की तैयारी कर रहे हैं और जिसके बाद भारत काअंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में पूरी तरह आत्मनिर्भर हो जायेगा। इस वर्ष इसरो की 36 से उपग्रहों का प्रक्षेपण करने की योजना तो है ही साथ ही रूस और अमेरिका के साथ मिलकर अंतरिक्ष यात्री भेजने की तैयारी भी है। लो अर्थ ऑर्बिट में कुल 36 सेटेलाइट लांच होने जा रहे हैं। जो देश के कई सेक्टरों को लाभान्वित करेंगे।इससे कृषि, संचार और परिवहन जैसे क्षेत्रों का सुविधा मिलेगी और आम जनजीवन में सुधार होगा।

नये वर्ष में अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की तैयारियों में प्रमुख है कि इसरो ने निजी कंपनियों को प्रक्षेपण यान के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरित करने का निर्णय लिया है। इससे भारत में प्रक्षेपण यान का एक बड़ा बाजार तैयार होने जा रहा है।

इसमें एएसएलवी एक नई शक्ति के रूप में स्थापित होगा। चंद्रयान-3 और आदित्य एल -1 के बाद स्पैडेक्स मिशन की सफलता पर केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत अब स्वदेशी डॉकिंग सिस्टम विकसित करने वाला विश्व का चौथा देश बन गया है। इसरो का यह मिशन अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक नये युग का आरम्भ है। स्पैडेक्स मिशन छोटे अंतरिक्ष यानों के साथ पहला ऐसा मिशन है। हम इसे बड़े अंतरिक्ष यानों के साथ आगे बढ़ायेंगे। मंत्री का कहना है कि नये साल में इसरो नासा सिथेंटिक एपर्चर रडार उपग्रह लांच करने के लिए तैयार है। भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के तहत व्योममित्र रोबोट को भी इस वर्ष लांच करने की तैयारी की है।

मार्च से पहले गगनयान मिशन के लिए क्रू एस्केप सिस्टम के परीक्षण की भी योजना है। 2025 के मध्य या 2026 के प्रारम्भ में ही हमारी मानव अंतरिक्ष उड़ान -गगनयान को लांच किया जायेगा। गगनयान मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्रियों को 400 किमी कक्षा में भेजा जायेगा और उन्हें भारतीय समुद्री क्षेत्र में उतारा जायेगा। जनवरी 2025 में ही पीएसएलवी मिशन के साथ 100वीं लांचिंग भी होने जा रही है। कुल मिला कर आने वाला समय भारत के सूर्य के अंतरिक्ष में उदय होने का है।

## कविता

अवसादो से घिरा ह्रदय हो
मन मस्तिक सब कलुषित हो
तो ऐसे में सामूहिक आयोजन का
रह जाता कोई मूल्य नहीं।।

अनुशासन जब लगड़ा हो
विनय भाव अति बिखरा हो
मयार्दा दूषित अवरोधों में हो
तो ऐसे में सामूहिक आयोजन का
रह जाता कोई मूल्य नहीं।।

मंद बुद्धि जब संचालक हो
पोषित स्व स्वार्थ जहां परि चालक हो
स्वांग सभा जब आयामित हो
तो ऐसे सामूहिक आयोजन का
रह जाता कोई मूल्य नहीं।।

विवेकशुन्य जब कर्ण धार हो
प्रबल प्रलाप झूठ का हो
अवसर ही जब निज लाभों का हो
तो ऐसे सामूहिक आयोजन का
रह जाता कोई मूल्य नहीं।।

लक्ष्य जहां स्वपोषित हो
सामूहिकता का दोहन हो
दूषित जब आयोजक हो
तो ऐसे सामूहिक आयोजन का
रह जाता कोई मूल्य नहीं।।

समता जहा विषमता हो
चिन्हित चेहरे संयोजित हो
तो ऐसे में सामूहिक आयोजन का
रह जाता कोई मूल्य नहीं
रह जाता कोई मूल्य नहीं।।

**पी एन त्रिपाठी**

## क्यों नहीं थम रहा रुपये में गिरावट का सिलसिला?

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**सितंबर** 2024 के शेयर शिखर के बाद निरंतर बहिर्वाह ने रुपये को कमजोर कर दिया क्योंकि निवेशक अमेरिकी ब्याज दरों में वृद्धि की अटकलों के बीच सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर चले गए। उच्च व्यापार घाटे जैसे व्यापार घाटे आयात पर बाहरी निर्भरता को उजागर करते हैं, विशेष रूप से ऊर्जा के लिए, रुपये की कमजोरी के दौरान चालू खाता घाटा बढ़ाते हैं। रुपये के अवमूल्यन के साथ भारत का कच्चे तेल का आयात बिल बढ़ गया, जिससे 2024 का व्यापार घाटा बढ़कर $75 बिलियन के करीब पहुँच गया। टैरिफ की धमकियाँ और ब्रिक्स मुद्रा विवाद जैसी वैश्विक घटनाएँ भारत के बाहरी व्यापार और निवेश के लिए अनिश्चितताएँ पैदा कर-के अस्थिरता को बढ़ाती हैं। ब्रिक्स देशों की मुद्रा योजनाओं के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति की 2024 टैरिफ चेतावनी ने बाजार में बिकवाली को बढ़ावा दिया, जिससे भारत की बाहरी स्थिरता कमजोर हुई। रुपये को स्थिर करने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार पर भारी निर्भरता निरंतर वैश्विक बाजार अशांति के दौरान दीर्घकालिक मौद्रिक लचीलेपन को प्रतिबंधित करती है। रुपये को वापस 85.53 पर लाने के लिए दिसम्बर 2024 में एक ही तिमाही में $20 बिलियन से अधिक के भंडार को समाप्त कर दिया। कमजोर रुपया घरेलू मौद्रिक नीतियों को प्रतिबंधित करता है, महंगे आयातों के माध्यम से मुद्रास्फीति को बढ़ाता है जबकि विकास सम्बंधी चिंताओं को दूर करने के लिए राजकोषीय स्थान को कम करता है। दिसम्बर 2024 में कच्चे तेल के आयात की लागत 15% बढ़ गई, जिससे नीति निमार्ताओं पर मुद्रा प्रबंधन और राजकोषीय विस्तार रणनीतियों को प्रभावी ढंग से संतुलित करने का दबाव पड़ा।

टैरिफ या प्रतिबंध जैसे संरक्षणवादी व्यापार उपाय, व्यापार संतुलन को बाधित करके मुद्रा स्थिरता को कमजोर कर सकते हैं। प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच राजनीतिक अस्थिरता या संघर्ष अस्थिरता पैदा करते हैं, जिससे सुरक्षित-पनाहगाह डॉलर की मांग बढ़ती है और उभरते बाजारों की मुद्राएँ कमजोर होती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया, जिससे भारत के आयात बिल पर दबाव पड़ा और रुपये का मूल्य कम हुआ। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में सख्त मौद्रिक नीतियों के कारण भारत से पूंजी का बहिर्वाह होता है, जिससे रुपये पर दबाव पड़ता है।2022-23 में अमेरिकी फेडरल रिजर्व की दरों में बढ़ोतरी के कारण विदेशी पोर्टफोलियो का बहिर्वाह हुआ, जिससे रुपया कमजोर हुआ। निर्यात की तुलना में आयात में वृद्धि के कारण व्यापार घाटा बढ़ने से विदेशी मुद्रा का बहिर्वाह बढ़ता है, जिससे रुपया कमजोर होता है। कच्चे तेल और सोने के बढ़ते आयात के कारण 2022 में भारत का रिकॉर्ड व्यापार घाटा रुपये के मूल्यह्रास को बढ़ाता है।

## विचार

# भाजपा में शामिल क्यों नहीं होतीं शेख हसीना

**राकेश अचल**

**आज का** शीर्षक पढ़कर आप कहेंगे कि क्या बेवकूफी भरा सवाल है ,लेकिन सवाल तो है, क्योंकि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती शेख हसीना को भारत में शरणार्थी की हैसियत से रहते हुए आज 100 दिन पूरे हो गए हैं।हमारे यहां सौ दिन सास के हों या सरकार के या शेख हसीना के महत्वपूर्ण मने जाते हैं। शेख हसीना के भारत में सौ दिन इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि बांग्लादेश की अस्थायी सरकार भारत से हसीना के प्रत्यर्पण की मांग कर रही है और भारत इस मुद्दे पर गुड़ खाकर बैठा हुआ है। भारत ने अब तक साफ नहीं किया है कि हसीना को लेकर उसकी नीति क्या है ? माननीय शेख हसीना जिन परिस्थितियों में भारत में शरणार्थी बनकर आयीं वे जग जाहिर है। एक सनातनी होने के नाते मै शेख हसीना को शरण देने के पक्ष में हूँ ,क्योंकि हमारी सनातन शरणार्थी नीति आज की सरकार की शरणार्थी नीति से बिलकुल अलग है।

**हमारे राम जी कह गए हैं कि -सरनागत कहुँ जे तजहिं निज अनहित अनुमानि।**
**ते नर पावँर पापमय तिन्हहि बिलोकत हानि॥**

इसलिए शेख हसीना को भारत से निकालना राम जी की शरणागत नीति के विरुद्ध जाएगा। दुर्भाग्य ये है कि भारत की शरणागत नीति शेख हसीना के बारे में अलग है और शेष बांग्लादेशियों या म्यांमार के रोहंगियों के बारे में अलग। हमारी सरकार बांग्लादेशियों को देश के लिए एक बड़ा खतरा मानती है और अब चुन-चुनकर उन्हें वापस बांग्लादेश और म्यांमार भेज रही है । इन्हीं बांग्लादेशियों की शिनाख्त के लिए भाजपा की सरकार ने तमाम कानून बनाये,जिनमें से सीआईए भी एक है। मेरा कहना है कि शरणागत कानून भी एक देश एक विधान जैसा होना चाहिए,यानि जो कानून शेख हसीना के लिए हो वो ही दिल्ली में रिक्शा खींचने वाले बदरुद्दीन के लिए भी हो। लेकिन मै जानता हूँ कि मेरी बात किसी के गले नहीं उतरेगी,क्योंकि ऐसा करना न आसान है और न व्यावहारिक।

बांग्लादेश में तख्ता पलट के बाद जान बचाकर भागी शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस प्रयासरत है। बांग्लादेश ने इस बारे में भारत से खतो -किताबत भी की है ,लेकिन भारत ने अभी तक इस बारे में कोई संकेत नहीं दिए है। भारत में 100 दिन से रह रहीं शेख हसीना को फिलहाल स्वदेश लौटने का ख्वाब देखना बंद कर देना चाहिए और तस्लीमा नसरीन की तरह भारत में स्थायी निवास के लिए अर्जी लगा देना चाहिए। वे चाहें तो भारत की नागरिकता भी मांग सकती हैं और यहां रहकर भी बांग्लादेशियों के लिए नयी पार्टी बनाकर सियासत शुरू कर सकती हैं। वे चाहें तो सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो सकतीं है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद उन्हें आसानी से मिल सकता है। भारत शरणार्थियों के लिए स्वर्ग है। रामजी के राज में भी और मोदी जी के राज में भी । कांग्रेस के राज में भी शरणागत नीति बड़ी उदार थी । 1975 में जब बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद शेख मुजीबर्रहमान के परिवार की हत्या की गयी थी उस समय भी शेख हसीना भारत में थीं। शेख हसीना ने उस समय भी 1975 सी 1981 तक दिल्ली के पंडरा रोड पर रहकर स्वदेश वापसी के लिए तैयारी की थी। यानि उनके लिए भारत में 100 दिन शरणार्थी बनकर रहना कोई नयी बात नहीं है। मोदी जी चाहें तो भारत उन्हें भारत में अगले आम चुनाव तक यानि 2029 तक आसानी से रुकने की इजाजत देकर कांग्रेस की सरकार के समय का कीर्तिमान भंग कर सकती है।

भाजपा में शेख हसीना को लेकर दो धड़े है। एक धड़ा चाहता है कि शेख हसीना भारत में ही रहें और दूसरा धड़ा चाहता है कि उन्हें जबरन बांग्लादेश भेज दिया जाये। मोदी जी कि शेख हसीना से जो कुर्बत है वो मोदी विरोधियों कि आँखों में किरकिरी जैसी खटकती है। 77 साल कि शेख हसीना हमारे प्रधानमंत्री जी कि बड़ी बी, यानि बड़ी बहन हैं। वे चाहें तो आगामी रक्षाबंधन पर शेख हसीना से राखी बंधवाकर उन्हें अपनी धर्म बहन बना सकते हैं। इससे उनके ऊपर मुस्लिम विरोधी होने का जो दाग है वो भी धुल जाएगा और बांग्लादेशी घुसपैठियों का समर्थन भी मिल जाएगा।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# डॉक्टरों की कमी पूरी करने के लिए अदालत की

**डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी**

**सर्वविदित है कि** देश की विशाल आबादी पर चिकित्सकों की उपलब्धता वैश्विक मानकों के अनुरूप नहीं है। यूनेस्को कई बार बता चुका है कि भारत के कई स्थानों पर एक हजार व्यक्तियों पर एक चिकित्सक भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यदि देश के कई मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सा पाठ्यक्रमों में सीटें खाली रह जाएं तो इसे देश के लिये विडंबना ही कहा जाएगा। इस ज्वलंत मुद्दे पर देश की शीर्ष अदालत ने संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि इस माह के अंत तक देश के सभी मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सा पाठ्यक्रमों में रिक्त पड़ी सीटों को तुरंत भरा जाए। जाहिर है जब देश में पहले से ही डॉक्टरों के कमी है तो ये सीटें क्यों खराब की जा रही हैं? निश्चित रूप से समाज के अंतिम व्यक्ति को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में शीर्ष अदालत की यह पहल बदलावकारी साबित हो सकती है। फरवरी 2024 को लोकसभा में एक सवाल के जवाब में मंत्रालय की ओर से नेशनल मेडिकल कमीशन की रिपोर्ट पेश की गई, इस रिपोर्ट के हिसाब से भारत में जून 2022 तक स्टेट मेडिकल काउंसिल और नेशनल मेडिकल कमीशन में 13,08,009 एलोपैथिक डॉक्टर रजिस्टर्ड हैं। इस रिपोर्ट के हिसाब से भारत में जून 2022 तक स्टेट मेडिकल काउंसिल और नेशनल मेडिकल कमीशन में 13,08,009 एलोपैथिक डॉक्टर रजिस्टर्ड हैं।

देश में चिकित्सकों की कमी को देखते हुए पिछले दिनों बड़ी संख्या में नये मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं, लेकिन इनमें सीटों की संख्या दुगनी हो जाने के बाद भी डॉक्टरों की कमी बनी हुई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2014 में कार्यभार संभालने के बाद से विशेष उपचार के लिए एक दर्जन से अधिक एम्स जैसे चिकित्सा संस्थानों का निर्माण किया है। सरकार की देश के 761 जिलों में से हरेक में कम से कम एक बड़ा अस्पताल बनाने की योजना है। समस्या डॉक्टरों की कमी की है।

# जल संकट का अंतरराष्ट्रीय भयावह स्वरूप

**संजीव**

**सामान्य** तौर पर देखेंगे तो जल की उपलब्धता को लेकर कोई विशेष संकट नजर नहीं आता है। किंतु वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है'पृथ्वी की सतह का लगभग 70% भाग जल से आच्छादित है'पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का 97% समुद्र खारा पानी है, जो उपयोग के योग्य नहीं है 'अतः मात्र 3% जल ही पीने के योग्य है,इससे भी कम जल नदी, तालाब, झीलों भूगर्भीय जल के रूप में मनुष्य व अन्य जीवों के पीने के योग्य मीठे पानी के रूप में उपलब्ध है, परिणामतः पीने योग्य जल का संकट और गहराता जा रहा है। यदि मानव सभ्यता के इतिहास को खंगाले तो यह तथ्य सामने आता है कि बड़ी-बड़ी सभ्यता एवं संस्कृतियाँ नदी, घाटियों में विकसित और फलित हुई है। जल अपने स्वरूप में निर्मलता धारण किए हुए पवित्रता का प्रतीक है, लेकिन इसकी क्रमिक रूप से घटती मात्रा में जल संकट अस्तित्व को खतरा उत्पन्न कर दिया है। जल अब राज्यों तथा विभिन्न देशों के मध्य बड़े विवाद का कारण बनता जा रहा है। जल मनुष्य के जीवन का अत्यंत आवश्यक स्वरूप है जल के बिना कल नहीं है और जल ही जीवन कहलाता है। ऐसे में जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। जल का विवाद सिर्फ गांव तहसील के जिलों में नहीं बल्कि राज्य और देशों के बीच भी गहराता जा रहा है। इसका बहुत बड़ा उदाहरण कावेरी, मांडवी जैसे अंतरराष्ट्रीय नदियों गंगा, ब्रह्मपुत्र में नील, सतलज जैसी अंतरराष्ट्रीय नदियां हैं। वैश्विक जल संकट से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप, अफ्रीकी देशों में एक बड़ी आबादी जलाभाव के कारण काल कब रीत हो रही है। जल संकट की यह समस्या और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप धारण कर चुकी है एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी मांग उठाई जा रही है।

पृथ्वी पर पीने की योग्य जल की उपलब्धता घटती जा रही है वहीं विकास एवं औद्योगिकरण की प्रक्रिया में जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। मानव के जल दोहन का बेतरतीब उपयोग जल चक्र के संतुलन को नष्ट कर रहा है।

## न्यूज फ्लैश


### एडीसी की अध्यक्षता मे आयोजित हुआ समाधान शिविर




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** एडीसी डा. ब्रह्मजीत सिंह ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करवाने के साथ-साथ जो भी लम्बित शिकायतें है उनका समाधान भी तत्परता से करवाना सुनिश्चत करे। एडीसी डा. ब्रह्मजीत सिंह उपायुक्त कार्यालय के सभागार मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करने के दौरान सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दे रहें थे। इस दौरान उन्होंने समाधान शिविर मे आएं लोगो की समस्याओं को सुना और साथ ही सम्बंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रार्थी की समस्या का तत्परता से समाधान करने के निर्देश दिए। बतां दें कि शुक्रवार को जिलास्तर पर समाधान शिविर मे कुल 4 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका एडीसी द्वारा संबंधित अधिकारियों को तय समय मे समाधान करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान समाधान शिविर में अंबाला शहर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से सुमन रानी परिवार पहचान पत्र संबंधी समस्या को लेकर, साहा से राजकुमार अविवाहित पेंशन बनवाने को लेकर, जगाधरी गेट अंबाला शहर से रेशमा ने राशन कार्ड संबधी समस्या को रखा, गांव मटेडी जट्टा से नसीब सिंह अपने पोते पवन कुमार की फैमिली इन्कम कम करवाने को लेकर पहुंचे थे। एडीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार जिलास्तर व उप मण्डल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस मे सुबह 10 बजे से 12 बजें तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है समाधान शिविर लगाने का मुख्य उदेश्य लोगो की समस्याओं का जल्द समाधान करना है, इसी सोच के साथ सभी सम्बंधित अधिकारी कार्य करें और लोगो की समस्याओ का निदान करे। इस मौके पर नगराधीश पूजा कुमारी, डीएसपी विजय कुमार, डीआरओ तरूण सहोता के साथ-साथ विभिन्न विभागो के अधिकारीगण मौजूद रहें।

### संविधान के प्रति 25 जनवरी को होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम- विवेक जोशी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के मुख्य सचिव विवेक जोशी ने चण्डीगढ से आयोजित वीसी के माध्यम से संविधान दिवस के दृष्टिगत किए जा रहे कार्यों एवं गतिविधियों बारे विस्तार से समीक्षा करते हुए आगे जो कार्य किए जाने हैं, उस बारे सभी उपायुक्तों एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव विवेक जोशी ने वीसी के दौरान कहा कि 26 नवम्बर को संविधान दिवस का आयोजन किया जाता है और इस वर्ष संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसकी रूपरेखा बारे पहले से ही विस्तार से जानकारी दी गई है। उन्होने 26 नवम्बर के बाद स्कूलों, कालेजों व पंचायत विभाग द्वारा जो गतिविधियां एवं कार्यक्रम किए गए हैं उसकी समीक्षा करते हुए कहा कि 25 जनवरी 2025 को जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करके संविधान के बारे अधिक से अधिक लोगों एवं युवा पीढ़ी को जागरूक करने का काम किया जाए और संविधान पर स्कूलों एवं कालेजों में निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता व इससे सम्बन्धित जो प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई थी, उन विजेता विद्यार्थियों को भी यहां पर सम्मानित किया जाए। उन्होने यह भी कहा कि संविधान बनाने में जिन गणमान्य लोगों ने अपनी अहम भूमिका निभाई है और गठित टीम में उनका नाम शामिल है, ऐसे गणमान्य लोगों के परिजनों को भी कार्यक्रम का हिस्सा बनाएं।

# अधिकारी समस्याओं की तरफ न देखकर समाधान की तरफ देंखे: सीईओ नरेन्द्र

## जनता समाधान शिविर में हो रहा पुरानी से पुरानी समस्याओं का समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के दिशानिर्देश अनुसार हर जिले व उपमंडल में आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर में अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर पहुंच रहे शिकायतकर्ता समाधान के बाद उत्सव मनाते हुए घर लौटते है। शिविर में पैंशन व क्रीड से जुड़ी जो समस्याएं लंबित थी उन पर विभाग द्वारा गंभीरतापूर्वक संज्ञान लिया जा रहा है। शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में जनता समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र पाल मलिक ने कहा कि अधिकारियों को समस्या की गंभीरता में जाना चाहिए। बगैर गंभीरता में जाएं समाधान असंभव है।



मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश के लोगों की चिंता करते है जिसके चलते ये समाधान शिविर आयोजित किये जा रहे है। इन शिविरों में पुरानी से पुरानी समस्याओं का निदान विभाग के अधिकारियों के सहयोग से हो रहा है। जो लोग समस्याओं को लेकर जूझ रहे थे व समाधान नजर नहीं आ रहा था। अब उनके चेहरे पर खुशी की लहर है व समस्याओं के तत्परता से हो रहे समाधान से उनकी परेशानियां काफी हद तक कम हो गई है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि शिविर में यह सोचकर जिले के नागरिक पहुंचते है कि उनकी समस्या का पता नहीं समाधान होगा या नहीं लेकिन अधिकारियों के प्रयासों से उनका यह भ्रम उस वक्त टूट जाता है जब अधिकारी उनकी समस्या का तत्काल निपटान करते है।

समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंची योगिता वासी भाटिया कॉलोनी ने प्रशासन से प्रार्थना की कि उनकी बेटी की शादी अप्रैल 2024 में हुई थी। विवाह शुगन योजना के लाभ के लिए आवेदन भी किया था। स्वीकृति का मैसेज भी आ गया था लेकिन आज तक उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने संबंधित विभाग को संज्ञान लेने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता शीला वासी भंढारी ने प्रशासन से प्रार्थना की कि उनके पति की टीबी के चलते मृत्यु हो चुकी है। सरकार द्वारा दीन दयाल योजना के अुनसार 3 लाख रुपए तक लाभ दिया जाता है लेकिन उन्हें किसी भी तरह का लाभ नहीं मिला है।

## मटिण्डू गांव के सरपंच के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

उपमंडल के गाँव मटिण्डू के सरपंच के खिलाफ शिकायत पर कार्रवाई करने के लिए उपायुक्त डॉ मनोज कुमार द्वारा निर्देश दिए गए है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के निर्देशन में लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए प्रत्येक जिला में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों में उपायुक्त सहित सभी अधिकारी एक छत के नीचे उपस्थित होकर लोगों की समस्याएं सुनते हैं और उनका निवारण करते हैं। शुक्रवार को सोनीपत लघु सचिवालय में उपायुक्त डॉ मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान शिविर में गांव मटिण्डू निवासी वेदपाल द्वारा गांव के सरपंच के खिलाफ दी गई शिकायत पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरपंच के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, एसडीएम अमित कुमार, नगराधीश रेणुका नांदल, एसीपी मलकित सिंह, डीआरओ हरिओम अत्री तथा डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## महिला से दो युवकों ने की छेड़छाड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर के राजीव पुरम में एक महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना एक जनवरी की शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच की है। जब महिला अपने काम से लौट रही थी। रास्ते में खड़े दो युवकों ने महिला के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की। महिला ने साहस दिखाते हुए खुद को बचाया और शोर मचाया, जिससे दोनों युवक मौके से भाग गए। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस को कर दी। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है। शिकायतकर्ता पेशे से एक घरेलू कामगार है।

# ओडीएल व ऑनलाइन कार्यक्रमों में दाखिला शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र(सीडीओई) में जनवरी 2025 सत्र के लिए ऑनलाइन मोड और ओपन डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) मोड के माध्यम के स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन करने की दाखिला सूचना जारी की गई है। इन प्रोग्राम्स में दाखिले के इच्छुक आवेदक 31 मार्च 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र की निदेशक प्रो. मंजूला चौधरी ने बताया कि ऑनलाइन कार्यक्रम एनईपी-2020 के तहत यूजी



कार्यक्रमों (सेमेस्टर प्रणाली) बी.ए./बी.कॉम/बीबीए, पीजी प्रोग्राम्स (सेमेस्टर सिस्टम) में एम.ए. अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, मास कम्युनिकेशन, एम.कॉम, एमसीए और एमबीए, विदेशी भाषा में प्रमाणपत्र कार्यक्रम (6 महीने) में जर्मन भाषा में सर्टिफिकेट कोर्स, फ्रेंच भाषा में सर्टिफिकेट कोर्स व जापानी भाषा में सर्टिफिकेट कोर्स शामिल हैं। डिप्लोमा कार्यक्रम (1 वर्ष-2 सेमेस्टर) में साइबर सुरक्षा में डिप्लोमा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में डिप्लोमा व डेटा एनालिटिक्स में डिप्लोमा शामिल हैं। 6 महीने के सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन टेक्नोलॉजी में इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), ब्लॉक चेन मैनेजमेंट, फुल स्टैक डेवलपमेंट तथा क्लाउड कम्प्यूटिंग शामिल हैं। प्रो. मंजूला चौधरी ने बताया कि ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) प्रोग्राम्स में यूजी प्रोग्राम्स ( वार्षिक प्रणाली) में बीए, बीकाम, बीसीए तथा बी. लाइब्रेरी साइंस शामिल हैं। पीजी कार्यक्रम (वार्षिक प्रणाली) में एमए हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, पंजाबी, दर्शनशास्त्र, संस्कृत में एम.ए., लोक प्रशासन, सोशोलॉजी, एम.कॉम. मास्टर ऑफ लाइब्रेरी साइंस, एमएससी. भूगोल, एमएससी. गणित, एमएससी. कंप्यूटर साइंस शामिल हैं।

## अज्ञात चोरों ने चार दुकानों को बनाया निशाना



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** गुड़ मंडी में जलेबी वाली गली में अज्ञात चोर 4 दुकानों के ताले तोडकर सामान लेकर फरार हो गए। चोर 3 दुकानों में चोरी करने में कामयाब रहे, जबकि एक दुकान के सिर्फ ताले तोड़ पाए, उसमें चोरी नहीं कर पाए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुड़ मंडी प्रधान अमित खुराना ने बताया कि सर्दियों के दिनों में चोरी की घटनाएं शहर में बढ़ चुकी है। नशा करने वाले लोग दुकानों में सेंधमारी करते है। रात को चोरों ने 4 दुकानों के ताले तोड़े हैं। एक दुकान में वे एंट्री नहीं कर पाए, बाकी तीन दुकानों में चोरी करने में कामयाब हो गए। चोर ताले भी अपने साथ लेकर चले गए। अज्ञात चोरों द्वारा किसी दुकान से 2 हजार कैश, किसी से 3 हजार तो किसी से 4 हजार का कैश चुराया गया है। दुकानों में रखे गौशाला के गुल्लक तक उठाकर ले गए है। पीड़ित दुकानदारों ने बताया कि करीब 15 हजार रुपए

# सावित्री बाई फूले जयंती: नारी हर क्षेत्र में अव्वल हैं-नीतू जांगड़ा

**पानीपतः ( कमाल हुसैन )**

महात्मा ज्योतिबा फूले जन कल्याण समिति द्वारा आज सावित्री बाई फूले जयंती को स्मरण दिवस के रूप में असंध रोड़ स्थित जे के विद्या मंदिर स्कूल में मनाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कुमारी नीतू जांगड़ा रही तथा विशिष्ट अतिथि निवर्तमान नगर निगम पार्षद एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कोमल सैनी रही। मुख्य वक्ता के तौर पर वरिष्ठ अधिवक्ता राम मोहन राय ने अपना वक्तव्य दिया। मंच संचालन चार्टड



अकाउंटेंट गोविंद सैनी ने किया। कार्यक्रम में समिति प्रधान सतबीर सैनी, सचिव दलबीर आर्य, रामगोपाल सैनी, रामरतन एडवोकेट, सतपाल जांगड़ा, विद्यालय प्रबंधक राजेश सैनी, सी आर पब्लिक स्कूल सैदापुर के चेयरमैन एवं स्टाफ, पवन सैनी, सतीश सैनी, सुरेश सैनी, सतीश सैनी एडवोकेट, प्रो. माननी सैनी, गीता सैनी, इंस्पेक्टर सरोज सैनी, अनु सैनी सी ए, गीता आर्य, नीतू सैनी, किरण सैनी , कपूर सैनी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीतू जांगड़ा ने कहा कि आज समाज के हर क्षेत्र में महिलाएं अव्वल हैं चाहे वह अंतरिक्ष हो, खेल हों, राजनीति हो, चिकित्सा हो ,शिक्षा हो, विज्ञान हो या अन्य कोई भी क्षेत्र। पहले जब महिला साइकिल भी चलाती थी तो उन्हें ऐसा करने से रोक दिया जाता था परन्तु आज महिलाएं जहाज चला रही हैं, एस पी जी के माध्यम से प्रधानमंत्री की सुरक्षा में हैं, सुनीता विलियम के रूप में अंतरिक्ष में हैं और द्रौपदी मुर्मू के रूप में देश का नेतृत्व कर रही हैं और यह सब आधुनिक भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले जी के त्याग और तपस्या से संभव हो पाया है। जांगड़ा ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं का आह्वाहन किया कि वे आज उस महान आत्मा के जन्म दिवस पर उनके जीवन से प्रेरणा ले कर खूब पढ़ लिख कर ज्ञान अर्जित करें क्योंकि सावित्री बाई फूले कहती थीं कि ज्ञान ही मुक्ति का मार्ग है। मुख्य वक्ता राम मोहन राय ने कहा कि आज समाज में हम जो महिलाओं का स्थान देख रहे हैं वह सब महात्मा ज्योतिबा फूले, सावित्री बाई फूले और महर्षि दयानंद सरस्वती जैसे महा पुरुषों की त्याग तपस्या से संभव हुआ है।

# समाधान शिविर में 11 समस्याओं का किया मौके पर समाधान: रमन गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** नगराधीश डा.रमन गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से सम्बन्धित 11 समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया है। इन शिविरों से शिकायतकताओं को लाभ मिल रहा है,क्योंकि एक ही छत के नीचे सभी अधिकारी समस्याएं सुन रहे है। नगराधीश डा. रमन गुप्ता शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में लगाए गए समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इससे पहले डा. रमन गुप्ता व सदस्य रामपाल पाली के समक्ष




लोगों ने 15 समस्याएं रखी, इनमें से तुरंत समाधान होने वाली 11 समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया। इसके अलावा लम्बित 4 शिकायतों को तुरंत समाधान करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए है। नगराधीश ने कहा कि उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में रोजाना कार्य दिवस के दौरान समाधान शिविर लगाए जा रहे है। इन शिविरों में प्रयास किया जा रहा है कि सभी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाए।

## चलते ट्रक में लगी आग, ड्राइवर व हेल्पर ने कूदकर बचाई जान

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम-सोहना रोड स्थित अलीपुर गांव के पास एक चलते ट्रक में आग लग गई। आग से ट्रक व सामान जलकर राख हो गया। ट्रक के ड्राइवर व हेल्पर ने कूदकर जान बचाई। जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात करीब 10 बजे एक ट्रक में मटर भरकर रतलाम से दिल्ली ले जाया जा रहा था। जैसे ही ट्रक सोहना खंड के गांव अलीपुर के पास पहुंचा तो उसमें आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरे ट्रक में फैल गई। आग की सूचना फायर ब्रिगेड विभाग को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से कर्मचारियों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू किए।

# बीच वॉलीबाल में आर्य कॉलेज ने जीते दो स्वर्ण पदक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय,**कुरूक्षेत्र व आर्य कॉलेज पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में पहली बार बीच वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गय। प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज की महिला व पुरूष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत कर आर्य कॉलेज का नाम रोशन किया। शुक्रवार को कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता व प्राध्यापकों ने विजेता खिलाडियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की,साथ ही प्राचार्य ने इस शानदार उपलब्धि पर कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापकों व कोच को बधाई दी। कॉलेज की



प्रबंधक समिति के महासचिव सीए कमल किशोर ने इस शानदार जीत के लिए पूरे आर्य कॉलेज परिवार को बधाई देते हुए कहा कि कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार बीच वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया, और पहली बार ही आर्य कॉलेज के खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा को जोर दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीत कर कॉलेज को नए वर्ष का तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि हमें अपने खिलाडियों पर गर्व है और हमें पूरा विश्वास है कि ये विद्यार्थी भविष्य में भी ऐसे ही अपने महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 व 2 जनवरी को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय,कुरूक्षेत्र व आर्य कॉलेज पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में पहली बार बीच वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। यह प्रतियोगिता पानीपत के जिले के गांव गढी बेसिक राणा माजरा में यमुना नदी के रेतीले क्षेत्र में करवाई गई।

डॉ. गुप्ता ने बताया कि आर्य कॉलेज की महिला टीम में तन्नू राठी व हैप्पी भाटी ने अपने खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए एस.डी कॉलेज पानीपत को 2-1 से, डीएवी कन्या महाविद्यालय,करनाल को 2-0 से व फाइनल मैच में चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पुंडरी की टीम को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

# धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**सोनीपत, 03 जनवरी।** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि 26 जनवरी को जिला पुलिस लाईन में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस की तैयारियों के लिए जिन विभागों को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वे उसे कर्तव्य निष्ठा के साथ निभाएं और समारोह में आमजन की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने आम जनमानस का भी आह्वान करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पर्व में जन-जन को भागीदारी करनी चाहिए। इस सुअवसर पर हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों को नमन करना चाहिए।

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन के उद्देश्य से




शुक्रवार को लघु सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम अपने राष्ट्रीय पर्व को पूर्ण गरिमा और हर्षोल्लास के साथ मनायेंगे। उन्होंने कहा कि जिस अधिकारी को जो डयूटी दी गई है उसका निर्वहन पूर्ण ईमानदारी व कर्मठता के साथ करें। उन्होंने कहा कि स्कूली विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाए, जिसके चयन के लिए कमेटी का गठन किया जा रहा है। परेड में भी एनसीसी व एनएसएस तथा स्काऊट की टुकडि?ों को विशेष रूप से शामिल किया जाए।

उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समारोह स्थल, सभी चौक चौराहों पर साफ-सफाई व झाडियां कटवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को समारोह स्थल पर मुख्य कार्यक्रम के दिन व रिहर्सल के दौरान बच्चों के लिए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने, सिविल सर्जन को समारोह स्थल पर एम्बुलैंस की सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्रता दिवस समारोह में रोडवेज, शुगर मिल, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जन जीवन मिशन, जिला बागवानी विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को दशार्ती झांकियां निकाली जाएं जिसके लिए संबंधित विभाग द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को दशार्या जाए ताकि आमजन को इन योजनाओं के बारे में जानकारी मिल सके। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समारोह स्थल पर सुरक्षा के लिहाज से पुलिसकर्मियों की ड्यूटियां लगाएं।

उपायुक्त ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिये कि जिन भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपनी डयूटी से हटकर कोई उत्कृष्ठ कार्य किया है, उसका नाम 10 जनवरी से पहले पहले उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध करवाया जाए, ताकि उनको गणतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित करवाया जा सके।

# कुरुक्षेत्र जिला बार एसोसिएशन ने मनाया नव वर्ष उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र जिला बार एसोसिएशन के सभागार में नव वर्ष के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन चेयरमैन के.के. कौशिक की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी ने मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुई। इस अवसर पर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश व अन्य न्यायाधीशों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। नव वर्ष के कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण कुमार गुप्ता, महासचिव रविंद्र सांगवान, अन्य पदाधिकारी व चुनाव कमेटी सदस्य मनोज वशिष्ट भी मौजूद रहे। के.के. कौशिक ने कहा कि



बार एसोसिएशन एवं बैंच एक परिवार है। आपस में सदभाव बना रहे एवं जिला बार एसोसिएशन का उत्थान हो ऐसी कामना है। इस अवसर पर कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र सिंह तंवर, अजमेर सिंह पाबला, पूर्व प्रधान अशोक भारद्वाज, दीना नाथ अरोड़ा, पूर्व प्रधान सुभाष शर्मा, आत्म प्रकाश मनचंदा, मेहर सिंह मलिक, शारदा काकड़ा, मनोज कौशिक, संजय वालिया, पूर्व प्रधान गुरतेज सिंह सेखों, संजय गुप्ता, मंजू कौशिक, नरेश वर्मा, सुमेर सैनी, राकेश शर्मा, सी.बी. शर्मा, आनंद गर्ग, तरलोचन सिंह, सहदेव राढान, वीरेंद्र बांगड़, धर्मेंद्र अत्री व पीयूष गोयल इत्यादि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

## सर्दी के मौसम में कोहरें के दौरान वाहन चलातें समय अधिक सावधानी बरतें: पुलिस अधीक्षक



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री वरुण सिंगला ने वाहन चालकों को सर्दी के मौसम में अपने वाहनों को चलाते समय अतिरिक्त सावधानी बरतने और यातायात से संबंधित कुछ जरूरी हिदायतों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। श्री सिंगला ने कहा कि सर्दी के मौसम में कोहरे की वजह से सड़क हादसों की संभावना चालीस फीसदी तक बढ़ जाती है लिहाजा सावधानी बरतनी बेहद आवश्यक है। सुरक्षित ड्राइविंग से सड़क हादसों पर बहुत हद तक रोक लगाई जा सकती है। अतः जिला के सभी वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए सावधानियां जरूर अपनानी चाहिए। इस सम्बन्ध में दुर्घटना से बचाव के लिए जिला पुलिस ने की एडवाइजरी जारी की है जानकारी देते हुए श्री वरुण सिंगला ने बताया जैसे जैसे सर्दी बढे रही है वैसे-वैसे कोहरा भी बढ रहा है। जिसके कारण अधिक सडक दुर्घटना होने की आशंका रहती है। सर्दी के मौसम में धुन्ध पडने से सडकों पर दृश्यता कम हो जाती है जिस कारण वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने का अंदेशा बढ जाता है। आम दिनों की अपेक्षा धुन्ध के मौसम में वाहन चालको को ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जल्द ही जिला पुलिस द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने के अभियान की शुरूआत की गई है। श्री सिंगला ने बताया कि जिला यातायात पुलिस द्वारा सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर सडको पर चलने वाले छोटेझबडे, कमर्शियल वाहन तथा ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई जा रही है। इस अभियान के तहत वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक भी किया जाऐगा व धुंध के मौसम में कम दृश्यता के चलते दुर्घटना न हो इसके लिए जागरूक किया जा रहा है ।

## महात्मा ज्योतिबा फुले ट्रस्ट द्वारा माता सावित्रीबाई फुले की जयंती बच्चों के साथ मनाई: रंगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षा विकास ट्रस्ट द्वारा माता सावित्रीबाई फुले जी की जयंती को कुरुक्षेत्र की झुगी झोपड़िया में जाकर छोटे-छोटे बच्चों के साथ मनाया । ट्रस्ट के चेयरमैन मिहा सिंह रंगा ने कहा कि आज पुरा देश माता सावित्रीबाई फुले को पूरा देश याद कर रहा है माता सावित्रीबाई फुले जी भारत की प्रथम महिला शिक्षिका रही ।आज उनके जन्मदिन के अवसर पर पूरे देश में उनकी याद में कार्यक्रम हो रहे हैं ।ट्रस्ट द्वारा आज कुरुक्षेत्र की झुगी झोपड़ी में जाकर बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने के साथ-साथ उनको शिक्षण सामग्री का सहयोग किया गया। ट्रस्ट की महिला प्रदेश अध्यक्ष स्वीटी रंगा ने कहा कि ट्रस्ट के द्वारा हमेशा ही शिक्षा के लिए विशेष कर बेटियों की शिक्षा लिए ट्रस्ट के सभी सदस्यों के सहयोग से कार्य किया जाता है। आर्थिक अभाव के कारण कोई भी

# स्वयंसेवकों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा कर बुराइयों से दूर रहने के लिए किया जागरूक

### यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक राम निवास की अध्यक्षता में हुआ

**जागरूक किया**

▶▶ डॉ. अशोक कुमार वर्मा प्रतिदिन किसी न किसी जिले में नशे के विरुद्ध जागरूक कार्यक्रम करते हैं



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के मार्गदर्शन में प्रतिदिन नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा प्रतिदिन किसी न किसी जिले में नशे के विरुद्ध जागरूक कार्यक्रम करते हैं और सबसे बड़ी बात वे सदैव साइकिल का प्रयोग करते हुए एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचते हैं। । वे आज कुरुक्षेत्र से अजराना कलां पहुंचे और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत शिविर में व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में 50 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक राम निवास की अध्यक्षता में हुआ। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव के व्यक्तियों को विशेष रूप से युवाओं को अपनी संस्कृति एवं परम्परा को नहीं भूलना चाहिए। हमारे गांव की संस्कृति के अनुसार गांव की बेटी को अपनी बहन बेटी के रूप में माना जाता है। ऐसा न केवल संस्कृति के कारण है अपितु इसके पीछे वैज्ञानिक कारण भी है और वह है डीएनए।

पहले समय में विवाह दूर दूर करते थे अर्थात 80 से 100 किलोमीटर दूर के स्थान पर करते थे। इसके पीछे क्या कारण था। कारण यह था कि ऐसे मेल द्वारा आने वाली संतान बहुत अधिक स्वस्थ होती थी। आज पड़ौस की लड़की के साथ विवाह किया जा रहा है जो स्वार्थ अनुचित है। उन्होंने स्वयं सेवकों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करते हुए कहा कि नशा करता है मनुष्य की दुर्दशा। बहुत विस्तार से नशे जैसे भयानक राक्षस पर चर्चा करते हुए स्वयं सेवकों को विषय से जोड़कर रखा और उनके विचार जानकार इस बुराई का समूल नाश करने के अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

## पुलिस महानिरीक्षक कबिराज ने मालखाने का किया दौरा



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**चेक किया**

▶▶ एनडीपीएस के पुराने मामलों में जब्त किए गए मादक पदार्थ के 117 मामलों को चैक किया

**अम्बाला:** पुलिस महानिरीक्षक अम्बाला मण्डल अम्बाला छावनी श्री शिबास कबिराज ने एनडीपीएस के पुराने मामलों में जब्त किए गए मादक पदार्थो के सम्बन्ध में मालखाने का फिजिकल दौरा किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अम्बाला सुरेन्द्र सिहँ भोरिया, उप-पुलिस अधीक्षक अम्बाला छावनी रजत गुलिया व अन्य पुलिस अधिकारी मौका पर उपस्थित रहे।

कमेटी चेयरमैन शिबास कबिराज की देखरेख में कमेटी के सदस्यों द्वारा एनडीपीएस के पुराने मामलों में जब्त किए गए मादक पदार्थ के 117 मामलों को चैक किया जोकि दुरूस्त पाए गए। इन 117 मामलों को चैक करने उपरान्त कमेटी की निगरानी में सीलबन्द किया गया है। जल्द ही इन मामलों में जब्त मादक पदार्थो को डिस्पोज किया जाएगा।

इन मामलों में चूरापोस्त के 25 मामलें जिसकी मात्रा 5 क्विन्टल 593 ग्राम, सुल्फा 01 मामला, चरस के 03 मामलें जिसकी मात्रा 788 ग्राम, गांजा के 08 मामलें मात्रा 28 किलो 85 ग्राम, हैरोइन के 44 मामले मात्रा 04 किलो 64 ग्राम 434 मिलिग्राम, अफीम के 22 मामले मात्रा 28 किलो 771 ग्राम 67 मिलिग्राम व नशीली दवाओं के 14 मामलें शामिल है।

## मैननिकल वर्करण यूनियन की मीटिंग जिला प्रधान तेजबीर मलिक की अध्यक्षता में हुई



**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

मीटिंग में राज्य उप महा सचिव विनोद कुमार फौजी राज्य प्रेस प्रवक्ता कुशल पाल चौहान राज्य उप प्रधान लेज पाल गुर्जर करनाल बी एण्ड आर जिला चैयरमैन साहब सिंह धीमान करनाल जिला प्रधान रजिस्टर राणा करनाल जिला सचिव कुलदीप राणा पानीपत प्रधान रामपाल तवर सचिव राजेन्द्र मलिक व उप प्रधान अनिल रावल बी० एण्ड भार प्रधान जगदीश शर्मा आदि मौजूद रहे। सर्व कर्मचारी संघ से लगभग 30 कर्मचारी सर्व कर्मचारी संघ मे संचालन जिला सचिव जो विभाग आस्था जताई । मीटिंग ईशवर दहिया ने लगभग 30 कर्मचारी का भी स्वागत करते हैं किया और है ।

## देने को दान लेने को ज्ञान त्यागने अभिमान: प्रवीण जैन

**समाजसेवी**

▶▶ शाल वितरण अभियान की शुरूआत मुख्य अतिथि जगदीश जैन व प्रेम सचदेवा समाज सेवी ने की




**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** समाज सेवा संगठन की ओर से जैन स्थानक अग्रवाल मण्डी में आस पास की झुग्गी झोपड़ी व कालोनी के जरूरत मन्द बच्चों महिलाओं को गर्म सूट जैकेट शाल वितरण अभियान की शुरूआत मुख्य अतिथि जगदीश जैन व प्रेम सचदेवा समाज सेवी ने की अतिथि ने कहा संगठन सर्दी के मौसम में जरूरत मन्द को गर्म कपड़े अभियान चलाया हुआ है जो बहुत ही काबिले तारीफ है। हम सबको सहयोग करना चाहिए संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया संगठन ने 8 दिसम्बर को गर्म कपड़े वितरण अभियान की शुरूआत की थी उसी कड़ी आज जैन स्थानक अग्रवाल मण्डी में आस पास के झुग्गी झोपड़ी व कालोनी के जरूरत मन्द बच्चों महिलाओं को गर्म सूट जैकेट शाल वितरण की जैन ने कहा आस पास लेवर रहती है जिनका इतना जुगाड नहीं होता। बच्चों की सभी ख्वाइश पूरी कर सके सर्दी बहुत ज्यादा हो रही हैं हम सबका फर्ज बनता है जरूरत मन्द का सहयोग करें और ये अभियान 14 जनवरी मकर संक्रांति तक चलेगा। और देने के लिए दान लेने के लिए ज्ञान त्यागने के लिए अभियान की राह पर चल रहा है संगठन जिस किसी साथी की नॉलेज में ऐसा कोई परिवार हो जिसको गर्म कपड़ों की जरूरत है 9812863034 पर संपर्क करें हमारी कोशिश रहेगी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक जरूरत के गर्म कपड़े वितरण कर सके सर्दी बहुत ज्यादा है खुल्ले आसमान के नीचे झुग्गी झोपड़ी में बच्चे रहते है और स्लिम बस्तियों में मजदूरों के छोटे छोटे बच्चे रहते हैं।

जिनका इतना जुगाड नहीं होता जो सभी जरूरत पूरी कर सके हम सबका फर्ज बनता है जितना हो सके हम सहयोग करे नर सेवा ही नारायण सेवा है। इस मौके पर गौतम जैन ,नरेश जैन ,आनन्द जैन ,अभय जैन, प्रवीण जैन, राजिंदर जैन ,सुभाष जैन ,कैलाश जैन ,नीरज जैन , अनिल सिंगला, दीपक गोस्वामी , अंकित माटा, मनोज गांधी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में यातायात प्रश्नोत्तरी परीक्षा आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**प्रतिभाग**

▶▶ जिला अम्बाला, यमुनानगर व कुरूक्षेत्र के स्कूल/कॉलेजो के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया

**अम्बाला:** पुलिस महानिदेशक हरियाणा श्री शत्रुजीत कपूर व पुलिस महानिरीक्षक यातायात एंव हाईवे (हरियाणा) करनाल के दिशा-निदेर्शानुसार सभी जिलों में यातायात को लेकर यातायात प्रश्नोतरी परीक्षा करवाई जा रही है। इसी कडी में अम्बाला जिला में रेंज स्तरीय यातायात प्रश्नोतरी परीक्षा सम्पन्न करवाई गई। जिसमें जिला अम्बाला, यमुनानगर व कुरूक्षेत्र के स्कूल/कॉलेजो के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया ।

पुलिस अधीक्षक अम्बाला श्री सुरेन्द्र सिहँ भोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला अम्बाला में 3 जनवरी 2025 को उप-पुलिस अधीक्षक अम्बाला छावनी रजत गुलिया के नेतृत्व में पुलिस डी0ए0वी0 पब्लिक स्कूल मे रेंज स्तरीय यातायात प्रश्नोतरी परीक्षा करवाई गई। इस परीक्षा को लेकर जिला पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की गई थी । इस परीक्षा में जिला अम्बाला, कुरूक्षेत्र व यमुनानगर की 12 टीमों के 36 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। इस परीक्षा मे उर्तीण होने वाले विद्यार्थी अब अगले लेवल की परीक्षा के लिए प्रवेश करेंगें। इस परीक्षा मे उर्तीण प्रथम, द्वितीया, तृतीया स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रारम्भ से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा उनकी पालना करने के लिए प्रेरित करना ही परीक्षा का मकसद है क्योंकि बचपन से सीखा हुआ सबक जिन्दगी भर याद रहता है। इसी उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के साथ मिलकर इस परीक्षा का आयोजन किया गया है।

## महान समाज सेविका सावित्रीबाई फुले को उनकी जयंती के उपलक्ष में याद किया




**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा:** समालखा शुक्रवार को देहरा गांव में महिलाओं की शिक्षा,सम्मान और अधिकारों के लिए आजीवन कार्य करने वाली महान समाज सेविका सावित्रीबाई फुले को उनकी 194 वीं जयंती के उपलक्ष में याद किया और सावित्री बाई फुलेकी फोटो पर पुष्प अर्पित किए । इस दौरान सैनी सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बोलते हुए गांव के पूर्व सरपंच मामन छाछिया ने सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उसे प्रतिकूल दौर में जब ज्योतिबा फुले अपनी पत्नी के साथ रहने और स्कूल खोलने के लिए ठिकाने की तलाश कर रहे थे तो सावित्री बाई फुले की फातमा शेख के भाई उस्मान शेख ने मदद की थी और शेख ने अपने घर का एक हिस्सा उन्हें रहने और एक हिस्सा स्कूल खोलने के लिए दे दिया. यहीं से उनकी दोस्ती और साझेदारी की शुरूआत हुई. सावित्री बाई फुले और फातमा शेख ने मिलकर यहां दलित-पिछड़े जाति के बच्चों को पढ़ाना शुरू कर आधुनिक भारत में स्त्री शिक्षा की बुनियाद रखने का काम किया.

पूर्व सरपंच ने बताया कि फूले दंपति ने 1848 से 1852 तक पूरे महाराष्ट्र में लड़कियों के लिए कुल 18 स्कूल खोले।

## किसानों के मुद्दे पर नहीं हुई हाई पावर कमेटी की बैठक

**चंडीगढ़।** पंजाब में आंदोलनकारी किसानों से बातचीत के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित हाई पावर कमेटी की बैठक शुक्रवार को पंचकूला में नहीं हो सकी। अब कमेटी ने शनिवार को फिर से बैठक बुलाई है। दूसरी तरफ किसानों ने चार जनवरी को खनौरी बार्डर पर महापंचायत बुलाई है। उधर, खनौरी बार्डर पर जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन शुक्रवार को 39वें दिन भी जारी रहा। सुप्रीम कोर्ट द्वारा किसानों की समस्याओं पर चर्चा के लिए गठित हाई पावर कमेटी की आज पंचकूला में होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा को बुलाया था।

## नशा-मुक्त अभियान: आमजन को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**




**कार्यवाही**

▶▶ नशा मुक्त भारत अभियान के दौरान नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला के नेतृत्व में आमजन के सहयोग से नशा मुक्त भारत अभियान के दौरान नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है और इसके साथ-साथ जिला अम्बाला में नशे की रोकथाम, नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों बारे आम नागरिको विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है।

नशा-मुक्त भारत अभियान की इसी कड़ी में सदर थाना अम्बाला के दो गाँवों मटेहड़ी जटां व गाँव बहबलपुर को पुलिस प्रशासन व गांव के मौजिज व्यक्तियों दवारा नशा मुक्त करने के लिए काफी समय से प्रयास किए जा रहे थे। ग्राम पंचायत मटेहड़ी जटां व गाँव बहबलपुर को उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अम्बाला श्री विजय कुमार, प्रबन्धक थाना सदर अम्बाला श्री शम्भु लाल व गाँव के मौजिज व्यक्तियों की मौजूदगी में गाँव में नशा मुक्त/ड्रग फ्री बोर्ड लगाकर उपरोक्त दोनों गाँवों को नशा-मुक्त घोषित किया गया है। इस दौरान गाँव के मौजिज व्यक्तियों ने उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अम्बाला श्री विजय कुमार व प्रबन्धक थाना सदर अम्बाला को विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी हर प्रकार के नशे पर प्रतिबन्ध रहेगा व गाँव के नौजवान युवकों को खेलकूद व शिक्षा के लिए प्रेरित किया जाएगा। पर्यवेक्षण अधिकारियों व प्रबन्धक थाना को निर्देश दिए हैं कि थानाधिकार क्षेत्रों में नशें की रोकथाम के लिए आमजन से सम्पर्क कर नशा बेचने/खरीदने वालों का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें।

# पर्यटक देखने के लिए पहुंचेंगे भव्य महाभारत अनुभव केन्द्र



**टीम एक्शन इंडिया**

**गुणवत्ता**

▶▶ सांसद नवीन जिंदल ने ज्योतिसर तीर्थ में बन रहे महाभारत अनुभव केन्द्र के विकास कार्यो का किया निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि सरकार की तरफ से गीता स्थली ज्योतिसर में देश का सबसे भव्य और सुंदर महाभारत अनुभव केन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट पर सरकार की तरफ से करीब 202 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जा रहा है। इस महाभारत अनुभव केंद्र ज्योतिसर को देखने के लिए देश विदेश से लाखों की संख्या में पर्यटक पहुंचेंगे।

सांसद नवीन जिंदल शुक्रवार को ज्योतिसर में निमार्णाधीन महाभारत अनुभव केंद्र ज्योतिसर के विकास कार्यों का अवलोकन करने के लिए पहुंचे। इससे पहले सांसद नवीन जिंदल ने महाभारत अनुभव केन्द्र के सभी 5 ब्लॉकों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान सांसद ने अधिकारियों को सख्त आदेश दिए कि सरकार की तरफ से ज्योतिसर तीर्थ को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है, इसलिए इस लिहाज से इस तीर्थ की सफाई व्यवस्था की जानी चाहिए, घाटों को स्वच्छ बनाया जाए, पर्यटकों को गाइड करने के लिए अच्छे गाइड की व्यवस्था की जाए और सबसे ज्यादा फोकस पार्किंग पर रखा जाए। उन्होंने उपायुक्त को पार्किंग की उचित और अच्छी व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए है।

सांसद ने सभी ब्लॉकों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता को चैक करते हुए कई जगहों पर कमियां नजर आने के बाद पर्यटन विभाग के साथ लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि इस विश्व स्तरीय संग्रहालय में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। जहां-जहां भी खामियां है उसे तुरंत दुरुस्त किया जाए ताकि दूसरी बार निरीक्षण के दौरान इस केन्द्र में कोई भी कमी ना रहे। सांसद ने पर्यटन विभाग और केडीबी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि महाभारत अनुभव केंद्र के पहले 2 ब्लॉकों को पर्यटकों के अवलोकन हेतु खोल दिया जाए ताकि लोग यहां से अनुभव लेकर अपने क्षेत्र में जाए और ज्योतिसर का गुणगान कर सके। उन्होंने निमार्णाधीन संग्रहालय के चारों तरफ सौंदर्यीकरण पर भी फोकस रखने के

निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 3-4 महीनों में लंबित विकास कार्यों को पूरा किया जाए।

सांसद ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने ज्योतिसर की पावन धरा पर गीता के उपदेश दिए थे। इस लिहाज से ज्योतिसर और कुरुक्षेत्र को सरकार की तरफ से विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## राहुल गांधी सच्चे मन से इस देश की सेवा कर रहे हैं : लाली शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**साधा निशाना**

▶▶ बीजेपी और आरएसएस के लोग बाबा साहेब अंबेडकर जी के योगदान को मिटाना चाहते हैं

**कुरुक्षेत्र** : आरएसएस और बीजेपी की सोच संविधान विरोधी और अंबेडकर जी के खिलाफ है। बीजेपी और आरएसएस के लोग बाबा साहेब अंबेडकर जी के योगदान को मिटाना चाहते हैं।अंबेडकर जी के प्रति उनकी जो सोच है उन्हें सबके सामने दिखा दिया। उक्त बातें राहुल गांधी युवा ब्रिगेड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष लाली शर्मा टटियाना ने पत्रकारो से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जब से राहुल गांधी जी ने भारत जोड़ो यात्रा की थी तो कांग्रेस का ग्राफ बड़ा है। पूरा हिंदुस्तान राहुल गांधी के नारे लगा रहा है लेकिन भाजपा सरकार कोई भी मौका नहीं छोड़ती राहुल गांधी को नीचा दिखाने में ।उन्होंने कहा कि जनता जानती है कि गांधी परिवार ने देश के लिए कितनी कुबार्नी दे रखी है ।संसद में जो नाटक भाजपा ने किया उसको पूरे देश की जनता ने देखा है।

भाजपा और आरएसएस कांग्रेस को खत्म करने की बात कहते हैं लेकिन कांग्रेस को कांग्रेस ही हरा सकती है ।हर राज्य में कांग्रेस की जीत हुई है लेकिन भाजपा सरकार षड्यंत्र रचकर अपनी सरकार बना लेती है।

# नशे के खिलाफ जिला पुलिस का जागरूकता अभियान, आमजन को प्रोत्साहित कर रही पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ, साइबर अपराधो तथा महिला सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाये जा रहें हैं। पुलिस महानिदेशक हरियाणा श्री शत्रुजीत कपूर के आदेशों की पालना करते हुए पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला के मार्गनिर्देश में जिला पुलिस युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 3 जनवरी को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना झांसा प्रभारी की टीम ने झांसा अनाज मंडी में आमजन को नशे से दूर रहने तथा खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। थाना प्रभारी ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति न केवल अपना बल्कि पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। इस बुराई को खत्म करने के लिये समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीमें आमजन को नशे के खिलाफ, साइबर अपराधो तथा महिला सुरक्षा को लेकर संदेश दे रही हैं।




इस अभियान से जहां युवा खेलों से जुड़ेंगे वहीं आपराधिक गतिविधियों से दूर रहेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्य धारा में जोड़ना, आमजन को साइबर ठगी से बचाना तथा महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना हैपुलिस टीम द्वारा नशा न करने, साइबर अपराध व महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक किया।

थाना प्रभारी ने ग्रामवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने घर, परिवार व क्षेत्र के लोगों को ड्रग एवं हिंसा से बचाने के लिये अपने व आस-पड़ोस के युवाओं को भी प्रेरित करें। नशे से पीड़ित व्यक्ति अगर ईलाज करवाना चाहता है तो जिला स्तर पर काम कर रही नशा मुक्ति टीमों या नशामुक्ति केद्रों से सम्पर्क करें। उन्होंने कहा की नशे का कारोबार करने वालों की सूचना पुलिस विभाग के मोबाईल नम्बर 74969-85327 पर दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। इसके साथ-साथ यदि कोई व्यक्ति किसी प्रकार के नशे का आदी है और नशा छोडना चाहता है तो वह भी इस नम्बर पर सम्पर्क कर सकता है। ऐसे व्यक्ति की पुलिस प्रशासन द्वारा हर सम्भव मदद की जायेगी।

# कार ने युवक को चपेट में लिया, सड़क पर बेहोशी की हालत में पड़ा रहा व्यक्ति

**रेफर**

**सुबह होटल संचालक ने सड़क से उठाकर अस्पताल में पहुंचाया, खानपुर पीजीआई रेफर**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में सुभाष चौक-गुरूद्वारा रोड पर तेज रफ्तार रफ्तार व मानवता हो शर्मसार करने का मामला सामने आया है। तेज रफ्तार कार ने सड़क पार करते समय व्यक्ति को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद कार चालक फरार हो गया। रात भर घायल सड़क पर बेहोशी की हालत में पड़ा रहा। सुबह होटल संचालक ने घायल को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस कार चालक की पहचान के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। मलिक कॉलोनी निवासी सतीश कुमार ने बताया कि वह गत 30 दिसंबर को शाम करीब 8.30 बजे सामान लेने के लिए मिठाई की दुकान पर गया था। कच्चे क्वाटर के पास स्थित आरके स्वीट ?स से सामान लेने के बाद वह सामने वाला रोड क्रास करने लगा। उसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसे चपेट में ले लिया। वह बेहोशी की हालत में सड़क पर गिरा रहा। अगले दिन सुबह गेस्ट हाऊस संचालक ने उसे घायल अवस्था में नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार चल रहा है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर अज्ञात कार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना प्रभारी सतबीर सिंह ने बताया कि कार चालक की तलाश की जा रही है। उसके लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है।

## न्यूज फ्लैश

### सीआरआई पंप्स ने हासिल की एक बड़ी उपलब्धि

**हिसार : सी**आरआई पंप्स ने अपनी प्रतिबद्धता को स्थिरता और अक्षय ऊर्जा समाधान की दिशा में एक और महत्वपूर्ण मुकाम पर पहुंचाते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी को आधिकारिक तौर पर महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल ), मुंबई, महाराष्ट्र द्वारा 25,000 सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति के लिए शामिल किया गया है। इस ऑर्डर का मूल्य 754 करोड़ रुपये है और यह ‖मागेल त्याला सौर कृषी पंप (एमटीएसकेपी)‖ योजना का हिस्सा है।इस नियुक्ति के साथ, सीआरआई पंप्स अक्षय ऊर्जा समाधानों को अपनाने को बढ़ावा देने, महाराष्ट्र के कृषि परिदृश्य को सशक्त बनाने और एक हरित एवं अधिक स्थायी भविष्य में योगदान देने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है।इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, सीआरआई ग्रुप के चेयरमैन श्री जी. सौंदरराजन ने कहा, "हमारे लिए यह सम्मान की बात है कि एमएसईडीसीएल ने इन सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति के लिए हमें चुना है। यह बड़ा ऑर्डर नवाचार और ऊर्जा-कुशल, टिकाऊ पंपिंग समाधानों के विकास में सीआरआई की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हमारी मजबूत निष्पादन क्षमताओं, गहन उद्योग विशेषज्ञता और क्षेत्रीय नेटवर्क के साथ, सीआरआई पंप्स इन सिस्टम्स की निर्बाध डिलीवरी और इंस्टॉलेशन सुनिश्चित करता है। जब विश्व अक्षय ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ रहा है, सीआरआई पंप्स पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने वाले सौर पंपिंग सिस्टम प्रदान करने के प्रति पूरी तरह समर्पित है।‖170,000 से अधिक सोलर पंपिंग सिस्टम और आईओटी -सक्षम स्मार्ट पंप की सफल स्थापना के साथ, सीआरआई पंप्स ने स्थायी नवाचार में नए मानक स्थापित करना जारी रखा है। अपनी उन्नत पंपिंग तकनीकों के माध्यम से, सीआरआई पंप्स ने ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरणीय स्थिरता में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिनमें लगभग 5,200 मिलियन यूनिट केडब्ल्यूएच ऊर्जा की बचत और 4.13 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन में कमी शामिल है।

### एचडीएफसी इर्गो ने हरियाणा के किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना लागू की

**सोनीपत :** भारत में निजी क्षेत्र की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनी, एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को हरियाणा सरकार ने रबी, 2024-25 सीजन के लिए हिसार, सोनीपत, गुड़गांव, करनाल, अंबाला, जींद और महेंद्रगढ़ जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया है।पीएमएफबीवाई योजना में किसानों को सूखा, बाढ़, अकाल, लैंडस्लाइड, चक्रवात, तूफान, तूफानी बारिश, सैलाब, कीटों, बीमारियों और अन्य बाहरी खतरों के कारण फसल को होने वाले नुकसान से बीमा की सुरक्षा मिलती है। फसल के नुकसान का आकलन करने के लिए, राज्य सरकार इस योजना के लिए अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलों पर फसल कटाई प्रयोग (सीसीई) की योजना बनाकर संचालन करेगी। यदि संचालित किए गए सीसीई में पैदावार के आँकड़े कम पाए जाते हैं, तो माना जाएगा कि फसल का नुकसान हुआ है, और इस नुकसान के लिए किसान को क्लेम दिया जाएगा।

इस योजना में फसल चक्र के हर चरण के लिए बीमा कवरेज मिलेगा, जिसमें बुआई से पहले, कटाई और कटाई के बाद के जोखिम शामिल हैं। पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत आने वाले सभी उत्पाद हरियाणा सरकार के कृषि विभाग से स्वीकृत हैं। हिसार, सोनीपत, गुड़गांव, करनाल, अंबाला, जींद और महेंद्रगढ़ जिलों के किसान अपने जिले में स्थित बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) या फिर अधिकृत एचडीएफसी इर्गो एजेंट से संपर्क करके ऊपर सूचीबद्ध फसलों के लिए पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत इंश्योरेंस कवरेज का लाभ पा सकते हैं। इंश्योरेंस कवर प्राप्त करने के लिए वैधता की अवधि का विवरण कृषि विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। किसान ऐप पर लॉगऑन करके या वेबसाइट पर इस योजना के अंतर्गत सेल्फ-एनरोलमेंट करके भी किसान इसका लाभ ले सकते हैं।

# आंगनबाड़ी वर्करों ने सीटीएम को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबााला शहर उपायुक्त कार्यालय परिसर के बाहर आज आंगनबाड़ी वर्कर व हेल्पर यूनियन ने प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कर्मचारियों का कहना था कि लंबे समय से आंगनबाड़ी वर्कर्स की मांगें लंबित हैं, लेकिन सरकार इन मांगों की तरफ कोई विशेष ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि गुजरात हाईकोर्ट में आंगनबाड़ी वर्कर को सरकारी कर्मचारी बनाने का फैसला दिया है। जिसे हरियाणा में भी लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि सीएम द्वारा सुपरवाइजर के सभी पदों पर वर्कर्स की नियुक्ति का वादा पूरा



किया जाए व आयु सीमा समाप्त की जाए। प्ले वे व क्रैच वर्कर्स को पूरा पे ग्रेड दिया जाए। प्रधानमंत्री द्वारा 2018 में घोषित 1500, 700 की बढ़ोतरी दी जाए। जोकि हरियाणा को छोड़कर पूरे देश में दी जा रही है। कर्मचारियों ने यह भी कहा कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। हेल्पर की प्रमोशन को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाए। मेडिकल लीव की पूरी सुविधा दी जाए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा दिए गए फोन के लिए सिम भी उपलब्ध करवाए जाएं। फोटो कैप्चर वाले काम में ओटीपी बैन किया जाए।

# पीपी ग्रीन सिटी में 630 केवीए के ट्रांसफार्मर का सामान चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना क्षेत्र में स्थित सिटी से ट्रांसफार्मर का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। सिटी में कार्य देख रहे ठेकेदार ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

सेक्टर-12 निवासी अनिल मलिक ने बताया कि वह पीपी ग्रीन सिटी में कांउसलेंट के तौर पर काम करता है। उनका काम ट्रांसफार्मर सप्लाई करना भी है। गत दिनों पहले कुछ ट्रांसफार्मर सप्लाई किए थे। उनके कनेक्शन करके बिल भी जमा करवा दिए गए। गत 12 व 13 की रात को किसी ने 630 केवी ट्रांसफार्मर के अंदर का सामान निकाल लिया। जिसकी कीमत नौ लाख व उसकी जीएसटी है। किसी ने ट्रांसफार्मर का सामान को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जांच अधिकारी एसआई संदीप ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# हिंसा को सहना खुद के आत्म सम्मान और अधिकारों का हनन है

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**जिला** प्रोटेक्शन अधिकारी रजनी गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठायें। यह सिर्फ एक कानूनी लड़ाई नहीं है बल्कि आत्म सम्मान, न्याय और समानता की लड़ाई है। घरेलू हिंसा केवल शारीरिक चोट तक सीमित नहीं है। यह मानसिक, भावनात्मक और आर्थिक रूप से महिलाओं और परिवारों को प्रभावित करती है। इस समस्या को गंभीरता से समझने और इससे जड़ से खत्म करने का हमें संकल्प लेना चाहिए।

जिला प्रोटेक्शन अधिकारी ने बताया कि घरेलू हिंसा एक ऐसी अनोखी समस्या है जिसे अक्सर परिवार का निजी का मामला समझ कर नजर अंदाज कर दिया जाता है। समाज की चुप्पी और पीड़िता की सहनशीलता इसे और बढ़ावा देती है। हर चोट और अपमान के पीछे एक ही संदेश होता है तुम्हारा कोई मूल्य नहीं, लेकिन यह झूठ है। हर व्यक्ति का जीवन मूल्यवान है और उसे सम्मान व सुरक्षा का अधिकार है। जिला प्रोटेक्शन अधिकारी ने बताया कि हिंसा सहना खुद के आत्म सम्मान और अधिकारों का हनन है।

# दवाइयों के 15 सैंपल गुणवत्ता में पाए खरे, लैब से कृषि विभाग के पास पहुंची रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: रबी** सीजन के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा अलग-अलग दुकानों से लिए दवाइयों के सैंपलों की रिपोर्ट मिलनी शुरू हो गई है। लैब से 15 दवाइयों के सैंपल की रिपोर्ट पहुंची है। जिसमें दवाइयां गुणवत्ता के हिसाब से ठीक पाई गई है। रिपोर्ट ठीक मिलने से कृषि अधिकारी व किसानों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि रबी सीजन में किसानों को बेहतर गुणवत्ता का खाद, बीज और दवाइयां उपलब्ध हो सके। इसके लिए कृषि विभाग ने विशेष अभियान की शुरूआत की थी। जिसके अंतर्गत 200 के करीब खाद, बीज और दवाइयों के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब में भेज दिए गए थे। अब उक्त सैंपलों की रिपोर्ट आनी शुरू हो गई है। बृहस्पतिवार को 15 सैंपल की रिपोर्ट कार्यालय में पहुंची है। जिसमें सभी सैंपल बेहत्तर मिले है।

**जनवरी माह में दवाइयों व खाद की बढ़ेगी डिमांड:** मौजूद समय में रबी सीजन की प्रमुख फसल गेहूं की सिंचाई का काम पूरा हो चुका है। दिसंबर माह के अंतिम दिनों में हुई बरसात से किसानों को लाभ पहुंचा है। ऐसे में अब खेतों में किसान खाद का छिड़काव करेंगे। जिसके चलते जनवरी माह में खाद की डिमांड बढ़ जाती है। वहीं मौसम में बढ़ी नमी के कारण कई प्रकार की बीमारियां भी फसलों में लगने का खतरा बना रहता है। ऐसे में जनवरी माह में दवाइयों की डिमांड भी बढ़ जाती है। विभाग की तरफ से जिले में स्पैशल अभियान चलाकर दवाइयों व खाद के सैंपल लिए थे। जिसमें 15 सैंपल की रिपोर्ट उन्हें मिली है। रिपोर्ट में सैंपल ठीक पाएं गए है। अन्य सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पायेगा।

# निशुल्क लगाया नेत्र जांच शिविर

**समालखा:** जीवन विकास सेवा समिति समालखा के तत्वाधान में निशुल्क नेत्र जांच शिविर शुक्रवार को नरसिंह सदन ,गुलाटी रोड ,समालखा में लगाया गया। इसमें मधुबन से आए डॉक्टर प्रीती चोपड़ा व उनकी टीम ने दूरदराज से आए मरीजों की नेत्रों की जांच की व उन्हें निशुल्क दवाइयां भी वितरित की! इस शिविर में समालखा,पानीपत व आसपास के अनेकों गांवों से मरीज आए व निशुल्क जांच करवाकर शिविर का लाभ उठाया। इतनी ठंड के बाद 110 मरीज ने नेत्र जांच करवाकर शिविर का लाभ उठाया। 10 मोतियाबिंद के मरीज पाए गए जिन्हें ऑपरेशन हेतु अर्पणा अस्पताल, मधुबन ले जाया गया।

# ये कैसा नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान

**उठा सवाल**

- **दुकानदारों को जबदस्ती बाहर निकाला, खानापूर्ति के लिए खिंचवाया फोटो, फिर निकल पड़े**
- **दुकानदार बोल हम नहीं करते नशा, काम-धंधे का है समय, ग्राहक दुकान से जा रहे है खाली**
- **जागरूकता अभियान महज 15 मिनट में समाप्त**

**टीम एक्श इंडिया**

**सोनीपत: सोनीपत** में खाकी का डर या जागरूकता अभियान को लेकर पुलिस विभाग के अधिकारियों की खानापुर्ति के चर्चे दिन भर कच्चे क्वाटर मार्केट में होते रहे। पुलिस विभाग की तरफ से कच्चे क्वाटर मार्केट में जागरूकता अभियान चलाया गया। चंद मिनटों पहले बाजार में पहुंचकर दुकानदारों को जबरदस्ती बाहर निकालकर इक्ट ?ठा किया। क्षेत्र के थाना प्रभारी ने अपनी डयूटी तो पूरी कर ली, लेकिन अधिकारियों के सामने दुकानदार बोले हम में से कोई नशा नहीं करता है। हाल के दिनों में दुकानदारी का समय है, दुकान से ग्राहक वापिस जा रहे है। जागरूकता अभियान के लिए पहुंचे अधिकारी फोटो खिंचवाने के बाद महज 15 मिनट में ही वापिस लौट गए। उसके बाद अधिकारियों की तरफ से गांव में जाकर लोगों को जागरूक करने का काम किया गया। बाजार में कपड़े की दुकान पर बैठे दुकानदार ने बताया कि दिन में पुलिस अधिकारी बाजार में गली में पहुंचे। उसके बाद एक-एक दुकान से दुकान पर जाकर पुलिस कर्मचारियों ने करीब दस दुकानदारों को बाहर बुलाकर पुलिस अधिकारियों के साथ खड़ा होने के लिए बोला। दुकानदारों ने बताया कि उन्होंने सोचा की अतिक्रमण हटवाने के लिए टीम पहुंची है, लेकिन उसी दौरान पता चला कि पुलिस विभाग की तरफ से बड़े स्तर पर नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उसके बाद एक फोटो खिचवाकर वापिस लौट गए। उसी दौरान एक दुकानदार ने पुलिस अधिकारी से काम का समय होने की बात कही। जिसमें दुकान से उसके ग्राहक वापिस जा रहे है। पुलिस का जागरूकता अभियान महज 15 मिनट में समाप्त हो गया।

विभाग की तरफ से निर्देश मिले हुए है, लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करना है। इसके लिए कच्चे क्वाटर मार्केट व ग्रामीण क्षेत्र में अभियान चलाया गया। प्रशासनिक डयूटी होने के चलते कार्यक्रम कम समय के लिए रखा था। आगामी दिनों में बड़े स्तर पर लोगों को जागरूक करने का काम किया जायेगा।

**राहुल देव, सहायक पुलिस आयुक्त सोनीपत।**

# अस्पताल के बाहर से दो-पहिया वाहन चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना क्षेत्र में स्थित निजी अस्पताल के बाहर से दो-पहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। वाहन चालक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव कामी निवास सचिन ने बताया कि वह चिरंजवी अस्पताल में काम करता है। अस्पताल में बाइक से आना-जाना करता है। गत 30 दिसंबर को अपनी बाइक पर अस्पताल में पहुंचा। जहां बाइक को अस्पताल के सामने खड़ा कर दिया। काम करने के लिए अस्पताल में चला गया। अगले दिन अस्पताल के बाहर आकर देखा तो बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई संदीप कुमार ने बताया कि बाइक चोर की तलाश की। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द बाइक चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# हथियार मुहैया करवाने का आरोपित अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**रिमांड पर भेजा**

- **गिरफ्तार आरोपित नवीन उर्फ चोटी निवासी झज्जर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया**
- **पुलिस ने आरोपित को अदालत में किया पेश, दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा**

**टीम एक्श इंडिया**

**सोनीपत: सोनीपत-गोहाना** सड़क मार्ग पर सदर थाने से कुछ दूरी पर स्थित ज्वैलर्स की दुकान से अक्टूबर माह में लाखों रुपये कीमत के आभूषण, नकदी व हीरों के हार हथियार के बल पर लूटने के आरोपितों को हथियार मुहैया करवाने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नवीन उर्फ चोटी निवासी झज्जर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। उसके पास से अवैध हथियार व जिंदा कारतुस बरामद किया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच से जांच कर रही है। चौहान कॉलोनी निवासी जितेंद्र ने 25 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसने गोहाना रोड पर यूनिक ज्वैलर्स के नाम से दुकान कर रखी है। वह दिन में करीब डेढ़ बजे अपनी दुकान पर मौजूद था। उसी दौरान दो लड़के जिसमें एक लड़के ने मुंह पर मास्क लगा रखा था। जबकि दूसरे लड़के लड़के ने मुंह पर रूमाल व हेलमेट पहन रखा था। दोनों दुकान के अंदर घुसे। उनके दोनों के हाथों में हथियार थे। उन्होंने उसके सिर में पिस्तौल के बट्ट मारे। उसके बाद उसे अंदर घसीटकर ले गए। एक लड़के ने गल्ले से 20 ग्राम सोना, एक हीरे का हार, पचास हजार की नकदी व कुछ आभूषण लूटकर ले गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकानदारों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भिजवाया। नागरिक अस्पताल में घायल को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। अस्पताल में पहुंचे जितेंद्र ने बताया कि उसने बदमाशों को घायल अवस्था में पीछा किया। बदमाशों की बाइक चालू नहीं होने पर उसने बदमाश को पकड़ने के लिए ईंट उठाकर मारी। उसके बाद बदमाश तमंचा दिखाकर बाइक लेकर भाग निकले। कुछ दूर जाने पर उनकी बाइक जाम में फंस गई। जिस पर लोगों ने पकड़ने का प्रयास किया तो वह तमंचा दिखाकर भाग गए। पुलिस ने देर शाम एक आरोपित को हिरासत में लिया है। आरोपित की पहचान प्रिंस निवासी भिवानी बीटी कॉलोनी के रूप में हुई है। वहीं वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया था। जिन्हें अदालत ने जेल भेज दिया था। शहर थाना सोनीपत पुलिस ने मामले कालूपुर चौक से आरोपित नवीन को गिरफ्तार किया है। उसके पास एक पिस्तौल व दो जिंदा रौंद बरामद हुए है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

जांच अधिकारी देवेंद्र ने बताया कि आरोपित ने अक्टूबर माह में हुई सुनार की दुकान पर लूट के आरोपितों को हथियार मुहैया करवाएं थे। वहीं आरोपित पर पहले भी करीब आठ मामलें दर्ज है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से गंभीरता से पूछताछ की जा रही है।

# निजी बस ने दो-पहिया वाहन सवार दो को चापेट में लिया, एक की मौत

**दुर्घटना**

**हादसे के बाद दोनों को दिल्ली के नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया था।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में निजी बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई और उनका साथी घायल हो गया। दोनों बाइक पर दिल्ली के अलीपुर से कुंडली आ रहे थे। हादसे के बाद दोनों को दिल्ली के नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान एक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

दिल्ली के अलीपुर स्थित बैंक ऑफ बरोदा की शाखा के पास रहने वाले समीर ने पुलिस को बताया कि वह इलेक्ट्रिशियन की दुकान चलाता हैं। बुधवार देर रात करीब 11 बजे उनके दोस्त अलीपुर निवासी सौरभ उर्फ कमलिया बाइक पर उनके पास आया। उनके दोस्त ने उन्हें अपने साथ चलने को कहा। जहां से वह अपने दोस्त की बाइक पर सवार होकर सोनीपत की तरफ चल पड़ा। जब वह कुंडली बॉर्डर पर पहुंचे तो इसी दौरान एक निजी ट्रेवल्स कंपनी के बस चालक ने पीछे से आकर उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को राहगीरों ने दिल्ली के नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उपचार के दौरान उनके दोस्त सौरभ ने दम तोड़ दिया है।

# विधायक संजीव झा को क्षेत्रीय लोगों का मिला आशीर्वाद

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर केजरीवाल सरकार पूरी तरह से तैयारियों में जुटी हुई है। तो वहीं आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी भी अपनी सीटें बचाने व दिल्ली में पुनः केजरीवाल सरकार को बनाए रखने के लिए ऐड़ी से चोटी तक का जोर लगा रहे है।

इसी कड़ी में बुराड़ी विधानसभा के विधायक संजीव झा ने बुराड़ी स्थित राधा विहार में पदयात्रा निकाली। इस दौरान पार्टी के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र की जनता भी मौजूद रही और लोगों ने भी इस दौरान संजीव झा के पक्ष में नारे लगाते हुए उनको ही वोट देने की बात कही। इस मौके पर संजीव झा ने क्षेत्र के लोगों का अभिवादन करते हुए उन्हें नमन किया व आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही संजीव झा ने कहा कि मेरे क्षेत्र के लोगों ने जो मुझ पर विश्वास करके दो बार विधायक चुना है, लोगों का जितना भी आभार व्यक्त करू उतना ही कम होगा। विधायक ने कहा कि मेरे क्षेत्र के लोगों पर मुझे पूरा भरोसा है कि इस बार भी मुझे भारी मतो से जीत दिलवाकर क्षेत्र का विकास करने का मौका पुनः मुझे ही मिलेगा। इस दौरान बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा उपाध्यक्ष अंबिका मिश्रा ने कहा कि विधायक संजीव झा अपने क्षेत्र की जनता के प्रति हमेशा से ही ईमानदार व वफादार रहे है व क्षेत्र के विकास के प्रति हमेशा ही सजग रहे है। मिश्रा ने कहा कि संजीव झा ने बुराड़ी क्षेत्र के लोगों को हमेशा ही अपने घर-परिवार अभिन्न हिस्सा ही समझा है इसके साथ ही उन्होंने यह भी है कि विधायक संजीव झा के घर व कार्यालय के द्वार क्षेत्र की जनता के लिए आधी रात भी खुले रहते है।





# जहांगीर पुरी में बदमाशों के हौंसले बुलंद, प्रशासन सुस्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस व संबंधित प्रशासन के ढ़ीले रवैये के चलते देश की राजधानी दिल्ली में अब बदमाशों के हौंसले इतने बुलंद होते जा रहे है कि असामाजिक तत्व किसी भी वारदात को अंजाम देने में कतई नहीं चुकते है। जिसके चलते देश की राजधानी दिल्ली में अब चोरी, लूटमार, छीना-झपटी जैसी वारदातें होना तो अब आम बात हो गई है। इसके साथ ही ऐसी घटनाओं के खिलाफ आवाज उठाने वाले तो बिल्कुल सुरक्षित नहीं है। कुछ ऐसा ही मामला जहांगीर पुरी थाना क्षेत्र से प्रकाश में आया है। मामले में पीड़ित विनित कुमार गौतम जहांगीर पुरी निवासी द्वारा असामाजिक तत्वों को लेकर स्थानीय थाने में मौखिक रूप से शिकायत की गई थी, जिसके बाद बदमाशों को यह बात नागवार गुजरी तो उन्होंने मौका देखकर देर रात उनकी कार पर लाठी-डंडो से तोड़-फोड़ भी की गई। पीडित ने बताया कि मामले में उन्होंने 112 पर भी कॉल की बावजूद इसके अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। मामले में पीड़ित ने दिल्ली के एलजी सहित दिल्ली पुलिस आयुक्त, संबंधित थाना क्षेत्र उपायुक्त से भी शिकायत कर मदद मांगी है।

**शिकायत...**

**मामले में पीड़ित ने दिल्ली के एलजी सहित दिल्ली पुलिस आयुक्त से भी शिकायत की।**

# मेट्रो के कार्य को लेकर फेस्टा व अधिकारियों की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सदर बाजार में मेट्रो का कार्य चल रहा है, मगर मेट्रो के कर्मचारी कई जगह भारी लापरवाही कर रहे हैं। जिसके कारण कोई बड़ा हादसा हो सकता है। फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी व मेट्रो के अधिकारियों के साथ एक बैठक हुई। जिसमें फेडरेशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव, महासचिव राजिन्दर शर्मा, कमल कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव छाबड़ा, कोषाध्यक्ष दीपक मित्तल मेट्रो अधिकारी नितिन राजपूत, पलविंदर सिंह एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव ने मेट्रो अधिकारियों को बताया कि सदर बाजार में मेट्रो के कर्मचारी काफी लापरवाही से कार्य कर रहे हैं। एक तरफ तो वह किसी समय भी रास्ते कहीं-कहीं घंटे तक बंद कर देते हैं। इसके कारण दूर तक जाम लग जाता है और उनके कर्मचारी जाम खुलवाने के लिए कार्य भी नहीं करते दूसरी तरफ सामान इधर-उधर ले जाने में काफी लापरवाही की जा रही है। हमारे संज्ञान में आया है कि सुरक्षा के मापदंडों का उल्लंघन किया जा रहा है जो कि कोई भी हादसे का कारण हो सकता है। राजिन्दर शर्मा, कमल कुमार ने मेट्रो अधिकारियों से अपने गार्ड बढ़ाने की भी बात कही। सारी बातें सुनने के बाद मेट्रो अधिकारी नितिन राजपूत, पलविंदर सिंह आश्वासन दिया।



# प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव सहित सैंकड़ों कांग्रेस नेताओं ने डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ प्रदेश कार्यालय, राजीव भवन में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि डा. मनमोहन सिंह बहुत बड़े अर्थशास्त्री थे। जिनकी सोच और नीतियों के लागू होने के कारण ही देश आज तक मजबूत स्थिति है और इतना सक्षम है कि हर स्थिति और परिस्थितियों का सामना कर सकता है। उन्होंने कहा कि डा. मनमोहन सिंह ने 2004-2014 प्रधानमंत्री रहते हुए देश की प्रगति और विकास के लिए ठोस और निर्णायक फैसले लिए जिसके चलते देश विश्व में अग्रिम पंक्तियों वाले देशों के साथ खड़ा है। डॉ. मनमोहन सिंह जी को श्रद्धांजलि देने वालों में देवेन्द्र यादव के अलावा पूर्व सांसद रमेश कुमार, अभाक कमेटी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, अभाक कमेटी के प्रभारी सचिव दानिश अबरार, सुखविन्दर सिंह डैनी, अभाक कमेटी के एससी चेयरमैन राजेश लिलौठिया, पूर्व मंत्री डा. नरेन्द्र नाथ, किरण वालिया, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, विजय लोचव, अल्का लांबा, कुंवर करण सिंह, आसिफ मोहम्मद खान, सेवादल मुख्य संगठक सुनील कुमार, डा. नरेश कुमार, निगम पार्षद अरीबा खान और समीर मंसूरी सहित बड़ी संख्या में प्रमुख लोग शामिल थे।



# पेंशनर्स मंगल मिलन समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विद्युत बोर्ड पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा राजघाट पॉवर हाउस पर नव वर्ष के उपलक्ष्य में पेंशनर्स का मंगल मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एसोसिएशन के प्रधान हरिराम भारद्वाज द्वारा आए हुए पेंशनर्स का स्वागत किया गया तथा नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर सरदारी लाल, चिरंजी लाल शर्मा, एन .पी. शर्मा, राम चंद्र, सत्यपाल शर्मा, के एल शर्मा आदि नेता उपस्थित थे। एसोसिएशन के महामंत्री अनिल शर्मा ने नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए पेंशनर्स के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक आवाज पत्रिका के संपादक सरदारी लाल ने भी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



# राजघाट पर 16वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का हुआ आगाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राजघाट स्थित गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति में नेहरू युवा केंद्र उत्तर पश्चिम दिल्ली (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा आदिवासी युवाओं के विकास और सशक्तिकरण के साथ राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए आदिवासी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का आयोजन गृह मंत्रालय भारत सरकार के माध्यम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर पूर्वी दिल्ली सांसद मनोज तिवारी, निदेशक योगेश मोहन दीक्षित एलडब्ल्यू ई डिवीजन गृह मंत्रालय भारत सरकार, निष्ठा तिवारी निदेशक एलडब्ल्यू ई डिवीजन, डॉ ज्वाला प्रसाद निदेशक गांधी स्मृति दर्शन समिति, भुवनेश जैन निदेशक (कार्मिक) नेहरू युवा केंद्र संगठन, डॉ आर एन त्यागी क्षेत्रीय निदेशक उत्तरी क्षेत्र नेयूकेसं, प्रकाश वैद्यया निदेशक वित एवं लेखा, नेयूकेसं, डॉ लाल सिंह राज्य निदेशक दिल्ली, गृह मंत्रालय के बनवारी लाल, सुरेन्द्र बब्बर जिला युवा अधिकारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ अजीम अंसारी उपनिदेशक (नोडल अधिकारी) ने करते हुए सभी अतिथियों से सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। साथ ही मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। डॉ लाल सिंह ने बताया कि आदिवासी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम में चार राज्य जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के सुकमा, राजनांदगांव, मध्य प्रदेश राज्य के बालाघाट, झारखण्ड और महाराष्ट्र गढ़चिरौली जिले कुल 200 युवा और एनवाईकेएस, सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी के 20 एस्कॉर्ट अधिकारी भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में युवाओं के लिए शैक्षिक सत्र जिसमें विभिन्न विषयों जैसे की कौशल विकास एवं प्रबंधकीय कौशल, आत्मविश्वास निर्माण एवं कैरियर मार्गदर्शन उद्यमिता एवं व्यवसाय, सोशल मीडिया एवं साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता संग्राम एवं स्वतंत्रता सेनानियों के ऊपर संवाद, स्वास्थ्य के ऊपर चर्चा भाषण एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता, वित्तीय साक्षरता एवं धोखाधड़ी बैंकिंग से जुड़ी योजनाओं एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं पर शैक्षणिक सत्र के माध्यम से उन्हें जानकारी दी जायेगी। साथ ही इन युवाओं को सीआरपीएफ कैम्प का दौरा, दिल्ली भ्रमण जिसमें अक्षर धाम, राजघाट, स्वच्छता केन्द्र, गांधी स्मृति 30 जनवरी मार्ग, इंडिया गेट, युद्ध स्मारक, पुलिस स्मारक, कुतुब मीनार, प्रधानमंत्री संग्रहालय इत्यादि एक्सपोजर के लिए रिसर्च प्रौद्योगिकी अनुसंधान और औद्योगिक आधुनिकीकरण व स्वचालन के लिए मदर डेरी आदि का दौरा करवाया जायेगा।

भुवनेश्वर जैन ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले हमारे जीवन को दिशा देने वाले लोगों को किस तरह अपना जीवन यापन करना पड़ रहा हैं जो उनकी शिक्षा, संस्कृति, कार्य और जीवन शैली को प्रभावित करता जा रहा हैं।



# ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने किया मंगल मिलन कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक समाज के अधिकारों की संवैधानिक लड़ाई को मजबूत करने के लिए ज्वाइंट एक्शन कमेटी नए साल पर रणनीति बनाएगी। कमेटी के मुख्य मार्गदर्शक व समता सैनिक दल के राष्ट्रीय मुख्य सचेतक डा ए आर जोशी ने शुक्रवार को प्रख्यात समाजसेवी और भारत में महिला शिक्षा की प्रबल समर्थक रहीं सावित्रीबाई फुले की जयंती पर नए साल पर आयोजित मिलन कार्यक्रम में मानव सेवा संस्थान के संचालक गुरु केसी रवि को सम्मानित करते हुए यह बात कही। इस मौके पर कमेटी का डायरी एवं कैलेंडर का विमोचन किया गया। कमेटी के मुख्य समन्वयक वीरेंद्र कुमार जाटव की अगुवाई में हुए इस आयोजन पर जोशी ने कहा कि आने वाले समय में कमेटी सामाजिक कार्य करते हुए भारतीय समाज सुधारक, समाज प्रबोधक, विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक तथा क्रान्तिकारी कार्यकर्ता महात्मा जोतिराव गोविंदराव फुले और बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के विचारों पर चलकर दिल्ली सरकार को आगाह किया कि यदि संगठन की लंबित मांगों पर काम नहीं करेगी तो दिल्ली सरकार के खिलाफ एक जोरदार अभियान शुरू किया जाएगा। इस मौके पर कमेटी के स्टेट कोआर्डिनेटर मनोज कुमार, ओ पी गौतम, मार्गदर्शक बाबूलाल वाल्मीकि, चौधरी धर्मवीर सिंह, उत्तम सिंह, एन पी सिंह, एम बी गौतम, चंद्रपाल सिंह, डीएनएन हिंदी के मुख्य संपादक वैभव कुमार करण, शशि पाल, प्रवीण बौद्ध, आर बी गौतम, किशोर कुमार टमटा, समाजसेवी लाल प्रधान, करण सिंह एवं ललित कुमार व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# छत्तीसगढ़ की कोयला खदान में डोजर पुश माइनिंग का सफल परीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** खनन उद्योग के लिए एक अभूतपूर्व उपलब्धि में सीएसआईआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीआईएमएफआर) ने भारत में पहली बार उन्नत डिजिटल तकनीकों को एकीकृत करते हुए डोजर पुश माइनिंग विधि के लिए पहला ट्रायल ब्लास्ट सफलतापूर्वक किया है। सीएसआईआर-सीआईएमएफआर द्वारा विकसित इस अभिनव दृष्टिकोण का उद्देश्य खनन प्रक्रियाओं में सुरक्षा और परिचालन दक्षता को बढ़ाना है।

# शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने सावित्रीबाई फुले की जयंती पर श्रद्धा सुमन किये अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नेशनल एजुकेशनल मीडिया नेटवर्क के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष, शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने संघ के मुख्यालय बरवाला में भारत की महान समाज सेविका ओर देश की प्रथम महिला शिक्षिका स्वर्गीय माता सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती पर कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्री वत्स ने राजधानी दिल्ली के नरेला में सावित्रीबाई फुले के नाम पर महिला कालेज खोलने की भी मांग सरकार से की है। अपने संबोधन में श्री वत्स ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने विषम परिस्थितियों में महिलाओं की शिक्षा के लिए देश का प्रथम स्कूल खोला और महिलाओं की शिक्षा के लिए प्रथम शिक्षिका के दायित्व को भी वहन किया। तत्कालीन सामाजिक परिवेश में स्त्री शिक्षा की बात करना भी असंभव था जिसे सावित्रीबाई फुले ने समाज के विरोध ओर तिरस्कार के बावजूद संभव कर दिखाया। एक समाज सेविका के रुप में सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं की मुक्ति, विधवा विवाह ओर स्त्री शिक्षा के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके पति महान समान सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले ने भी उन्हें इस पुनीत कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। सावित्रीबाई फुले ने अस्पृश्यता उन्मूलन जैसा महान कार्य भी किया। लेकिन इस दम्पत्ति को उनके समाज के प्रति किए गए अविस्मरणीय योगदान के बावजूद राष्ट्रीय पहचान और सम्मान नहीं मिला।



# केजरीवाल व आतिशी शासन की विफलता का एक नमूना: प्रवीण कपूर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि पंजाबी बाग फ्लाईओवर जिसका आज उद्घाटन कर मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना ने अपनी सरकार के लिए खुद तालियां बजाई वह असलियत में अरविंद केजरीवाल एवं आतिशी मालेर्ना शासन की विफलता का एक और नमूना है।

दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की दिल्ली की जनता इस पंजाबी बाग फ्लाईओवर पर मुख्यमंत्री से 2 सवालों का जवाब चाहती है, मुख्यमंत्री बतायें की क्या इस फ्लाईओवर का उद्घाटन अपनी तय डेडलाइन दिसम्बर 2023 से पूरा एक साल विलम्ब से हुआ है जिस कारण इसकी लागत भी बढ़ी हैं? मुख्यमंत्री बतायें की उनका इस फ्लाईओवर की लागत में 40 करोड़ रूपए की बचत का दावा गलत नहीं है क्योंकि फ्लाईओवर प्रोजेक्ट के साथ जुड़े अंडरपास एवं फुटपाथों का निर्माण ही नहीं किया गया है? दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि आम आदमी पार्टी सरकार बौखला गई है और जल्दबाजी में आधे-अधूरे प्रोजेक्टों का उद्घाटन कर रही है, गत माह शाहदरा विधानसभा में भी एक अधूरे फ्लाईओवर का उद्घाटन कर रही है। फ्लाईओवर के उद्घाटन में मादीपुर के विधायक गिरिश सोनी को ना बुलाकर मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना ने ओछी राजनीति की।



# विधायक संजीव झा का दस साल का कार्यकाल, बुराड़ी हुआ बेहाल: शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली के सभी घटक दल जोरों-शोरों से दिल्ली की सत्ता को पाने की जुगत में लगे हुए है।

जहां एक ओर दस साल से दिल्ली की सत्ता से दूर रहने के बाद कांग्रेस ज्यादा से ज्यादा सीटें बटोरना चाहती है, तो वहीं दूसरी ओर भाजपा भी दिल्ली की सत्ता से लगभग पच्चीस साल दूर रहने के बाद दिल्ली में अपना मुख्यमंत्री काबिज़ करना चाहती है। जिसको लेकर भाजपा के शीर्ष नेता भी लोगों के बीच हाजरी लगा रहे है। इसके साथ ही केजरीवाल की आम आदमी पार्टी दिल्ली की सत्ता में बने रहने के लिए तरह-तरह के प्रलोभन दे रही है।

इसी कड़ी में बुराड़ी विधानसभा में टिकट के बंटवारे को लेकर भी काफी असमंजस चल रही है। पेंच यहां पर यह फंसा हुआ है कि बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से टिकट किसे मिलेगी? भाजपा के किसी कार्यकर्ता को मिलेगी या फिर गठबंधन से जेडीयू के शैलेंद्र कुमार को?

**कमल ही तीर है तीर ही कमल है का गुंजा नारा:** इस मुद्दे को लेकर बुराड़ी क्षेत्र में रहने वाले व जेडीयू नेता कमल शर्मा ने कहा कि भाजपा और जेडीयू में कोई अंतर नहीं है, क्योंकि हम तो पहले से ही बोलते आ रहे है कि कमल ही तीर है और तीर ही कमल है। कमल शर्मा ने वार्ता के दौरान बताया कि मैने बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से विधायक का चुनाव भी लड़ा है, चूंकि मैं जानता हूं कि बुराड़ी में कोई एक समस्या हो तो गिनवाई भी जा सकती है, बुराड़ी में अनेकों अनेक समस्याएं है। शर्मा ने कहा कि बुराड़ी में लोगों को पीने तक का पानी नहीं मिल रहा है, सड़कें पूरी तरह से टूटी-फूटी पड़ी हुई है, इसके अतिरिक्त अगर सुरक्षा के लिहाज से बात करें तो बुराड़ी पुरी तरह से असुरक्षित है।

**जेडीयू में सीट जाने से भाजपा कार्यकर्ताओं को कोई गुरेज नहीं:** एक सवाल के जवाब में कमल शर्मा ने बताया कि गठबंधन में सीट जाने से भाजपा के कार्यकर्ताओं में कोई नाराजगी नहीं है, क्योंकि कमल ही तीर है और तीर ही कमल है, जब दोनों एक है तो कार्यकर्ताओं को भी कोई गुरेज नहीं है। शर्मा ने आगे बताया कि शैलेंद्र कुमार जमीन से जुडें हुए नेता है तभी जेडीयू में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष है और वह कई समाजिक संस्थाओं व बुद्धा फांउडेशन के माध्यम से जन सेवा करते आए है।

**दस साल विधायक फेल:** वार्ता के दौरान कमल शर्मा ने कहा कि बुराड़ी क्षेत्र का विकास केवल कागजों तक ही सिमट कर रह गया है, जमीनी स्थर पर बुराड़ी आज भी विकास की बांट जौं रहा है। पिछलें दस सालों में आप विधायक संजीव झा ने विकास को लेकर बस लोगों को बेवकूफ बनाने के अलावा कुछ नहीं किया है।



# मथुराः अनियोजित रिहायस को रोकने में एमवीडीए के फूले हाथ पांव



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः ब्रज** रज उड मस्तक लगे मुक्ति मुक्त है जाए। ब्रज रज की महिमा का बखान सूर से रसखान तक ने किया है। अब यह बखान प्लाट और मकान की मार्केटिंग के लिए मुफीद साबित हो रहा है। हर कोई यहां बसने को आतुर है, या अपने लिए जमीन का एक टुकड़ा जरूर चाहता है जिससे वह खुद के ब्रजवासी होने का अहसास कर सके और प्रभु के करीब होने का भी। एक तरफ सरकार हेरिटेज सिटी बसाने जा रही है तो वहीं हरे भरे खेतों में बाउंड्री खींच कर दो चार बीघा जमीन को घरने के बाद उसमें कॉलोनी बसाने की बात कह कर बिना किसी बुनियादी सुविधा का ध्यान रखे और मानकों का की परवाह किये बिना धुआंधार प्लॉटिंग की जा रही है। इसका असर यह हुआ है कि सडकों के किनारे अब खेत दिखना बंद हो गया है। खेतों में बाउंड्री खिंची दिखती हैं और किसी तरह से कृषि भूमि की घेराबंदी की जुगत भिडाते लोग आपको यहां वहां नजर आएंगे। हालांकि एमवीडीए और दूसरे जिम्मेदार विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है लेकिन यह कार्यवाही न केवल अपर्याप्त है बल्कि प्रभावी भी साबित नहीं हो रही है। यहां तक कि जिन अविकसित कॉलोनियों को एमवीडीए मानक विहीन बता कर बुल्डोजर कार्यवाही करता है, वहां कुछ सप्ताह या एक दो महीने बाद फिर काम शुरू हो जाता है। एमवीडीए के लिए यह कहावत चल निकली है कि प्रभावशाली लोग तो इस कार्यवाही को कार्यवाही ही नहीं मानते हैं। वीके अग्रवाल, शिव कुमार शर्मा, अनूप मिश्रा, सत्यपाल अरोड़ा मौजा रजवारी छाता गोवर्धन रोड पर दांई ओर (कृष्णा वाटिका कॉलोनी) छाता थाना छाता मथुरा पर लगभग पांच एकड़ भूमि पर बाउंड्रीवाल व रोड पर दुकानों का निर्माण करते हुए प्लॉटिंग का कार्य किया जा रहा था एमवीडीए ने इसे अवैध बताते हुए जेसीबी से तोड दिया है। वहीं संजीव झा आदि द्वारा दिल्ली आगरा हाइवे अकबरपुर से मथुरा की तरफ एचपी पेट्रोल पंप के पास मौजा अकबरपुर छाता थाना छाता मथुरा पर लगभग तीन बीघा भूमि पर प्लॉटिंग गई। अवैध कॉलोनियों के अन्तर्गत सड़क व बाउंड्रीवाल आदि का विकास कार्य करते हुए भूखंडों का विक्रय किए जाने पर प्राधिकरण द्वारा उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए निर्माणकर्ता को विकास कार्य बंद करते हुए अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किए गए। निर्धारित अवधि में निर्माणकर्ता के उपस्थित न होने पर दोनों वादों में सक्षम प्राधिकारी द्वारा ध्वस्तीकरण आदेश पारित किए गए।

सक्षम प्राधिकारी द्वारा पारित ध्वस्तीकरण आदेश के अनुपालन में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को अवर अभियंता अनिल सिंघल, अवर अभियंता सुनील राजौरिया, प्रवर्तन दल एवं थाना छाता पुलिस बल की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

# मुठभेड़ः एक ही रात में दो स्थानों पर पुलिस से भिड़े बदमाश

**मथुरा।** जनपद में पुलिस और बदमाशों की भिड़ंत का सिलसिला रूक नहीं रहा है। आए दिन पुलिस के साथ बदमाशों की मुठभेड़ हो रही है। गुरुवार की रात को मथुरा जनपद में दो स्थानों पर पुलिस के साथ बदमाशों की मुठभेड़ हुई। जिसमें गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गये जबकि कुछ तीन बदमाशों को पुलिस ने इस दौरान गिरफ्तार किया है। थाना जैत पुलिस ने मोबाइल व मोटरसाइकिल छीनने व चोरी करने वाले दो अभियुक्तों विनोद उर्फ सोनू पुत्र लाखन उर्फ लक्खो निवासी ग्राम नाहरा थाना बरसाना व रितिक पुत्र छीतो निवासी ग्राम बरौठ थाना नौहझील को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस के साथ चोरों की मुठभेड़ देवी आटस रोड से भरतीया



गांव जाने वाले बम्बे के किनारे वाले रास्ता पर हुई। पुलिस की गोली लगने से विनोद घायल हो गया। जबकि उसके साथी को पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया। इनके कब्जे से चोरी के 11 मोबाइल फोन, चार मोटरसाइकिल, एक तमंचा, दो खोखा कारतूस व दो जिन्दा कारतूस बरामद हुए हैं। विनोद के खिलाफ जैंत, राया व वृंदावन थानों में आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस की दूसरी मुठभेड़ थाना कोसीकला पुलिस टीम की हुई। कार्यवाही में एक अन्तर्राज्यीय शातिर मोटरसाइकिल चोर को पुलिस ने मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### उपराष्ट्रपति ने एस्टर वॉलयंटिर की ओर से 50वें मोबाइल मेडिकल क्लिनिक को लॉन्च किया

**नई दिल्ली :** Aster Volunteer, Aster DM हेल्थकेयर का ग्लोबल CSR (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) संगठन है, ने श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर के अलावा कर्नाटक के कलबुर्गी में वंचित जनसंख्या को मुफ्त चिकित्सा सेवाएँ देने के लिए दो IoT-संवर्धित मोबाइल मेडिकल क्लीनिक और टेली-मेडिसिन सेवाओं को लॉन्च किया। इसके साथ ही Aster Volunteer, के मोबाइल क्लिनिक्स की कुल संख्या 50 हो गई है। यूनिट्स का उद्घाटन भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया। इस अवसर पर Aster DM हेल्थकेयर की प्रबंध निदेशक और ग्रुप उएड अलीशा मूपेन, अ२३ी१ उ्द हेल्थकेयर लिमिटेड के निदेशक अनुप मूपेन और अ२३ी१ उ्द हेल्थकेयर लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक और ग्रुप हेड झ कॉर्पोरेट गवर्नेंस श्री टीजे विल्सन भी मौजूद थे। इस पहल को देश के ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँचाने में सहायता करने के लिए, भारतीय लॉन टेनिस संघ के उपाध्यक्ष और दिल्ली में मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह तोमर स्वेच्छा से सहमत हुए हैं। यह लॉन्च Aster Volunteer, की एक जरूरी पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य उत्तर भारत और उसकी सीमा पर रहने वाले समुदाय तक चिकित्सा देखभाल की पहुँच को बेहतर बनाना है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने कहा, इन मोबाइल मेडिकल क्लिनिक्स की शुरूआत एक जरूरी पहल है, जो वंचित आबादी के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच को बढ़ाने के लिए एक जरूरी कदम है, जो इस समय की जरूरत है। यह पहल सिर्फ जरूरी चिकित्सा सेवाएँ देने में नहीं, बल्कि हमारे देश और उसके बाहर स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के व्यापक लक्ष्य को पूरा करने में भी प्रभावी साबित हो रही है। टेक्नोलॉजी और मोबिलिटी का एक साथ इस्तेमाल, सबसे दूर-दराज के स्थानों में भी उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करना सराहनीय है। मैं Aster Volunteer, की दृष्टि और समर्पण की सराहना करता हूँ, जो इस कोशिश में रत हैं, और यह दया और जिम्मेदारी की मूल्यों को दर्शाता है।

### गांजे के साथ युवक पकडा

मथुरा। बरसाना पुलिस ने एक व्यक्ति को 250 ग्राम गांजा व 1500 रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना बरसाना अरविन्द कुमार निर्वाल के मुताबिक बरामद किये गये पैसे भी गांजा बेचकर कमाए थे। थाना बरसाना पुलिस टीम की चैकिंग के दौरान ललिता सखी ब्याहुला स्थल के पास कच्चे रास्ते पर झोपडी से सूखा पुत्र गोविन्दराम निवासी ऊंचा गांव थाना बरसाना को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को आरोपित का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है।

### योध्या में दिखा ठंड का असर, फिर भी नहीं डिगे आस्था में भक्तों के पग

**अयोध्या**

**कैलेंडर वर्ष** के पहले दिन बुधवार को श्री राम जन्मभूमि मंदिर में 3 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने माथा टेका और हनुमान गढ़ी पर भी देर रात्रि तक भारी भीड़ उमड़ी रही। शुक्रवार सुबह में भी हजारों श्रद्धालु श्रीराम लला के दर्शन की अभिलाषा में पंक्तिबद्ध होकर अपनी बारी की प्रतीक्षा में धैर्य के साथ कदम-कदम आगे बढ़ रहे थे। न उन्हें हांड़कंपाती सर्दी की परवाह थी न ही बदन चीरती शीत लहर की। सबकी बस एक ही लालसा कि किसी तरह उन्हें आराध्य के दर्शन मिल जाएं। मौसम की निरन्तर प्रतिकूलता के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर चल रहा है। श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के आसपास का पूरा क्षेत्र श्रद्धालुओं से भर जा रहा है। पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार कैलेंडर वर्ष के पहले दिन 1 जनवरी को 3 लाख से अधिक, 2 जनवरी को 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन किए। आज शुक्रवार को भी लगभग एक लाख श्रद्धालुओं के दर्शन की बात कही जा रही है।राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान राम को प्रतिष्ठित हुए 342 दिन पूरे हो चुके है। लगभग 3 करोड़ 8 लाख राम भक्तों ने मंदिर में दर्शन किया है। बीते 25 दिसंबर क्रिसमस के दिन 1 लाख 33 हजार, नव वर्ष 2025को 3लाख से अधिक राम भक्तों ने राम लला का दर्शन किया हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा के बाद से औसतन 80 हजार श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन रामलला का दर्शन किया हैं।

## फर्जी आधार कार्ड रखने पर दो गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने दो युवकों को फर्जी आधार कार्ड रखने के जुर्म में गिरफ्तार किया है। दोनों युवकों के पास से एक एक आधार कार्ड बरामद हुए जो कि फर्जी थे। प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन विनोद बाबू मिश्रा के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर देवसेरस की ओर जाने वाले बम्बे की पहली पुलिया से वांछित दो अभियुक्तों सत्यप्रकाश उर्फ सत्तो पुत्र रमेश निवासी देवसेरस थाना गोवर्धन तथा जयप्रकाश उर्फ जेपी पुत्र रमेश निवासीगण देवसेरस थाना गोवर्धन को गिरफ्तार किया गया है। ये लोग दूसरे राज्यों में जाकर गरीब लोगों को रुपयों का लालच देकर उनके दस्तावेजों पर सिम कार्ड निकालते हैं।

# डग्गामार से डग्गेमारी, इनकी जरूरत उनकी हुकूमत

## हाईवे पर यातायात के लिए असुरक्षित डग्गामार वाहनों से हो रही अवैध वसूली

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः दिल्ली** आगरा हाईवे पर मथुरा की सीमा में डग्गामार सवारी वाहनों की भरमार है। इसे लेकर गई बार रोडवेज कर्मचारियों ने भी आवाज उठाई है लेकिन कार्यवाही हो नहीं पाती। इसकी बड़ी वजह इन डग्गामार से होने वाली अवैध वसूली है। हालांकि यह सब मिल कर यात्रियों की सुरक्षा पर भारी पड रहा है। मथुरा कोसीकला से हरियाणा की सीमा तक ऐसे वाहन तोडते हैं वहीं गोवर्धन चौराहा, मंडी चौराहा, टाउनशिप से आगरा और कोसीकला तक वाहन दौड़



रहे हैं। इनके न खडे होने की कोई समुचित व्यवस्था है और नहीं किराया वसूलने की कोई तय सीमा, सस्ती यात्रा का लालच गई बार यात्रियों को भारी भी पड़ रहा है। ये वाहन हाइवे पर हादसों का कारण भी बन रहे हैं और यात्रियों की सुरक्षा के लिए खतरा भी। हालांकि इन्हें संचालित कराने के लिए भी एक पूरा रैकेट काम कर रहा है जो इनके खिलाफ कार्यवाही को रोता है या कार्यवाही के बाद फिर से उन्हें सड़क पर उतरने का हौसला देता है। इसकी ऐवज में इन डग्गामार वाहनों से मोटी रकम प्रति दिन व महीने के हिसाब से वसूली जाती है। यह रकम इन डग्गामार वाहन स्वामियों की कुल कमाई का 30 से 40 प्रतिशत तक होती है। वसूली करने वाले लोग प्रभावशाली किसी नेता या जनप्रतिनिधि के बेहद करीबी और खास होने का दावा करते हैं और डग्गामार वाहन चलाकों को किसी भी परेशानी से बचाने की गारंटी देते हैं। हालांकि पुलिस और दूसरे विभागों से भी यह सब छिपा नहीं है लेकिन सब छिपी नजरों से इसे अनदेखा करते हैं। वसूली के ऐवज में हाइवे पर वाहनों को खडा करवाने, उन्हें भरवाने और किसी भी कार्यवाही से इन्हें बचाने का वायदा किया जाता है।

# गोवर्धन क्षेत्र में कार ने ऑटो में मारी टक्कर, पांच घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः गोवर्धन** रोड गांव आर्डिंग के समीप कौहरे के कारण टेंपो एवं कार आपस में भिड़ गईं। शुक्रवार की सुबह घना कोहरा था। हादसे में पांच घायल घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, खबर लिखे जाने तक तीन की हालत चिंता जनक बताई जा रही थी। सड़क हादसा मथुरा गोवर्धन मार्ग बाईपास पर हुआ। शुक्रवार की सुबह एक्सयूवी कार सवार आगरा से गोवर्धन परिक्रमा करने जा रहे थे। जैसे ही कार अडींग बाईपास के समीप पहुंची तो



घने कोहरे के कारण गोवर्धन से आ रहे टेंपो से जा टकराई। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद अडींग पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। घायलों को पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सरकारी अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटना के बाद यात्रियों में कोहराम मच गया। यात्रियों का शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण घटना स्थल की ओर दौड़े।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**मथुरा।** सादाबाद मथुरा मार्ग पर बाइक सवार युवक को किसी अज्ञातवाहन ने टक्कर मार दी। हासदे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान आकाश कुमार निवासी नागबाई मानिकपुर जलेसर के रूप में हुई है। आकाश अपनी बुआ के यहां नगला हर जीवन में रह रहा था। शुक्रवार की सुबह महावन जिम करने के लिए घर से निकला तो रास्ते में ओमी वाली बगीची के पास किसी अज्ञात वाहन ने आकाश की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। राहगीरों ने हादसे की सूचना इलाका पुलिस को दी। कुछ समय बाद इलाका पुलिस मौके पर पहुंच गई। थाना अध्यक्ष महावन डेजी पवार ने बताया किसी अज्ञात वाहन के द्वारा युवक को टक्कर मार दी गई है।

# मेला क्षेत्र में शिविरों को मिलेंगी सभी सुविधाएं

## संस्थाओं को सुविधा देने में मेला प्राधिकरण अपना रहा पारदर्शी

**महाकुम्भ नगरः महाकुम्भ को भव्य** और दिव्य बनाने में जुटी योगी सरकार मेला क्षेत्र में लगने वाले शिविरों को भी तमाम तरह की सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। इसमें शौचालय से लेकर पीने योग्य पानी और बिजली आपूर्ति जैसी आवश्यक सेवाएं भी सम्मिलित हैं। सुविधा पर्ची के माध्यम से यह सभी सुविधाएं मिल रही हैं या नहीं, इसको लेकर योगी सरकार ने पारदर्शी प्रक्रिया के तहत सत्यापन की व्यवस्था की है। हालांकि, इसे और मजबूती देने के लिए मेला प्राधिकरण की ओर से सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया गया है कि वे पूरे मेला के दौरान तीन बार सभी संस्थाओं का सत्यापन करेंगे, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें वे सभी सुविधाएं मिल रही हैं या नहीं जिसकी उन्हें आवश्यकता है। ये तीनों सत्यापन अलग-अलग समय में किए जाएंगे। पूरे 45 दिन चलेगी सत्यापन की प्रक्रियाप्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को दिए गए निर्देशों में कहा गया है कि भूमि और सुविधा आवंटन सॉफ्टवेयर में जितनी संस्थाओं को भूमि और सुविधाओं का आवंटन हुआ है, उनका समय सारणी के अंतराल पर कम से कम तीन बार सत्यापन कर अपडेट किया जाए। पहले सत्यापन 12 जनवरी से 4 फरवरी के मध्य किया जाना

**आवश्यक**

▶▶ शौचालय से लेकर पीने योग्य पानी और बिजली आपूर्ति जैसी आवश्यक सेवाएं भी सम्मिलित हैं

निर्धारित है, जबकि दूसरा 5 फरवरी से 12 फरवरी के मध्य और तीसरा सत्यापन 13 से 26 फरवरी के मध्य किया जाएगा।

इसमें संस्था का नाम, औसतन कल्पवासियों की संख्या, संस्था द्वारा किए गए भंडारों तथा भंडारों में प्रतिभागियों की संख्या, संस्था द्वारा किए गए प्रवचनों की संख्या, संस्था में अनुमानित आगंतुकों की संख्या और संस्था द्वारा कितनी अवधि के लिए शिविर लगाया गया जैसे विवरण का सत्यापन किया जाएगा। इस तरह 45 दिन चलने वाले मेला के दौरान पारदर्शी तरीके से सत्यापन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। सॉफ्टवेयर में फीड किया जाएगा डाटा सत्यापन का उद्देश्य यही है कि जिन संस्थाओं को भूमि एवं सुविधाएं आवंटित की गई हैं, उनके द्वारा दिए प्रस्ताव के क्रम में गतिविधियां हो रही हैं कि नहीं, इससे उनका सत्यापन हो जाएगा तथा उन संस्थाओं का अपडेट भी सॉफ्टवेयर पर फीड हो जाएगा।

# तीन दोस्त लगातार चुरा रहे थे मोटरसाइकिल

## एक साथ पकड़ा तो उगल दीं आधा दर्जन से अधिक चोरी की वारदात,

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः थाना** कोसीकलां पुलिस ने एक अभियुक्त मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल, मास्टर चाबी व एक तमंचा, खोखा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किये हैं। कोसीकलां पुलिस टीम ने नई कोसी कामर रोड पर देहगांव तिराहे पर ग्राम कामर एव देहगांव की तरफ जाने वाले रास्ते पर चैकिंग के दौरान अभियुक्त सरफराज पुत्र ताहिर निवासी खैडला थाना पुन्हाना जिला नूह हरियाणा को एक चोरी की

**काबू**

▶▶ पुन्हाना जिला नूह हरियाणा को एक चोरी की स्पलेन्डर मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया।

स्पलेन्डर मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकलां अजीत सिंह ने बताया कि सरफराज अपने अन्य दो साथियों तालिम पुत्र हाकम निवासी खेडला थाना पुन्हाना जिला नूह, मक्कू पुत्र अज्ञात निवासी जखोखर थाना जुरहैडा जिला डींग राजस्थान के साथ मिलकर कोसी व आस पास के क्षेत्रो से पिछले काफी समय से मोटर साइकिलें चोरी कर रहा है। चोरी की मोटरसाइकिलों को ये लोग मिलकर मेवात क्षेत्र में ले जाकर जुन्नी व सोहिल व जुनैद निवासीगण लिहंगा थाना पुन्हाना मेवात को बेच देते है। तीनो ने मिलकर इससे पहले कोसी से 16 दिसम्बर 2024 को एचडीएफसी बैंक के पास के स्पलैण्डर मोटर साइकिल व 11 दिसम्बर 2024 को कोसी में बृजवासी मिठाई की दुकान के पास से शाम को स्पलैण्डर मोटरसाइकिल, पांच दिसम्बर 2024 को गिडोह गांव से एचएफ डीलक्स, तीन दिसम्बर 2024 को बठैनगेट पुल के पास से सुबह स्पलैण्डर मोटर साइकिल, 18 नवम्बर 2024 को रतना सागर होटल से एक स्पलैण्डर, आठ नवम्बर 2024 को नन्दगांव रोड से एक फैक्टरी के बाहर से स्पलैण्डर व अन्य मोटर साइकिलें भी चोरी की हैं इसके आलवा 2 जनवरी 2024 भी कोसी के एक मन्दिर से इस मोटर साइकिल को चोरी की थी। इसके खिलाफ आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# अट्ठारह जनवरी से कांग्रेस निकालेगी किसान मजदूर सम्मान यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः प्रदेश कांग्रेस** मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में आगामी 18 जनवरी से निकाली जाने वाली किसान मजदूर सम्मान एवं न्याय यात्रा से सम्बन्धित तैयारी बैठक संपन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज वर्तमान की केन्द्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार दोगुनी गति से किसानों, मजदूरों, मेहनतकशों, महिला किसान-मजदूर एवं कारीगरों का दमन शासन व प्रशासन के रूप में भिन्न-भिन्न तरीकों से कर रहा है। किसान आंदोलन के समय केन्द्र सरकार ने देश के सभी किसानों को एम.एस.पी की कानूनी गारंटी का वादा किया था आज उस पर सरकार मौन है। उसी किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों के परिवारों को आज तक मुआवजा नहीं मिला, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी ने सार्वजनिक रूप से खालिस्तानी एवं आंदोलनजीवी कहकर उनकी शहादत का अपमान किया। उन्होंने कहा कि किसान कांग्रेस इस किसान मजदूर सम्मान एवं न्याय यात्रा के जरिए प्रमुख रूप से - एम.एस.पी की कानूनी गारंटी, लागत बोर्ड का गठन, किसानों की कर्ज माफी, सीलिंग से बची भूमि का न्याय पूर्ण वितरण, खाद-बीज एवं उर्वरकों की सब्सिडी, सिंचाई हेतु बिजली की आपूर्ति, आवारा पशुओं से फसल को बचाने के लिए सरकारी इंतजाम एवं किसानी से जुड़े क्षेत्रीय मुद्दों को उठाते हुए जनता को जागरूक करने एवं एकजुट करके किसान एवं मजदूरों के हक दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में अलग-अलग तिथियों में निकाली जाएगी।

**सम्मेलन**

▶▶ यात्रा के समापन के बाद प्रदेश के सभी 75 जिलों के 22500 किसान योद्धाओं का सम्मेलन किया जायेगा।

किसान मजदूर सम्मान एवं न्याय यात्रा को उत्तर प्रदेश में सुनियोजित एवं अनुशासित ढंग से संपन्न करने के हेतु अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटरों को मण्डल स्तर पर समन्वयक, राष्ट्रीय पदाधिकारियों सहित देश के अन्य प्रांतों से किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों को जिले स्तर पर समन्वयक बनाया गया है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश से किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों को जनपद स्तर पर संयोजक बनाकर यात्रा के सफल संचालन का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। बैठक को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला ने कहा कि यह यात्रा प्रदेश में आगामी 18 जनवरी 2025 को गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर से शुरू होगी। उसके बाद निर्धारित तिथियों में यात्रा के लिए नियुक्त संयोजकों के नेतृत्व में एवं राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में प्रदेश के प्रत्येक जनपद में यात्रा निकाली जायेगी। यात्रा के दौरान प्रत्येक जनपद से 300 किसान न्याय योद्धा बनाये जायेंगे। यात्रा के समापन के बाद प्रदेश के सभी 75 जिलों के 22500 किसान योद्धाओं का सम्मेलन किया जायेगा। श्री शुक्ल ने कहा कि अगले 1 वर्ष में हम हर विधानसभा में 300 किसान न्याय योद्धा बनायेंगे।

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने नए वर्ष 2025 के पहले दिन किया आईडीएफसी फर्स्ट एकेडमी का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडाः** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने आईडीएफसी फर्स्ट एकेडमी का शुभारंभ किया है। यह वित्तीय साक्षरता बढ़ाने पर आधारित एक व्यापक पहल है और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपलब्ध है। यह एकेडमी बैंक के वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के मिशन को दशार्ती है, ताकि लोग अपने वित्तीय मामलों का प्रबंधन बेहतर ढंग से कर सकें।

प्रतिभागी आईडीएफसी फर्स्ट एकेडमी के कोर्सेस को डेस्कटॉप या मोबाइल में ब्राउजर पर आसानी से एक्सेस कर सकते हैं। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के ग्राहकों के लिए यह सुविधा मोबाइल बैंकिंग ऐप पर भी उपलब्ध है।

आईडीएफसी फर्स्ट एकेडमी ने कठिन वित्तीय विषयों को छोटे-छोटे मॉड्यूल्स में प्रस्तुत किया है। ये मॉड्यूल्स न सिर्फ आसान, बल्कि समझने योग्य भी हैं। इसका कॉन्टेंट काफी सरल है, जिसे विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन किया गया है। ऐसे में, इसे जल्दी और प्रभावी ढंग से सीखा जा सकता है। यह विभिन्न लर्निंग माध्यमों में उपलब्ध है, जिसमें ब्लॉग्स, वीडियो और इंटरएक्टिव क्विज शामिल हैं। साथ ही, इसमें वास्तविक जीवन की परिस्थितियों पर आधारित गतिविधियाँ भी शामिल हैं, जो व्यावहारिक समझ को बढ़ाने में मदद करती हैं।

इसके साथ ही, यह सर्टिफिकेशन प्रोग्राम्स भी शामिल करता है, जो प्रतिभागियों के सीखने को मान्यता देते हैं।

यह प्रोग्राम तीन स्तरों में विभाजित हैः फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और एडवांस्ड। आईडीएफसी फर्स्ट एकेडमी में 35 कोर्सेस हैं।




## पीएम के नेतृत्व में देश में बनी नई खेल संस्कृति : योगी

### गोरखपुर में पहले मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में देश के अंदर एक नई खेल संस्कृति बनी है। पीएम मोदी ने खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट, सांसद खेल स्पर्धा के माध्यम से खेल की नई संस्कृति को आगे बढ़ाया है तो प्रदेश में राज्य सरकार भी खिलाड़ियों और खेल की गतिविधियों को लगातार प्रोत्साहित कर रही है। सीएम योगी शुक्रवार को दोपहर बाद महानगर के भाटी विहार कॉलोनी में बने गोरखपुर के पहले मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के क्रम में राज्य सरकार ने ग्रामीण खेल लीग शुरू किया है। युवक मंगल दलों और महिला मंगल दलों के जरिये गांवों में खेलों का माहौल तैयार किया जा रहा है। हर गांव में खेल के मैदान बनाए जा रहे हैं। ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम और जिला स्तर पर स्टेडियम बनाने के लिए जमीन व धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गोरखपुर में एक इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम बनाने जा रही है। इसके अलावा कुछ माह में राप्ती नगर क्षेत्र में 33 एकड़ में एक बड़ा स्पोर्ट्स सेंटर भी बनना शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि सहजनवा में एक मिनी स्टेडियम का निर्माण चल रहा है। अन्य क्षेत्रों में भी मिनी स्टेडियम बनाने की प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाटी विहार के मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का संचालन पीपीपी मोड पर कराया जाएगा।



**सुविधा**

▶▶ पीपीपी मोड पर होगा इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का संचालन, खिलाड़ियों को मिलेगी उत्कृष्ट सुविधा : सीएम

## वीरों की याद में आयोजित मेला किसी त्योहार से कम नहीं: मुख्यमंत्री धामी

**याद किया**

▶▶ मुख्यमंत्री ने वीर शिरोमणि माधोसिंह भंडारी राजकीय औद्योगिक कृषि विकास मेले का किया शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई टिहरी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद टिहरी गढ़वाल के मलेथा में वीर शिरोमणि माधोसिंह भंडारी की स्मृति में आयोजित पांच दिवसीय राजकीय औद्योगिक कृषि विकास मेले का शुभारंभ किया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री ने इसे एक त्योहार से कम नहीं बताया। मुख्यमंत्री ने मेले में विभिन्न विभागीय स्टालों का निरीक्षण किया और स्कूली बच्चों तथा एनसीसी कैडेट्स की ओर से निकाली गई मार्च पास्ट रैली को सलामी दी। उन्होंने मलेथा में वीर शिरोमणि माधोसिंह भंडारी के स्मारक में उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद वीर माधोसिंह भंडारी की ओर से निर्मित ऐतिहासिक गुल को देखकर उन्हें नमन किया।



मुख्यमंत्री ने किया मुख्यमंत्री आवास परिसर में ट्यूलिप बल्ब का रोपण

## सीएम योगी का सटीक निशाना, पहली ही बार 'बुल्स आई'

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर।** गोरखपुर के भाटी विहार कॉलोनी में नवनिर्मित मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके शूटिंग रेंज में राइफल से लक्ष्य पर निशाना भी साधा। उनकी सटीक निशानेबाजी देख साथ में मौजूद लोग हतप्रभ रह गए। मुख्यमंत्री ने पहली ही बार में बुल्स आई टारगेट कर दिया, यानी सौ फीसद सटीक लक्ष्य पर ही निशाना। मुख्यमंत्री की खेलों के प्रति खासी दिलचस्पी है। इसमें भी पारंपरिक भारतीय खेलों के साथ निशानेबाजी से उनका लगाव कई बार सार्वजनिक देखा जाता है। जब भी वह सैन्य प्रदर्शनियों और खेल एकेडमी या खेल केंद्रों में जाते हैं तो निशानेबाजी के अभ्यास से खुद को नहीं रोक पाते। शुक्रवार को गोरखपुर के भाटी विहार कॉलोनी में मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री जब मल्टीपर्पज हाल में बने शूटिंग रेंज में आए तो उन्होंने दस मीटर रायफल शूटिंग के रेंज पर निशानेबाजी में हाथ आजमाया।




## झारखंड में लगातार चल रही हवा से बढ़ी कंपकंपी

**रांची।** झारखंड में लगातार चल रही हवा ने कंपकंपी बढ़ा दी है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर झारखंड में भी दिख रहा है। हवाओं ने झारखंड में ठंड बढ़ा दी है। राजधानी रांची के कांके में पारा लुढ़क कर 3.3 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, चार, पांच और छह जनवरी को सुबह कोहरा छाया रहेगा। साथ ही आंशिक रूप से बादल छाये रहने की भी संभावना है। राजधानी रांची में शुक्रवार को सुबह में हल्के दर्जे का कोहरा छाया रहा लेकिन बाद में धीरे-धीरे आसमान साफ हो गया।

## महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए जारी हो रहे छह रंग के ई-पास

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भनगर :** महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगम व्यवस्था और सुरक्षा के लिए छह रंग के ई-पास जारी किए जा रहे हैं। पुलिस से लेकर अखाड़े और वीआईपी तक के लिए अलग-अलग रंग के ई-पास जारी किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। कैटेगरी के आधार पर कोटा निर्धारित किया जा रहा है। देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए इस लिहाज से विभागीय स्तर पर नोडल अधिकारी भी नामित किए जा रहे हैं।

**सुरक्षा**

▶▶ वीआईपी के लिए सफेद, अखाड़े के लिए केसरिया और संस्थाओं को जारी किया जा रहा पीला पास

**इस तरह जारी होंगे अलग अलग ई-पास**

उच्च न्यायालय, वीआईपी, विदेशी राजदूत, विदेशी नागरिक और अप्रवासीय भारतीयों के साथ केंद्र, राज्य के विभाग के लिए सफेद रंग का ई-पास जारी किया जा रहा है। अखाड़ों और संस्थाओं को केसरिया रंग का ई-पास प्रदान किया जा रहा है।

### नववर्ष के उपलक्ष्य में मेला प्राधिकरण ने आयोजित किया स्वच्छता मित्र सामूहिक भोज

## सहभागिता के लिये स्वच्छता मित्रों के साथ सामूहिक भोज

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भनगर: प्रया**गराज में आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ 2025 को दिव्य-भव्य के साथ स्वच्छ-महाकुम्भ बनाने का संकल्प मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया है। सीएम योगी के संकल्प को सफल बनाने की दिशा में मेला प्राधिकरण महाकुम्भ में सफाई व्यवस्था और स्वच्छता मित्रों का विशेष ध्यान रख रहा है। इसी दिशाक्रम में शुक्रवार को मेला क्षेत्र में संगम तट के समीप नववर्ष के उपलक्ष्य में स्वच्छता मित्रों के लिये सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।



जिसमें मेला की विशेष कार्याधिकारी आकांक्षा राणा समेत, स्वच्छता और सैनिटेशन विभाग के अधिकारी, कर्मचारीगण व सेक्टर मजिस्ट्रेट ने सामूहिक भोज कर स्वच्छताकर्मियों का उत्साहवर्धन किया और स्वच्छ महाकुम्भ के सीएम योगी के संकल्प को सफल बनाने का प्रण भी लिया।

**सीएम योगी की प्रेरणा से सभी सेक्टरों में होगा स्वच्छता मित्र सामूहिक भोज का आयोजन**

सीएम योगी ने अपने पिछले प्रयागराज दौरे पर समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिये थे कि स्वच्छता महाकुम्भ की पहचान है। स्वच्छ-महाकुम्भ अभियान को सफल बनाने के लिए न केवल स्वच्छता के अच्छे से अच्छे इंतजाम करने होंगे, बल्कि मेले में कार्यरत स्वच्छता मित्रों और उनके परिवार का भी पूरा ध्यान रखना होगा। सीएम योगी के दिशानिर्देशों के मुताबिक मेला प्राधिकरण महाकुम्भ में 1.5 लाख शौचालयों के निर्माण के साथ सफाई के आधुनिक उपकरणों का भी प्रयोग कर रहा है।

साथ ही लगभग 15 हजार स्वच्छता मित्रों और 2 हजार गंगा सेवादूतों की नियुक्ति की जा रही है।

